राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 यूएस कर रहा कानून का उल्लंघनः ट्रंप की....

आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे के लिए इन खिलाड़ियों को.... 11

वर्ष : 17 | अंक : 41 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 जून , 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 39.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 1,59,700

चांदी 2,65,600

सेंसेक्स 74,360.01

निफ्टी 23,416.55

## पीएम मोदी और रोड्रिगेज के बीच अहम बैठक में आर्थिक और तकनीकी साझेदारी पर हुई व्यापक बात

प्रात: किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। पांच दिवसीय दौरे पर भारत आईं वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विस्तृत और व्यापक बातचीत की। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवाएं और ऑटोमोबाइल उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर मंथन हुआ। दोनों देशों ने इस बात पर भी जोर दिया कि आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को और मजबूत किया जाए, ताकि दोनों देशों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बातचीत के दौरान वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों की भूमिका और सहयोग को मजबूत करना आवश्यक है। बैठक में ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों ने माना कि विकासशील देशों को एकजुट होकर आर्थिक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और विकास से जुड़े साझा लक्ष्यों पर काम करना चाहिए। इससे पहले रोड्रिगेज भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मिलीं। मुलाकात के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वे नई दिल्ली में डेल्सी रोड्रिगेज से मिलकर खुश हैं और भारत-वेनेजुएला रिश्तों को मजबूत करने के उनके लंबे समय से चले आ रहे योगदान की वह बहुत कद्र करते हैं। रोड्रिगेज बुधवार को पांच दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंची थीं।

# मालवीय नगर अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता







प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मैक्स अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और उनके बेहतर इलाज के निर्देश दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को 10 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख की सहायता राशि दी जाएगी। मृतकों के पार्थिव शरीरों को उनके पैतृक निवास तक पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दिल्ली सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं तथा इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। वहीं, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भी मालवीय नगर अग्निकांड में घायल हुए लोगों (जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं) से मिलने के लिए मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और एम्स का दौरा किया। बता दें कि विदेश मंत्रालय संबंधित दूतावासों के संपर्क में है और आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने बताया कि यहां कुल 17 लोग हैं। मैं कह सकता हूं कि हम सभी की प्राथमिकता यह थी कि वे सुरक्षित रहें। जिन देशों से वे आए हैं (चाहे वह केन्या हो, कैमरून हो या बांग्लादेश) हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उनका ध्यान रखें और उन्हें उचित चिकित्सा उपचार प्रदान करें। सतीश उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन सभी से बात की है। मैं कल से यहां हूं और मैं संतोष के साथ कह सकता हूं कि आज उनकी हालत कल की तुलना में कहीं अधिक बेहतर और सकारात्मक है। सभी को उचित उपचार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक मरीज ट्रॉमा सेंटर में हैं, जिनका ऑपरेशन किया गया है। सरकार की ओर से पूरी तरह से मॉनिटरिंग की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि इलाज से बेहतर बचाव है। अगर हम किसी चीज को होने से रोक सकते हैं, तो वह किसी भी इलाज से बेहतर है; इसलिए, ऐसी घटनाओं से बचने के लिए हमेशा पहले से ही इंतजाम किए जाने चाहिए। किसी भी घटना पर दुख तो होता ही है लेकिन असली काम यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं न हों। कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने हादसे को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अब जाकर आपकी नींद खुली है, जब 21 लोगों की जान चली गई। मैं अभी भी देख रहा हूं कि करीब 15-16 लोग वेंटिलेटर पर हैं और जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं और अब जाकर आपकी नींद खुली है। इसके लिए जिम्मेदार कौन है? अब तो आप जाग गए हैं लेकिन इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? 21 लोग अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए

प्रात: किरण, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है। इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता। 27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने CBSE 9वीं क्लास में थ्री-लैंग्वेज रूल पर अपनी सुनवाई में कहा कि थ्री-लैंग्वेज रूल लागू करने के फैसले पर जांच की जाएगी। साथ ही रउ ने कहा कि ये देखना होगा कि CBSE के थ्री-लैंग्वेज रूल की वजह से छात्रों और संसाधनों पर बेमतलब का दबाव तो नहीं पड़ रहा। CJI सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि इस पॉलिसी को लागू करने में आने वाली जमीनी और व्यवस्थागत दिक्कतों को समझना होगा, खासकर तब जब शिक्षकों और किताबों दोनों की ही कमी है। सुप्रीम कोर्ट बोला- शिक्षकों को TET पास करना ही होगा सुप्रीम कोर्ट ने 30 मई को स्पष्ट किया कि स्कूलों में काम कर रहे शिक्षकों के लिए टीचर इलिजिबिलटी टेस्ट (TET) पास करना अनिवार्य है। कोर्ट ने TET पास करने की समयसीमा 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि इसके बाद कोई और समय नहीं दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईएसएफ ने मुंबई एयरपोर्ट पर 1.39 करोड़ की विदेशी मुद्रा पकड़ी

मुंबई।मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने नियमित सुरक्षा जांच के दौरान बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब सुरक्षा कर्मियों ने एक्स-बीआईएस सिस्टम पर एक यात्री के सामान की स्कैनिंग के दौरान एक संदिग्ध तस्वीर देखी। संदेह के आधार पर तुरंत यात्री के हैंड बैगेज की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान बैग में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा मिली, जिसे बिना किसी वैध अनुमति के ले जाया जा रहा था। बरामद की गई मुद्रा में कुल 1,45,000 अमेरिकी डॉलर पाए गए, जिसकी भारतीय मुद्रा में अनुमानित कीमत लगभग 1.39 करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि संबंधित यात्री विदेशी नागरिक है और वह मुंबई से इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा की यात्रा पर जा रहा था।

### वाराणसी में ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक शुरू

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक नगरी वाराणसी में गुरुवार से ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नदेसर स्थित तारांकित होटल में शुरू हुई। बैठक का शुभारंभ पारंपरिक रूप ओ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों ने भारत द्वारा संस्कृति ट्रैक के अंतर्गत निर्धारित प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया, जिनमें रचनात्मक अर्थव्यवस्था (क्रिएटिव इकोनॉमी), सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण तथा संस्कृति-आधारित सतत विकास प्रमुख विषय रहे। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया तथा भारत के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## अमेरिका के किसानों के लिए भारत का बाजार खोलने से देश का किसान होगा बबार्दः राहुल गांधी

प्रात: किरण, एजेंसी

देहरादून। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अल्मोड़ा और पौड़ी की जनसभाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार की नीतियों पर करारा प्रहार किया। वर्चुअल संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो सत्ता में आते ही सबसे पहले अग्निवीर योजना को समाप्त कर देंगे। अमेरिका के किसानों के लिए भारत का बाजार खोलने से देश केकिसान बर्बाद हो जाएंगे। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अल्मोड़ा के सिमकनी स्थित एसएसजे विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर परिवर्तन का शंखनाद और पौड़ी में कंडोलिया मैदान पर आयोजित जनसभाओं को संबोधित करना था। पंतनगर से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर ने अल्मोड़ा की ओर उड़ान तो भरी, लेकिन मौसम खराब होने के चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके बाद पंतनगर एयर पोर्ट से फोन के माध्यम राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया। इस बीच पौड़ी कंडोलिया मैदान पर आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन को भी राहुल गांधी ने वर्चुअली ही संबोधित किया। उन्होंने अपने वर्चुअली संबोधन में अल्मोड़ा व पौड़ी की जनसभा में शामिल न होने पर माफी मांगी और विश्वास दिया कि जल्द वे उत्तराखंड का दौरा करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पहले अमेरिका के साथ डील साइन की। इसमें मोदी ने चार चीजें अमेरिका को सौंपी दीं।

## भारत के दरवाजे व्यापारिक साझेदारी के लिए खुले

### अगले छह महीनों में 3 और एफटीए हो जाएंगे लागू

प्रात: किरण, एजेंसी



मुंबई। वाणिज्य और औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि हमारे दरवाजे व्यापारिक साझेदारियों के लिए खुले हुए हैं और एक जून से ओमान के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) लागू होने के बाद अगले छह महीनों में और दो से तीन समझौते लागू हो सकते हैं। देश की आर्थिक राजधानी में ह्मसिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026ह्व में केंद्रीय मंत्री ने कहा, आने वाले वर्ष में लगभग तीन से चार और प्रमुख एफटीए पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और अगले 9-10 महीनों में, पाइपलाइन में मौजूद सभी नौ एफटीए के प्रभावी होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने हालिया पश्चिम एशियाई संकट और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास के जोखिमों के बावजूद निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित की है और महंगाई को नियंत्रण में रखने में सफल रही है। गोयल ने आगे कहा कि भारत ने पहले ही अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना शुरू कर दिया था, जिससे संकट के दौरान आपूर्ति में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेट्रोल, डीजल, विमानन टरबाइन ईंधन, कारखानों के लिए एलएनजी और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि वैश्विक मुद्रास्फीति और ऊर्जा जोखिमों के बढ़ने के बावजूद ईंधन की कीमतों में वृद्धि को सीमित रखा गया है। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार किसानों को उर्वरक अपरिवर्तित कीमतों पर उपलब्ध करा रही है, जिससे संकट के दौरान वैश्विक कीमतों में हुई वृद्धि का प्रभाव कम हो रहा है। गोयल ने आगे कहा कि भारत को विनिर्माण और निवेश के लिए विश्व के विश्वसनीय विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अगले दो दशकों तक विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसके अतिरिक्त, गोयल ने कहा कि भारत असेंबली और आयातित प्रौद्योगिकियों से आगे बढ़कर इनोवेशन का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश डिजाइन, अनुसंधान और विकास, नई तकनीकों और एआई के अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा, भारत डेटा केंद्रों और अन्य उभरते टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में समर्थन देने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा दे रहा है।

## कॉकरोच जनता पार्टी बोली- सीबीएसी चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा

### सरकार से बातचीत को तैयार; दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की, 6 जून को प्रदर्शन

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने बुधवार को दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसी चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए और केवल तबादलों से समस्या का समाधान नहीं होगा। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे। पार्टी ने देशभर के युवाओं से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। पार्टी ने दावा किया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक तंत्र को लेकर युवाओं की बढ़ती नाराजगी को दशार्ता है।

## सेनाओं को सालाना खरीद के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय शक्तियां मिलीं

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फील्ड कमांडरों की वित्तीय सीमा दोगुनी करने को मंजूरी दी

प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेनाओं की परिचालन दक्षता मजबूत करने के लिए फील्ड कमांडरों की वित्तीय सीमा दोगुनी करने को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज 'रक्षा सेवाओं को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन' जारी किया। इसके तहत राजस्व से जुड़ी खरीद के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की सालाना कीमत वाली वित्तीय शक्तियां दी गई हैं। इस फैसले से फील्ड कमांडरों को और ज्यादा अधिकार मिलेंगे, जिससे फैसले लेने की प्रक्रिया तेज होगी और ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा विभाग में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशीकरण, अनुसंधान और विकास के लिए संशोधित वित्तीय शक्तियां दोगुनी कर दी गई हैं। सशस्त्र सेनाओं के लिए संयुक्त खरीद को तेज करने के लिए बढ़ी हुई शक्तियों के साथ नए प्रावधान पेश किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल फील्ड कमांडरों को और ज्यादा अधिकार देगी, जिससे फैसले लेने की प्रक्रिया तेज होगी और आखिरकार हमारी ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ावा मिलेगा। 'रक्षा सेवाओं को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन' जारी करते हुए उन्होंने कहा कि इस नए दस्तावेज का मकसद रक्षा क्षेत्र में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देना और विदेशी निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने में बहुत मददगार साबित होगा, जिसमें लघु उद्योग और स्टार्टअप्स समेत निजी कंपनियों की भी भागीदारी होगी। काम से जुड़े प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए दी गई वित्तीय शक्ति को दोगुना करने से काम तेजी के साथ समय पर पूरा हो सकेगा। वित्तीय शक्तियों के दोगुना करने से मौजूदा साल के बजट आवंटन के अनुसार 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीद आसान हो जाएगी। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का विकेंद्रीकरण करने के लिए कई नए सक्षम वित्तीय अधिकारियों को पेश किया गया है।

### गडकरी बोले, प्रदूषण घटेगा, आयात निर्भरता कम होगी...

## गडकरी और हरदीप पुरी ने देश की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार का शुभारंभ किया




प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ल। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ यहां भारत की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार का शुभारंभ किया। यह पहल मारुति सुजुकी द्वारा की गई है। गडकरी ने इस अवसर पर कहा कि फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों से उत्सर्जन में कमी आएगी, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी और लगभग 1.44 लाख करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा बचत संभव होगी। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर गतिशीलता के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह कदम बायोफ्यूल को बढ़ावा देगा, किसानों को सहारा देगा, ग्रामीण ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा और रोजगार के अवसर पैदा करेगा। परिवहन क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है और इसे कम करना सरकार की प्राथमिकता है। दिल्ली जैसे शहरों में लोग वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से भलीभांति परिचित हैं और इस दिशा में ठोस कदम उठाना जरूरी है। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरदीप सिंह पुरी की विशेष पहल और मारुति सुजुकी जैसी कंपनियों के सहयोग से भारत ने यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है।

### मारुति सुजुकी ने भारत में 100 प्रतिशत एथेनॉल पर चलने वाली पहली गाड़ी वैगनआर फ्लेक्स-फ्यूल को किया लॉन्च

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी ने गुरुवार को भारत में फ्लेक्स-फ्यूल पर चलने वाली पहली गाड़ी वैगनआर फ्लेक्स-फ्यूल को लॉन्च किया। यह गाड़ी ऐसे समय पर पेश की गई है, जब कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। इससे देश को स्वच्छ ऊर्जा की तरफ ट्रांजिशन में मदद मिलेगी। यह नया मॉडल ई20 से लेकर ई100 तक के एथेनॉल-पेट्रोल मिश्रण पर चलने में सक्षम है, जिससे यह भारत में 100 प्रतिशत एथेनॉल पर चलने के लिए डिजाइन किया गया पहला यात्री वाहन बन गया है। कंपनी ने कहा कि यह लॉन्च भारत के पारंपरिक पेट्रोल पर निर्भरता कम करने और परिवहन क्षेत्र में जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है। इस लॉन्च कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी उपस्थित थे, जिन्होंने स्वच्छ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सरकार अपनी वैकल्पिक ईंधन रणनीति के तहत 15 प्रतिशत आइसोब्यूटेनॉल मिश्रित डीजल पेश करने की योजना बना रही है। गडकरी ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और हीरो मोटोकॉर्प जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों से पुराने वाहनों को फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल में बदलने और उन्हें यूरो 6 मानकों सहित सख्त उत्सर्जन मानकों के अनुरूप बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उपाय वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करेंगे और पुराने, अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे वाहन स्क्रैपेज कार्यक्रम को समर्थन देंगे। लॉन्च पर बोलते हुए, गडकरी ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख विकास चालक बताया और कहा कि भारत में अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उद्योग है, जो जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने यह भी बताया कि कंपनी कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) परियोजनाओं में निवेश कर रही है और हाइड्रोजन ईंधन जैसी अन्य स्वच्छ तकनीकों की खोज कर रही है। वहीं, कंपनी के विपणन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में इंडस्ट्री में बिकने वाले लगभग आधे ग्रीन वाहन मारुति सुजुकी के थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन ने गंगोत्री धाम में बांस लगाकर किए गंगा घाट बंद, विरोध में उतरे तीर्थ पुरोहित

**उत्तर काशी, एजेंसी।** प्रशासन ने गंगोत्री धाम में बांस लगाकर गंगा घाट बंद दिए। इसके बाद तीर्थ पुरोहित विरोध में उतर गए। गंगोत्री धाम के मुख्य भागीरथी शिला के मुख्य स्नान घाट से लेकर बड़े पत्थर की ओर स्नान घाटों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा को देखते हुए बांस के डंडों को बांधकर बंद कर दिया गया है। इसका गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए स्नान घाटों को बंद कर दिया है। बीते शनिवार को चेन्नई की एक 45 वर्षीय महिला यात्री की गंगा स्नान करते हुए नदी में बहने से मौत हो गई थी। उससे पूर्व में एक पुरुष और महिला यात्री नदी के तेज वेग में बह गए थे। घटनाओं को देखते हुए प्रशासन की ओर से गंगोत्री धाम में मुख्य स्नान घाट सहित अन्य घाटों का बांस लगाकर बंद कर दिया गया है। इसका गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि गंगोत्री धाम के दर्शन कर रहे यात्री गंगा स्नान व पूजा पाठ से वंचित हो रहे हैं। लंबे समय से घाटों की स्थिति सुधारने की मांग की जा रही थी लेकिन प्रशासन की ओर से उस ओर किसी प्रकार का कदम नहीं उठाया गया। घाटों को बंद कर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। अगर घाटों को चारधाम यात्रा से पहले व्यवस्थित कर दिया जाता तो इस प्रकार की घटनाएं नहीं होती। तीर्थ पुरोहित सुमन सेमवाल, विजयप्रकाश, राजेश सेमवाल, श्रीनिवास सेमवाल, अंकित का कहना है कि प्रशासन के पास एसडीआरएफ सहित पुलिस और आईटीबीपी की भारी फोर्स है। उनको सुरक्षा के दृष्टिकोण से घाटों पर तैनात किया जा सकता है लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण अब यात्रियों और तीर्थ पुरोहितों को परेशान किया जा रहा है। कुमराड़ी से लापता दो किशोरों का नहीं लगा सुराग रूड़की, एजेंसी। कोतवाली क्षेत्र के कुमराड़ी गांव से तीन दिन पूर्व लापता हुए दो किशोरों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। लगातार तीन दिनों की खोजबीन के बाद भी किशोरों का पता न चलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मंगलौर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरों की तलाश तेज कर दी है। कुमराड़ी निवासी मुन्ना ने दी तहरीर में बताया कि 29 मई को उनका 15 वर्षीय पुत्र अरसलान गांव के ही 16 वर्षीय सुहैल के साथ घर से निकला था। शाम तक जब दोनों किशोर घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के संभावित ठिकानों में खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तीन दिन बीत जाने के बाद भी बच्चों के न मिलने से परिवार के लोग सदमे में हैं। गांव के लोगों ने बताया कि दो किशोरों के एक साथ गायब होने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने इस मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस से जल्द से जल्द किशोरों की तलाश की मांग की है। मंगलौर कोतवाली प्रभारी भगवान सिंह मेहर ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। किशोरों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं।

### तीन दिन से लापता किशोरी का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद

**रूड़की, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थिति में लापता किशोरी का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 27 मई को खेत में काम करने के लिए घर से निकली थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर किशोरी की तलाश की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार शाम मोहम्मदपुर झाल से किशोरी का शव बरामद होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि किशोरी के पिता का कई वर्ष पहले निधन हो चुका था और वह अपनी मां के साथ रहती थी। कुछ पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर वह कुछ समय से परेशान बताई जा रही थी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मोहम्मदपुर झाल से किशोरी का शव बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छह माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, वीडियो में सास और ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में छह माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका का शव घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस को मरने से पहले बनाया गया एक वीडियो भी मिला है जिसमें उसने ससुराल पक्ष और सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में सोमवार दोपहर छह माह की गर्भवती मनीषा (24) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शरीर घर की खिड़की के कुंडे से लगाए फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मनीषा को महिला अस्पताल भेजा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों के पैनल ने मंगलवार को वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। पुलिस के अनुसार मरने से पहले मनीषा ने एक वीडियो बनाकर ससुराल पक्ष और सास पर आरोप लगाए थे। सीओ अमित कुमार ने बताया कि सोमवार की दोपहर दमुवाढूंगा के मल्ला प्लॉट निवासी संतोष कुमार की छह माह की गर्भवती पत्नी मनीषा (24) के फंदे से लटकने की जानकारी मिली। परिजन उसे महिला अस्पताल ले गए थे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सीओ के अनुसार जांच में सामने आया कि महिला की अपनी सास से अनबन थी और उसने मरने से पहले वीडियो भी बनाया था। परिवार वाले पारिवारिक कलह को आत्महत्या की वजह बता रहे हैं।

# चारधाम यात्रा में इकट्ठा हो चुका 288 टन कचरा, केदारनाथ में सबसे ज्यादा

**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के बीच हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते प्लास्टिक और ठोस कचरे ने नई चिंता खड़ी कर दी है. यात्रा सीजन के शुरुआती डेढ़ महीने में ही चारधाम क्षेत्रों से 288 टन से अधिक कचरा एकत्र किया गया है. बढ़ते पर्यावरणीय खतरे के बीच केदारनाथ में अब 'कैरी मी बैक' अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत श्रद्धालुओं को अपना कचरा वापस साथ लेकर आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड के साथ लग रहे कूड़े के ढेरः उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष भी आस्था के नए रिकॉर्ड बना रही है. पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस यात्रा सीज़न अब तक दो महीने में 29 लाख से ज्यादा यात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं. लाखों श्रद्धालु बाबा केदार, बदरी विशाल, गंगोत्री और यमुनोत्री के दर्शन के लिए हिमालय की ओर रुख कर रहे हैं. लेकिन श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ हिमालयी पर्यावरण पर पड़ रहा दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है. प्लास्टिक और ठोस कचरा बना चिंता का कारणः यात्रा मार्गों और धाम क्षेत्रों में जमा हो रहा प्लास्टिक तथा अन्य ठोस कचरा अब प्रशासन, पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है. हाल ही में सामने आए आंकड़ों के अनुसार, यात्रा सीजन की शुरुआत से मई माह के अंत तक चारधाम यात्रा क्षेत्रों से लगभग 288 टन कचरा एकत्र किया जा चुका है. इनमें प्लास्टिक बोतलें, खाद्य पदार्थों के रैपर, पॉलीथिन, डिस्पोजेबल सामग्री और अन्य



ठोस अपशिष्ट शामिल हैं. केदारनाथ और यात्रा मार्ग पर सबसे ज्यादा कचराः सबसे अधिक कचरा केदारनाथ धाम और उसके यात्रा मार्ग से सामने आया है. यहां अकेले 120 टन से अधिक कचरा एकत्र होने की जानकारी सामने आई है. वहीं इसके अलावा यमुनोत्री से 80 टन, गंगोत्री से 70 टन और बदरीनाथ से करीब 10 टन कचरा निकला है. ये आंकड़े सभी धामों में वहां स्थानीय निकायों द्वारा कलेक्ट किये जाने वाले कूड़े के हैं, जिसे ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों से नीचे लाया जा रहा है. हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी पर बढ़ता खतराः जैसा कि हम सब जानते हैं उत्तराखंड के चारों धाम और इनके यात्रा मार्ग देश के सबसे संवेदनशील हिमालयी क्षेत्रों में आते हैं. पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छोड़ा गया प्लास्टिक वर्षों तक नष्ट नहीं होता. धीरे-धीरे यह कचरा मिट्टी, जल स्रोतों और वन्यजीवों को प्रभावित करता है. प्लास्टिक कचरे से पर्यावरणीय संकट गहरायाः यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में उपयोग होने वाली प्लास्टिक पानी की बोतलें, स्नैक्स पैकेट, चाय-कॉफी के डिस्पोजेबल कप और अन्य सामग्री कचरे का बड़ा हिस्सा बनती हैं. कई बार यह कचरा रास्तों, पहाड़ियों और नदी-नालों के किनारे जमा हो जाता है. बरसात के दौरान यही कचरा जलधाराओं के माध्यम से नदियों तक पहुंच जाता है, जिससे पर्यावरणीय संकट और गहरा हो जाता है. विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों के सिकुड़ने और अनियंत्रित पर्यटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हिमालय के लिए यह अतिरिक्त दबाव भविष्य में गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है. समाधान की तलाश में 'कैरी मी बैक' अभियानः बढ़ती समस्या को देखते हुए केदारनाथ में एक नई पहल शुरू की गई है. इसका नाम 'कैरी मी बैक' रखा गया है. इस अभियान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से सीधे जोड़ना है. इस पहल के तहत केदारनाथ पहुंचने वाले यात्रियों को विशेष कपड़े के बैग उपलब्ध कराए जा रहे हैं. श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाला प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा इन बैगों में एकत्र करें और वापसी के समय अपने साथ नीचे लेकर आएं. इसके बाद निर्धारित स्थानों पर कचरे का पृथक्करण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा. ऐसे कम हो सकता है प्लास्टिक कचराः अभियान से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि यदि प्रत्येक श्रद्धालु अपने हिस्से का कचरा वापस लेकर आए, तो धाम और यात्रा मार्गों में फैलने वाले प्लास्टिक कचरे की मात्रा में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है. प्रशासन का कहना है कि पहाड़ों में कचरा प्रबंधन एक जटिल और खर्चीली प्रक्रिया है. ऐसे में जनभागीदारी के बिना स्थायी समाधान संभव नहीं है. अब तक कचरा प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और स्थानीय निकायों पर रहती थी, लेकिन 'कैरी मी बैक' अभियान इस सोच को बदलने की कोशिश है. श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हिमालय का संरक्षक बनाने की कोशिशः 'कैरी मी बैक' अभियान के तहत श्रद्धालुओं को केवल पर्यटक या यात्री नहीं, बल्कि हिमालय संरक्षण अभियान का सहभागी बनाने का प्रयास किया जा रहा है. यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं. यात्रियों को बताया जा रहा है कि जिस हिमालय की गोद में वे दर्शन के लिए पहुंचते हैं, उसकी स्वच्छता और सुरक्षा भी उनकी सामूहिक जिम्मेदारी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह अभियान प्रभावी रूप से लागू होता है, तो आने वाले वर्षों में चारधाम यात्रा मार्गों पर प्लास्टिक कचरे की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है. चारधाम यात्रा के दौरान सामने आया 288 टन कचरे का आंकड़ा निश्चित रूप से चिंता बढ़ाने वाला है. लेकिन इससे भी बड़ा सवाल यह है कि इस कचरे का अंतिम निस्तारण कैसे हो रहा है. चारों धामों सहित पूरे उच्च हिमालयी क्षेत्र में बढ़ता प्लास्टिक कचरा एक विकराल समस्या बन चुका है. दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस समस्या को लेकर अब तक कोई व्यापक और प्रभावी नियामक व्यवस्था विकसित नहीं की जा सकी है. वाहनों की जांच जरूरीः हेमंत ध्यानी के अनुसार हर वर्ष हजारों वाहन और लाखों लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर जाते हैं, लेकिन यह जांच शायद ही कभी होती हो कि वाहनों में कचरा संग्रहण की कोई व्यवस्था है या नहीं. उन्होंने कहा कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी कचरा प्रबंधन को लेकर पर्याप्त दिशा-निर्देश नहीं दिए जाते. जागरूकता अभियान और प्रचार-प्रसार का भी अभाव दिखाई देता है. हेमंत ध्यानी ने कहा कि- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की कमी भी बड़ी चुनौती, आस्था के साथ जिम्मेदारी भी जरूरीः हेमंत ध्यानी का कहना है कि उत्तराखंड के चारों धाम जिन नगर निकायों के अंतर्गत आते हैं, वहां आज भी प्रभावी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का अभाव है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तरकाशी जैसे महत्वपूर्ण जनपद में भी कचरे के प्रसंस्करण की समुचित व्यवस्था नहीं है. उनके अनुसार यात्रा सीजन हो या ऑफ सीजन, बड़ी मात्रा में कचरा नदी किनारों और खुले क्षेत्रों में डंप किया जाता है. बाद में जब तेज बारिश या बाढ़ जैसी स्थिति बनती है तो यही कचरा नदियों में बह जाता है और पर्यावरणीय संकट को और गंभीर बना देता है.

## देश के प्रथम गांव माणा के युवाओं को रोजगार भी दे रही सरस्वती नदी, हो रही लाखों की कमाई



**चमोली, एजेंसी।** छह माह तक चलने वाले यात्रा सीजन में माणा गांव के 20 से अधिक परिवार इसी कार्य से अपनी आजीविका चला रहे हैं। बदरीनाथ धाम के समीप देश के प्रथम गांव माणा में सरस्वती नदी का जल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का बड़ा साधन बन गया है। यात्रा सीजन के दौरान गांव के युवा और महिलाएं सरस्वती नदी का जल डिब्बों में भरकर श्रद्धालुओं को बेच रहे हैं। सुबह से शाम तक यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है और कई लीटर जल की बिक्री हो रही है। माणा गांव में भीमपुल से लेकर सतोपंथ ट्रैक तक जगह-जगह स्थानीय लोग सरस्वती नदी का जल बेचते दिखाई देते हैं। बीस रुपये से लेकर 300 रुपये तक के छोटे-बड़े डिब्बों में यह जल श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार छह माह तक चलने वाले यात्रा सीजन में गांव के 20 से अधिक परिवार इसी कार्य से अपनी आजीविका चला रहे हैं। भीम पुल के पास जल बेचने वाले राहुल बिष्ट बताते हैं कि यात्रा सीजन उनके लिए सालभर की कमाई का मुख्य जरिया होता है। वे सुबह से देर शाम तक सरस्वती नदी का जल श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराते हैं। वहीं मोनिका का कहना है कि श्रद्धालु नदी के जल को अपने घर में पूजा-पाठ तथा धार्मिक कार्यों के लिए ले जाते हैं।

अमन बड़वाल, लक्ष्मी बड़वाल और दीक्षा का कहना है कि वे बदरीनाथ धाम की तीर्थयात्रा शुरू होने पर माणा पहुंच जाते हैं। छह माह तक इस जल की बिक्री कर अपनी आजीविका चलाते हैं। कई लोग इसे बच्चों को पिलाने के लिए भी खरीदते हैं। मान्यता है कि सरस्वती नदी का जल दुख-दर्द दूर करता है और घर में सुख-शांति लाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक परिवार यात्रा सीजन में दो से तीन लाख रुपये तक की कमाई कर लेता है। पूर्व ग्राम प्रधान पीतांबर मोल्फा बताते हैं कि माणा गांव में सरस्वती नदी प्रत्यक्ष रूप से बहती है। यहां अलकनंदा और सरस्वती नदी का संगम केशव प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध है। श्रद्धालु पितरों के तर्पण और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए भी इस जल को अपने साथ ले जाते हैं। माणा गांव में सरस्वती नदी के समीप स्थित मानसूर तीर्थ का जलस्रोत भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय मान्यता के अनुसार इस जल के आचमन से हकलाने की समस्या दूर हो जाती है।

## पीसीएस परीक्षा में प्रदेश टॉपर बनीं रुद्रपुर की जसमीत कौर, मेहनत और लगन से मिली कामयाबी



**नैनीताल, एजेंसी।** रुद्रपुर की जसमीत कौर ने उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में प्रदेश टॉपर बनकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा ने जसमीत के घर पहुंचकर उनकी उपलब्धि को सराहा और युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की ओर से आयोजित पीसीएस परीक्षा में प्रदेश टॉपर बनीं रुद्रपुर निवासी जसमीत कौर ने सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, लगन और परीक्षा प्रणाली में विश्वास को दिया है। उनका मानना है कि नकल विरोधी कानून परीक्षाओं के लिए प्रभावी है और सिस्टम पूरी तरह से फेयर है। यदि कोई भी अभ्यर्थी पूरी निष्ठा से मेहनत करे तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। जसमीत कौर वसुंधरा पाम हाउस रुद्रपुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में बागेश्वर जिले में जिला समाज कल्याण अधिकारी का पद संभाल रही हैं। उनके पिता जसवंत सिंह कारोबारी व मां मनप्रीत कौर गृहिणी हैं। जसमीत ने पीसीएस परीक्षा में दूसरे प्रयास में यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि पिछले प्रयास में उनकी रैंक 52 थी और वह बागेश्वर में ही नियुक्त हुईं। जसमीत ने पूरे दावे के साथ कहा कि परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जो भी उम्मीदवार प्रशासनिक सेवा में आना चाहते हैं, उन्हें पूरी लगन और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। उनका कहना है कि अगर मेहनत करोगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने सरकारी नीतियों विशेष रूप से 33 प्रतिशत आरक्षण के लाभ का भी उल्लेख किया जिसने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की। जसमीत कौर का मानना है कि जो भी इस क्षेत्र में आना चाहता है उसे जुनून के साथ आना चाहिए और मेहनत व लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। जसमीत की सफलता के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा ने जसमीत के घर पहुंचकर उनकी उपलब्धि को सराहा और जसमीत को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया।

## जमीन पर कब्जा कराने पहुंची प्रशासन की टीम का जबरदस्त विरोध, युवकों ने अपने ऊपर डाला पेट्रोल



देहरादून, एजेंसी। प्रशासन की टीम के उस वक्त हाथ पांव फूल गए जब कुछ युवक तीन मंजिल मकान मकान की छत पर चढ़ गए और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। आरोप था की जमीन श्रम विभाग की है और जिस जमीन पर प्रशासन हाई कोर्ट के आदेश का बहाना बनाकर कब्जा करने के लिए पहुंचा है ।

देहरादून चंद्रबनी नयागांव क्षेत्र में खाली पड़े मैदान पर जिला प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ पिलर लगाने के लिए पहुंची। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर भूमाफियाओं के लिए जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। स्थानीय महिलाओं और लोगों ने पुलिस का जबरदस्त विरोध किया।

लोगों का आरोप है कि यह जमीन श्रम विभाग की है और जिस जमीन पर प्रशासन हाई कोर्ट के आदेश का बहाना बनाकर कब्जा करने के लिए पहुंचा है वह यहां नहीं दूसरी जगह मौजूद है। कड़े विरोध के बावजूद तहसीलदार की मौजूदगी में पिलर काटने के लिए एक सिपाही ने कुदाल लेकर गड्ढा खोदना शुरू किया तो विरोध कर रही महिलाएं पुलिस के साथ भिड़ गई।

इसके साथ ही दो व्यक्ति तीन मंजिल मकान मकान की छत पर चढ़ गए और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। यह देखकर पुलिस प्रशासन की टीम के हाथ पांव फूल गए। किसी तरह पुलिसकर्मी मकान की छत पर पहुंचे और दोनों युवकों को समझा बुझाकर शांत कर नीचे ले आए। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन की टीम और स्थानीय लोग एक दूसरे के सामने कब्जा करने को लेकर आमने-सामने डटे हुए थे।

# सोलर रूफटॉप परियोजनाओं के लिए पीसीयू नोडल एजेंसी घोषित, बैठक में लिया गया निर्णय

**देहरादून, एजेंसी।** सोलर रूफटॉप परियोजनाओं के लिए पीसीयू नोडल एजेंसी घोषित किए गए हैं। उत्तराखंड प्रादेशिक सहकारी संघ की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। उत्तराखंड प्रादेशिक सहकारी संघ (पीसीयू) को सहकारी संस्थाओं में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए नोडल एजेंसी घोषित किया गया है। संघ इनमें सोलर रूफटॉप परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगा। यह निर्णय सहकारी संघ के सभागार में हुई प्रबंध समिति की बैठक में लिया गया। पीसीयू को परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) भी नामित किया गया है। इसके तहत यूनियन सभी शीर्ष सहकारी संस्थाओं, जिला सहकारी बैंकों में परियोजनाएं लगाने का काम



करेगी। जो उरेड़ा से समन्वय कर अन्य सहकारी समितियों में भी सोलर रूफटॉप परियोजनाएं लगाएगी। बैठक में संघ के लिए नए कारोबार के लिए योजनाएं विकसित करने पर जोर दिया गया। इसका उद्देश्य सहकारी समितियों के आय के स्रोतों में वृद्धि करना है। सदस्यों ने नवाचार आधारित योजनाओं को अपनाकर संघ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विचार किया। संघ ने अपनी सदस्यता का विस्तार करने और अधिक सहकारी संस्थाओं को जोड़ने का भी निर्णय लिया। केंद्रीय शीर्ष सहकारी संस्था एनसीयूआई की तर्ज पर पीसीयू की सदस्य समितियों का वार्षिक सदस्यता शुल्क 5,000 से घटाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है। बैठक में एनसीयूआई के लिए प्रदीप चौधरी को नामित करने पर सहमति जताई गई। बैठक में अध्यक्ष प्रदीप मेहरोत्रा, रामकृष्ण मेहरोत्रा, शैलेंद्र बिष्ट, एमपी त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, शांति, ममता मेहरोत्रा, गोपाल सिंह बोरा, सुभाष चंद्र रमोला, सुप्रिया चौहान आदि मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सहकारिता विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके लिए वर्षभर का विस्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया जाएगा। यह कैलेंडर निबंधक, सहकारी समितियां कार्यालय को भेजा जाएगा। पूरे वर्ष विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। ये कार्यक्रम सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए होंगे।

# हरिद्वार में अज्ञात हमलावरों ने कांवड़िए को मारी गोली, गंगाजल लेकर लौट रहे थे नोएडा, हायर सेंटर रेफर

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार में गंगाजल लेकर लौट रहे एक कांवड़िए को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी. गोली लगने से कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया. देर रात हुए गोलीकांड से इलाके में हड़कंप मच गया. कनखल थाना क्षेत्र स्थित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास हाईवे की यह घटना बताई जा रही है. यहां हाईवे के किनारे विश्राम कर रहे एक कांवड़िए को अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारी गई. गंभीर रूप से घायल कांवड़िए को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. पुलिस ने रात को ही फरार आरोपियों की तलाश में घेराबंदी की.

घायल युवक की पहचान अजय के रूप में हुई है जो ग्रेटर नोएडा का रहने



वाला है. वह अपने साथियों के साथ रविवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर नोएडा लौट रहा था. रात अधिक होने के कारण कांवड़ियों का दल गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पास हाईवे किनारे रात्रि विश्राम करने लगा. कांवड़ियों के मुताबिक हाईवे के ऊपर बने पुल पर कुछ युवक शराब पी रहे थे. इस दौरान वो शोर शराबा और गाली गलौज भी कर रहे थे. कांवड़ियों ने उन्हें शोर न मचाने की बात कही, जिस पर विवाद हो गया. आरोप है कि कुछ देर बाद वे युवक पुल से नीचे आए और आराम कर रहे कांवड़ियों के पास आ धमके.

इससे पहले कि कांवड़िये कुछ समझ पाते तभी हमलावरों ने अजय के सीने से सटाकर गोली चला दी. सीने की जगह कंधे पर गोली लगते ही अजय घायल हो गया, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई और अजय गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़ा. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांवड़िए को नजदीक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ऋषिकेश एम्स हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. देर रात करीब बारह बजे गोली चलने के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई. शोर सुनकर आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भी दौड़ लगाई और आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया.

वारदात को अंजाम देकर आरोपी अपनी एक बुलेट मोटरसाइकिल भी मौके पर छोड़कर गए, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है. जबकि पांच से छह हमलावर अन्य बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, कनखल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत और एसएसआई अनुज सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने कांवड़ियों से घटना की जानकारी ली और आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कराई. घायल अजय जिस दल के साथ यात्रा कर रहा था, वह गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर 221 लीटर गंगाजल की विशेष कांवड़ लेकर हरिद्वार से नोएडा जा रहा था. दल में करीब दस गौ सेवक शामिल थे.

कांवड़ियों को लगभग 240 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करनी थी. रात होने के चलते वो गुरूकुल कांगड़ी विश्विद्यालय के पास हाईवे के किनारे रात्रि विश्राम के लिए रुके थे. तभी अज्ञात हमलावरों ने दल में शामिल अजय नाम के युवक को गोली मार दी और फरार हो गए. फिलहाल हायर सेंटर में अजय का इलाज जारी है. घटना के बाद स्थानीय गौ सेवक भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया.



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# गुरुग्राम-फरीदाबाद

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 जून, 2026

## दिल्ली अग्निकांड में मारे एक ही परिवार के पांच सदस्यों का एक साथ अंतिम संस्कार

- -दिल्ली के मालवीय नगर के होटल में लगी आग में जलकर हुई थी मौत
- -एक ही परिवार के पांच सदस्यों के साथ उनके दो रिश्तेदारों की भी हुई मौत
- -परिवार में एकमात्र सीए विवेक के पिता हैं अस्पताल में भर्ती




प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे में लगी आग में जिंदा जले गुरुग्राम के अग्रवाल परिवार के पांचों सदस्यों का गुरुवार को सेक्टर-32 श्मशान घाट में नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ परिवार के पांच सदस्यों की मौत सेक्टर-46 से लेकर पूरे गुरुग्राम में शोक की लहर है। हादसे में जान गंवाने वाले सीए विवेक अग्रवाल को उनके चचेरे भाई, पत्नी तर्जनी अग्रवाल को भाई, मां प्रेमलता अग्रवाल को देवर, और दोनों बेटियों जीविशा और वारिया को चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। पांचों परिजन मंगलवार को बीमार पिता राधेश्याम अग्रवाल को देखने दिल्ली पहुंचे थे। साकेत के मैक्स अस्पताल में भर्ती पिता का हाल जानने के बाद परिवार मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश में ठहरा था। बुधवार सुबह ब्रेकफास्ट के समय होटल में लगी भीषण आग में सभी झुलस गए। आग में फंसे विवेक अग्रवाल को परिवार को बचाने का जब कोई रास्ता नहीं मिला तो उन्होंने अपने मामा के बेटे को रोते हुए फोन करके कहा था कि-हम चारों तरफ से भीषण आग में फंस गए हैं, दम घुट रहा है। हमारी बेटियों को कैसे भी करके बचा लो। इसके चंद सेकेंड में ही पूरा परिवार आग की भेंट चढ़ गया। दिल्ली एम्स में पोस्टमॉर्टम के बाद गुरुवार को शव गुरुग्राम के सेक्टर-46 स्थित विवेक अग्रवाल के आवास पर लाए गए। करीब सवा तीन बजे पांचों शवों को अंतिम संस्कार के लिए सेक्टर-32 श्मशान घाट ले जाया गया। नम आंखों से परिवार को रिश्तेदारों ने विदाई दी। आग हादसे में जाने गंवाने वाले विवेक अग्रवाल इंश्योरेंस देखो नामक कंपनी में फाइनेंशियल हेड थे। उनकी पत्नी तर्जनी अग्रवाल पेशे से इवेंट मैनेजर थीं। साथ ही वह वंचित बच्चों के लिए एक एनजीओ भी चलाती थीं। वह मॉडलिंग भी करती थीं। वर्ष 2023 में तर्जनी ने मिसेज इंडिया का खिताब जीता था। बड़ी बेटी जीविशा बेंगलुरु में बीटेक कर रही थी। दादा के बीमार होने की खबर मिलते ही वह फ्लाइट लेकर दिल्ली पहुंची थी। छोटी बेटी वारिया भी साथ थी। दोनों का घर का नाम एंजल और पर्ल था। हादसे के बाद सेक्टर-46 स्थित विवेक के घर पर सन्नाटा छा गया है। यह कोठी तर्जनी के पिता प्रेम बंसल ने बेटी और दामाद को गिफ्ट में दी थी। विवेक के पिता राधेश्याम अग्रवाल अभी भी दिल्ली के मैक्स अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## चार साल बाद 600 बेड के आधुनिक नागरिक अस्पताल को मिली मंजूरी, दो चरणों में होगा निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। शहर वासियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए राज्य सरकार ने गुरुग्राम में नए सिविल अस्पताल के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार को 600 बेड के आधुनिक अस्पताल के निर्माण की मंजूरी दे दी है। 1,054 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अस्पताल के लिए हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल व इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचएसआईआईडीसी) को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। 2022 में इस अस्पताल की इमारत को तोड़ा गया था और बीते चार वर्षों से इसका निर्माण फाइलों में लटका हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह अस्पताल आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस होगा और इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। परियोजना के पहले चरण में 400 बेड का एक अत्याधुनिक अस्पताल तैयार किया जाएगा, जो क्षेत्र की तत्काल स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसके बाद दूसरे चरण में अतिरिक्त 200 बेड की सुविधा जोड़ी जाएगी, जिससे यह अस्पताल कुल 600 बेड वाला एक बड़ा और एक बड़े मल्टी-स्पेशियलिटी चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित होगा। पुलिस लाइन्स के पास अत्याधुनिक सिविल अस्पताल बनाया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि निर्माण की जिम्मेदारी एचएसआईआईडीसी को सौंपी गई है और सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, जो पूरे निर्माण कार्य की निगरानी सुनिश्चित करेगा। सरकार का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद गुरुग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा और मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली या अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। इस नए सिविल अस्पताल के निर्माण से गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## गुरुग्राम में सगे भाई ने की आशीष की हत्या

- दोस्त के साथ शराब पीने के बाद झगड़ा, ईंट और कस्सी मारकर किया मर्डर



प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम । जिले के दौलताबाद में 5 दिन पहले हुई आशीष की हत्या का खुलासा हो गया है। राजेंद्रा नगर थाना पुलिस ने मृतक के सगे भाई अमन को हत्या के आरोप में अरेस्ट किया है। वारदात वाले दिन आशीष और उसका दोस्त घर पर शराब पी रहे थे, जिन्हें अमन ने रोक दिया और घर से चले जाने को कहा। इसी बात को लेकर उनमें झगड़ा हो गया और अमन ने ईंट व कस्सी से सिर पर वार करके उसकी हत्या कर दी। 31 मई को राजेंद्र पार्क थाना पुलिस को दौलताबाद में एक युवक मृत अवस्था में पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, तो उन्हें आशीष खून से लथपथ मृत हालत में मिला था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए क्राइम सीन टीम व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को मौके पर बुलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा शव व घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया तथा घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य कब्जा पुलिस में लिए गए। उस समय मृतक के परिजनों ने लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि आशीष अपने पुराने मकान में गया था, जहां वह गंभीर चोटों सहित मृत अवस्था में मिला। इस शिकायत एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक उसका सगा भाई था तथा शराब पीने का आदी था। घटना के दिन मृतक के पास एक अन्य व्यक्ति शराब पीने के लिए आया हुआ था। आरोपी द्वारा उस व्यक्ति को घर से जाने के लिए कहने पर मृतक और आरोपी के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान दोनों के बीच मारपीट हुई, जिसमें आरोपी ने ईंट व कस्सी से सिर पर वार किए, जिससे मृतक को गंभीर चोटें लगीं और उसकी मृत्यु हो गई।

## बल्लभगढ़ विधायक ने सड़क पर लगाई झाड़ू

- मूलचंद शर्मा बोले- पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी, फरीदाबाद में महा सफाई अभियान शुरू



प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फरीदाबाद नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और हराभरा बनाने के उद्देश्य से महा सफाई अभियान की शुरूआत की गई। गुरुवार को इस अभियान का शुभारंभ बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-40, वार्ड-36 और वार्ड-15 से किया गया। अभियान में बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, स्थानीय पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वार्ड-40 में अभियान की शुरूआत करते हुए विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है और इसी के तहत नगर निगम ने गुरुवार से ही विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है।उन्होंने बताया कि कल पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा और फरीदाबाद के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ फरीदाबाद- ग्रीन फरीदाबाद अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना होगा। उन्होंने नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हर व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते प्रदूषण को रोकने और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण देने के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है। वहीं, वार्ड-36 के ओल्ड क्षेत्र में जॉइंट कमिश्नर करण भदौरिया और जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार के नेतृत्व में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सफाई निरीक्षक जगवीर सिंह और निगम की टीम मौजूद रही। इसके अलावा वार्ड-15 में पार्षद सरदार जसवंत सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई, जहां सफाई निरीक्षक हरवीर रावत सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि फरीदाबाद को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाया जा सके।

## हरियाणा के पदक विजेता खिलाड़ियों को आज मिलेंगे नियुक्ति पत्र

- खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम बांटेंगे; ग्रुप-अ, इ और उ पदों पर नियुक्तियां

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद । सरकार की खेल नीति के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति देने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर एक बजे किया गया है, जिसमें आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन नीति के तहत पदक विजेता खिलाड़ियों को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस दौरान ग्रुप-ए, ग्रुप-बी और ग्रुप-सी श्रेणियों में चयनित खिलाड़ियों को नियुक्तियां प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 से विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने वाले खिलाड़ियों को इस पहल का लाभ मिलेगा। लंबे समय से नियुक्तियों का इंतजार कर रहे खिलाड़ियों के लिए यह कार्यक्रम बड़ी राहत और सम्मान का अवसर माना जा रहा है। हरियाणा देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार, रोजगार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सरकार का मानना है कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में अवसर देने से युवा पीढ़ी खेलों की ओर अधिक आकर्षित होगी और प्रदेश का खेल स्तर और मजबूत होगा।

## फरीदाबाद में बेघर लोगों की बढ़ी मुश्किलें

- किराए पर मकान नहीं मिल रहे, भेदभाव का आरोप; बारिश में भीगा सामान

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद । की नेहरू कॉलोनी में हुई तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवारों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिन लोगों के घर टूट गए हैं, वे अब रहने के लिए सुरक्षित ठिकाना तलाश रहे हैं। आज हुई बारिश में उनका सामान भीग गया, और लोगों ने ट्रॉली के नीचे छिपकर खुद को भीगने से बचाया। लेकिन उन्हें किराए पर मकान मिलने में भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार पिछले 2 दिनों से खुले आसमान के नीचे अपने बच्चों और सामान के साथ रहने को मजबूर हैं। प्रभावित लोगों का कहना है कि कॉलोनी टूटने के बाद आसपास के इलाकों में मकान मालिकों ने किराया बढ़ा दिया है। जिन कमरों का किराया पहले 8 हजार रुपए के आसपास था, अब उनके लिए 10 हजार से 15 हजार रुपए तक मांगे जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी मासिक आय ही 15 से 20 हजार रुपए के बीच है। ऐसे में अगर कमाई का बड़ा हिस्सा किराए में ही खर्च हो जाएगा तो परिवार का पालन-पोषण और रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें नेहरू कॉलोनी का निवासी होने के कारण किराए पर मकान नहीं दिया जा रहा। उनका कहना है कि कई मकान मालिक यह कहकर कमरा देने से मना कर रहे हैं कि नेहरू कॉलोनी में नशा तस्कर और चोर रहते हैं। इस वजह से कई परिवारों को लगातार इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम की ओर से पहले उन्हें बताया गया था कि केवल धार्मिक स्थल और उसके आसपास का कुछ हिस्सा हटाया जाएगा।

## गुरुग्राम की कॉलोनी में दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

- शाम तक 250 अवैध मकान ध्वस्त करने का लक्ष्य; पुलिस तैनात

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। जिले के सोहना की पीर कॉलोनी में पर्यटन विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को करीब 10 जेसीबी मशीनों और सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में बदल दिया गया था ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन का लक्ष्य पर्यटन विभाग की करीब साढ़े 9 एकड़ भूमि पर बने लगभग 250 अवैध मकानों को हटाना है। नोडल अधिकारी आर.एस. भट्ट ने बताया कि गुरुवार शाम तक पर्यटन विभाग की साढ़े 9 एकड़ भूमि पर बने सभी अवैध मकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग को कोर्ट और प्रशासनिक स्तर पर भूमि का कब्जा प्राप्त करने के आदेश मिल चुके हैं, जिसके तहत यह कार्रवाई की जा रही है। भट्ट ने बताया कि इस कॉलोनी में लंबे समय से अवैध धंधों की शिकायतें मिल रही थी। सीआईए ने आज उन इमारतों को भी गिराया है जो आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की थी और जिन पर पुलिस में 35 से अधिक मामले दर्ज हैं। नोडल अधिकारी ने जानकारी दी कि कॉलोनी में रहने वाले लोगों में से केवल 5 से 10 परिवार ही अत्यंत गरीब श्रेणी में पाए गए हैं। प्रशासन उनकी सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में स्थित पीर, मजार, मस्जिद और मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों को लेकर भी प्रशासन ने अपना रुख स्पष्ट किया। आर.एस. भट्ट ने कहा कि इन धार्मिक स्थलों के प्रमुखों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी और कानून के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अधिकांश लोगों ने विरोध करने के बजाय अपने मकानों को स्वयं ही तोड़ना शुरू कर दिया। लोगों ने अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

## पलवल पुलिस का ऑपरेशन लगाम रीलों में गुंडागर्दी और सड़क पर स्टंटबाजी पर सख्त कार्रवाई

पलवल। इंटरनेट मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन, गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने वाली रीलों और सड़क पर मनमानी करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने मई माह में बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत हजारों लोगों पर शिकंजा कसते हुए कई मामलों में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि मई माह के दौरान पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव, ब्लैक फिल्म, अवैध रेड-ब्लू लाइट, माडिफाइड साइलेंसर, बिना नंबर प्लेट और प्रेशर हार्न का उपयोग करने वालों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान कुल 7,764 लोगों के चालान किए गए। इनमें 629 ड्रंक एंड ड्राइव, 1,634 ब्लैक फिल्म, 21 अवैध रेड-ब्लू लाइट, 195 माडिफाइड साइलेंसर, 2,478 बिना नंबर प्लेट और 131 प्रेशर हार्न के मामले शामिल हैं। इसके अलावा 323 वाहनों को जब्त भी किया गया है। सड़क पर स्टंटबाजी, यातायात नियमों की अवहेलना और वाहनों में अवैध संशोधन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वाट टीमों सहित पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर आपराधिक छवि प्रस्तुत करने और युवाओं को भ्रमित करने वाली सामग्री के विरुद्ध भी पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। अभियान के तहत गैंगस्टर प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और हवाबाजी से जुड़े छह मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ ही 45 इंटरनेट मीडिया खाता संचालकों की काउंसलिंग की गई है। पुलिस ने करीब 1,500 आपत्तिजनक रील व पोस्ट हटवाई है। इन गतिविधियों की निगरानी के लिए विशेष इंटरनेट मीडिया निगरानी सेल का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जिले में रील के माध्यम से गुंडागर्दी या सड़क पर मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने युवाओं से इंटरनेट मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## पलवल में लोन के नाम पर महिलाओं से लाखों की ठगी

पलवल। जिले में महिलाओं के एक समूह से 20 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर 7.50 लाख रुपये की ठगी का मामला बुधवार को सामने आया है। आरोप है कि एक महिला फाइनेंसर ने फाइल चार्ज के नाम पर रकम वसूलने के बाद अपना कार्यालय बंद कर दिया और फरार हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना में गहलब गांव निवासी गजना, रचना, शांति, सुनीता और अन्नू समेत करीब 25 महिलाओं ने शिकायत दी है कि टहरकी गांव निवासी मनीषा महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें लोन दिलाने का काम करती थी। उसने बांस मोहल्ला में अपना कार्यालय खोल रखा था। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि मनीषा पहले भी कई महिलाओं को 30 से 50 हजार रुपये तक का ग्रुप लोन दिलवा चुकी थी, जिसे समय पर चुकाने के कारण उस पर उनका भरोसा बन गया। बाद में उसने 20 लाख रुपये का बड़ा लोन दिलाने का आश्वासन दिया और प्रत्येक महिला से 20 से 25 हजार रुपये फाइल चार्ज के नाम पर जमा करवा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी लोन मंजूर नहीं हुआ। जब महिलाओं ने जानकारी ली तो आरोपी ने लोन प्रक्रिया लंबित होने की बात कहकर उन्हें टाल दिया। कुछ समय बाद जब महिलाएं उसके कार्यालय पहुंचीं तो कार्यालय बंद

## गुरुग्राम में चलती ट्रेन से गिरा युवक गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर रात एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन स्थित स्टेशन मास्टर कार्यालय से पुलिस को सूचना मिली कि रेलगाड़ी संख्या 54420 से एक युवक गिरकर घायल हो गया है। सूचना मिलते ही ड्यूटी अधिकारी एसआई बाबूलाल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को रेलवे ट्रैक के पास से उठाकर उपचार के लिए सिविल अस्पताल सेक्टर-10, गुरुग्राम पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद युवक की हालत गंभीर बताई, जिसके चलते उसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवक के होश में आने और बयान दर्ज होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वह ट्रेन से कैसे गिरा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फरीदाबाद में बेकाबू होकर पलटा ट्रक आपस में टकराई गाड़ियां

- तीन कंटेनर ट्रक और एक कार क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं



प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद। में दिल्ली-मथुरा-आगरा हाईवे पर गुरुवार तड़के करीब 3:30 से 4 बजे के बीच हुए तीन कंटेनर ट्रक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी भी ड्राइवर को चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित रहे। हादसे में शामिल ट्रक ड्राइवर श्यामवीर ने बताया कि वह दिल्ली से लोहे का स्क्रैप खाली करके अपने ट्रक को लेकर पलवल लौट रहा था। ट्रक में उस समय कोई माल लोड नहीं था। सुबह करीब साढ़े तीन बजे के आसपास अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और उसका टायर घूम गया, जिससे ट्रक हाईवे पर एक तरफ पलट गया। ट्रक के पलटने के बाद हाईवे पर गुजर रहे वाहन ड्राइवरों का ध्यान उसकी ओर गया तो वाहन चालकों ने अपनी गाड़ियों की रफ्तार धीमी कर ली। इसी दौरान दिल्ली से पार्सल लेकर पलवल जा रहा एक कंटेनर चालक भी धीरे हो गया। तभी उसके पीछे आ रहे दूसरे कंटेनर ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे वाला कंटेनर एक कार से जा टकराया। इसके बाद कंटेनर नियंत्रण खो बैठा और हाईवे के दूसरी ओर लगी लोहे की ग्रिल पर चढ़ गया, जिससे ग्रिल भी टूट गई। कार ड्राइवर अरविंद रावत ने बताया कि वह दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी को छोड़कर वापस पलवल जा रहा था। उन्होंने जैसे ही हाईवे पर पलटा हुआ ट्रक देखा, अपनी कार की गति कम कर ली। तभी पीछे से आए कंटेनर ट्रक ने उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में उनकी कार को काफी नुकसान पहुंचा है। अरविंद के अनुसार एक बोलेरो पिकअप भी पीछे से टकराई थी, लेकिन उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की रूट पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। एनएचएआई कर्मचारी महेश कुमार ने

## ससुराल लौटी महिला पर पति व ससुराल वालों का जानलेवा हमला

पलवल, ।हथीन थाना अंतर्गत खिल्लुका गांव में मायके से अपनी ससुराल लौटी महिला, उसकी मां और बहन पर उसके ही पति और ससुराल के अन्य लोगों ने लाठी, डंडों और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला सहित तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत में खिल्लुका गांव की रहने वाली संजीदा ने बताया कि करीब चार महीने पहले उसके ससुर की मृत्यु हो गई थी। इस दौरान संजीदा अपने बच्चों के साथ अपने मायके नूंह स्थित रीठोड़ा में रह रही थी। शिकायत के अनुसार जब संजीदा अपनी मां कश्मीरी, बहन अरशीदा और बच्चों के साथ गांव खिल्लुका स्थित अपनी ससुराल पहुंची, तो घर पर ताला लगा हुआ था। आरोप है कि प्लाट पर पति इरशाद, जेठ अरशद, देवरानी-जिठानी और अन्य रिश्तेदार पहले से ही लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर बैठे थे। संजीदा के पहुंचते ही जेठ अरशद ने उस पर चाकू से वार कर दिया। संजीदा ने जब हाथ से चाकू रोका, तो उसकी उंगली पर गहरा घाव हो गया। इसके बाद आरोपितों ने उसे जमीन पर गिरा दिया, उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके पति इरशाद ने लाठी-डंडों से उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब संजीदा को बचाने उसकी मां कश्मीरी और बहन अरशीदा आगे आईं, तो परिवार की महिलाओं जमशीदा, असमीना, नजराना और नज्जा ने उन्हें भी लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा।

## फरीदाबाद: बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने हाईवे पर भीषण हादसा, तीन कंटेनर और कार चपेट में

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद। बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने हाईवे पर बड़ा हादसा टला, तीन कंटेनर और कार क्षतिग्रस्त फरीदाबाद। दिल्ली-मथुरा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार तड़के बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब 3:30 से 4 बजे के बीच हुए इस हादसे में तीन कंटेनर ट्रक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी भी चालक या अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, पलवल निवासी कंटेनर चालक श्यामवीर दिल्ली से लोहे का स्क्रैप खाली कर वापस पलवल लौट रहे थे। उनके ट्रक में उस समय कोई माल लोड नहीं था। श्यामवीर ने बताया कि सुबह करीब साढ़े तीन बजे अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और उसका टायर घूम जाने के कारण वाहन सड़क पर पलट गया। ट्रक के पलटते ही हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपनी गति धीमी कर ली। इसी दौरान दिल्ली से पार्सल लेकर पलवल जा रहा एक कंटेनर भी धीरे हो गया। तभी उसके पीछे आ रहे दूसरे कंटेनर चालक ने संतुलन खो दिया और आगे वाले कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से आगे वाला कंटेनर एक कार से जा भिड़ा। इसके बाद कंटेनर नियंत्रण खो बैठा और हाईवे के दूसरी ओर लगी लोहे की सुरक्षा ग्रिल पर चढ़ गया, जिससे ग्रिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक अरविंद रावत ने बताया कि वह दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी परिचित को छोड़कर पलवल लौट रहे थे। पलटे हुए ट्रक को देखकर उन्होंने कार की रफ्तार कम कर दी थी, लेकिन पीछे से आए कंटेनर ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे कार को भारी नुकसान पहुंचा। सूचना मिलने पर पुलिस और एनएचएआई की रूट पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। एनएचएआई कर्मी महेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह पहला ट्रक पलटना और उसके बाद पीछे आ रहे वाहनों का ध्यान भटकना सामने आया है। बाद में क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। गनीमत रही कि इतने बड़े हादसे के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 14-RCNK-OPN-PTAMC-2026 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एनुअल मेंटेनेंस कांट्रेक्ट (एएमसी) 18 नम्बर प्लेटफार्म ट्रक 02 टन क्षमता आरसीएनके / एसएनपी तीन वर्ष हेतु (कार्य के दायरे के अनुसार) |
| अनुमानित लागत | रुपये 28,59,272.07 जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रुपये 57,200.00 |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने से 36 माह (तीन वर्ष) तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 25.06.2026 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 15:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं.: 14-RCNK-OPN-PTAMC-2026 दिनाँक : 03.06.2026

1893/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 03 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 11.06.2026 को 10:30 बजे | 12005 (F1). 12011(F1), 12013(F1), 12015(F1), 12045(F1), 12265(F1), 12425(F1), 12428(F1), 12442(F1), 12481(F1, R1), 12650(F1), 12802(F1), 12918(F1), 14014(F1), 15026(F1), 15530(F1), 15726 (F1), 22450 (F1). |
| 2. | 16.06.2026 को 10:30 बजे | 12004 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060(F1) (सोम, मंगल), 12060(F1) (बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि), 12350(F1), 12368(F1), 12448(F1), 12455 (F1), 12963 (F1), 13066 (F1), 13252(F1), 14164 (F1), 14679(F1), 14681 (F1, R1), 15035 (F1, F2, R1), 22461 (F1), 22950(F1). |

**महत्वपूर्ण सूचनाः 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html**. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों को बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो कि इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है।

1914/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# पर्यावरणीय संकट से समाधान की ओर बढ़ने का समय

ललित गर्ग

आज मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पृथ्वी और मानवता के भविष्य को बचाने का वैश्विक संकल्प है। वर्ष 2026 का विश्व पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है जब जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता का क्षरण, जल संकट, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के अस्तित्व को गंभीर चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत (ठमंज च्संेजपब च्वससनजपवद) केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान नहीं है, बल्कि उपभोगवादी जीवनशैली और प्रकृति-विरोधी विकास मॉडल पर पुनर्विचार का भी संदेश है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को झेल रही है। कहीं भीषण गर्मी जीवन को असहनीय बना रही है, कहीं अनियंत्रित वर्षा और बाढ़ तबाही ला रही है, तो कहीं सूखा और जल संकट मानव अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड के जंगलों में आग, हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, महानगरों में प्रदूषण, बेंगलुरु जैसे तकनीकी नगरों में जल संकट और लगातार बढ़ती गर्मी इस बात के संकेत हैं कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें चेतावनी दे रही हैं कि पिछले एक दशक में जलवायु संबंधी आपदाओं से लाखों लोगों की मृत्यु हुई है और खरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। जैव विविधता का ह्रास, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण-ये तीनों संकट परस्पर जुड़े हुए हैं। यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया तो मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन आज भी दुनिया उस दिशा में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि विश्व के सामने उपस्थित इस सबसे बड़े संकट को भारत की राजनीति में वह महत्व नहीं मिला, जिसका वह अधिकारी है। चुनावी घोषणापत्रों में पर्यावरण का उल्लेख तो होता है, लेकिन वह केवल औपचारिकता भर रह जाता है। राजनीतिक दल यह मानकर चलते हैं कि पर्यावरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन वोट दिलाने वाले मुद्दे नहीं हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय प्रश्न न तो चुनावी बहस का हिस्सा बनते हैं और न ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का। जबकि सच्चाई यह है कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा इसी प्रश्न पर निर्भर करती है। पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों को केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा गया। आयुर्वेद और वनौषधि विज्ञान इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों ने हजारों वर्षों तक मानव स्वास्थ्य की रक्षा की, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में यह ज्ञान और प्राकृतिक संपदा दोनों उपेक्षित होते गए। आज जब नई-नई बीमारियां मानव जीवन को चुनौती दे रही हैं, तब पुनः प्रकृति और वनस्पति जगत की ओर लौटने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कभी इंदिरा गांधी ने कहा था कि ह्यगरीबी सबसे बड़ा प्रदूषक है ḷ आज यह कथन और अधिक प्रासंगिक हो गया है क्योंकि गरीबी और पर्यावरणीय विनाश एक-दूसरे को बढ़ाने वाले कारक बन गए हैं।

# पर्यावरण को बचाने की जरुरत

संजय गोस्वामी

पर्यावरण शब्द परि और आवरण की सन्धि से बना है। पृथ्वी पर रहने वाले सारे जीव इसी आवरण में उत्पन्न होते हैं, फलते-फूलते हैं, तथा मृत्यु के पश्चात इसी में विलीन हो जाते हैं। जीवों का शरीर पृथ्वी, जल, अग्नि, पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। माता पूज्यनीय होती है और पृथ्वी तो माता की भी माता है अतः वह भी पूज्यनीय है। इसीलिए हमारे ऋषियों ने पृथ्वी की पूजा के लिए सभी वेदों में अनेकों मन्त्र बनाये हैं और पृथ्वी के लिए हमें अपना जीवन तक बलिदान करने की शिक्षा दिया है। हमारे ऋषि वायु की शुद्धता की महिमा से भी परिचित थे। इसीलिए उन्होंने पवन को देवता माना और ऑक्सीजन को प्राण वायु कहा है। उन्होंने वायु की शुद्धता बनाये रखने के लिए कई प्रकार के यज्ञों का विधान भी बनाया था। इसी प्रकार अग्नि को भी देवता माना गया है। ऋग्वेद में अग्नि की पूजा बार-बार की गयी है। अग्नि ही नहीं प्रकृति के हर घटक से, जो कि हमें जीवन और आरोग्य प्रदान करते हैं, देवता मान कर उन्हें पूजा गया है। हमारे ऋषियों ने हमें पर्वतों, ग्रहों, सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी, पत्थर, पेड़, वायु, जल सभी को पूजने और आदर करने की शिक्षा दिया है। कालान्तर में मानव ने अपने विज्ञान का दुरुपयोग करते हुए अपने पोषण के अतिरिक्त अपने निहित स्वार्थ, अहंकार और अपने को प्रभावशाली सिद्ध करने के लिए प्रकृति का दोहन आरम्भ कर दिया। अधिक से अधिक विलासिता पूर्ण जीवन की इच्छा ने उसे हिन्सक बना दिया। उसने घर, वस्त्र, वाहन इत्यादि के लिए जंगलों, पर्वतों, भूगर्भ-स्थित खनिजों, जल इत्यादि का दुरुपयोग इतना अधिक कर दिया कि सन्सार के पेड़ों की संख्या अरबों गुना कम हो गयी। पर्वतों को तोड़ डाला, भूगर्भ-स्थित खनिजों का इतना दोहन किया कि आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा।जनसंख्या विस्फोट, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वनविनाश, अत्यधिक चराई, झूम कृषि तथा खनन गतिविधियाँ भूमि संसाधनों के क्षरण के प्रमुख कारण हैं। इनके अतिरिक्त रासायनिक उर्वरकों एवं पेस्टीसाइड्स पर आधारित पारम्परिक कृषि भी भूमि क्षरण का एक प्रमुख कारण है। हरित क्रान्ति के आगमन से कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए रासायनिक खादों, कीटनाशकों तथा शाकनाशकों के अंधाधुन्ध प्रयोग से न केवल वातावरण प्रदूषित हुआ है, अपितु भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने वाले सूक्ष्मजीवों की जनसंख्या में भी लगातार गिरावट दर्ज की गयी है जिससे मृदा की पैदावार शक्ति में कमी आयी है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों विशेषकर यूरिया के प्रयोग से भूमि अम्लीय हो जाती है। अम्लीय मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे कापर तथा जिंक पौधों को उपलब्ध नही हो पाते हैं। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की मृदा में आमतौर से कैल्शियम तथा पोटैशियम तत्वों का अभाव होता है। इसलिए इस प्रकार की मृदा में फसल की पैदावार में गिरावट आ जाती है। खेती के लिए मृदा का नैसर्गिक स्रोत पृथ्वी की सतह भूमि है। हमारे देश में सामान्यतः कृषि भूमि से अनुमन्य भूक्षरण की दर लगभग 7.5 टन प्रति हैक्टेयर प्रति वर्ष है, परन्तु वर्तमान दर लगभग 20-30 टन प्रति हैक्टेयर प्रति वर्ष तक पहुँच गयी है, जिसमें अधिकतम योगदान पर्वतीय क्षेत्रों का है। यह एक चिन्ता का विषय है जिसके लिए तुरन्त मृदा संरक्षण के उपयुक्त उपाय प्रयोग करना अत्यावश्यक है। मृदा पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत है जो कि जीवन बनाये रखने में सक्षम है किसानों के लिए मृदा का बहुत अधिक महत्व होता है, क्योंकि किसान इसी मृदा से प्रत्येक वर्ष स्वस्थ व अच्छी फसल की पैदावार पर आश्रित होते हैं बहते हुए जल या वायु के प्रवाह द्वारा मृदा के पृथक्कीकरण तथा एक स्थान से दूसर स्थान तक स्थानान्तरण को ही मृदा अपरदन से प्रभावित लगभग 150 मिलियन हैक्टेयर क्षेत्रफल है जिसमें से 69 मिलियन हैक्टेयर क्षेत्रफल अपरदन की गंभीर स्थिति की श्रेणी में रखा गया है मृदा की ऊपरी सतह का प्रत्येक वर्ष अपरदन द्वारा लगभग 5334 मिलियन टन से भी अधिक क्षय हो रहो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 57% भाग मृदा ह्रास के विभिन्न प्रक्ररों से ग्रस्त है जिसका 45% जल अपरदन से तथा शेष 12% भाग वायु अपरदन से प्रभावित है भारत एक कृषि प्रधान देश है, भोजन हमारी मूलभूत आवश्यकता है।

# डिजिटल युग में नेटवर्क से नेचर तक

लेकिन सवाल यह है कि जो पौधा मोबाइल के कैमरे के सामने लगाया गया, क्या वह अगले 5 जुलाई तक जिंदा भी रहता है? डिजिटल युग ने हमें जोड़ने का काम किया है, पर क्या इस जुड़ाव ने हमें सचमुच नेचर से जोड़ा है या सिर्फ नेचर की तस्वीरों से? यह सवाल आज सबसे जरूरी है क्योंकि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां हर चीज डेटा, एल्गोरिदम और स्क्रीन पर चलती है, और उसी स्क्रीन पर हम पर्यावरण को भी बचाते हुए दिखते हैं। तकनीक और प्रकृति का रिश्ता विरोधाभासी रहा है। एक तरफ नेटवर्क ने हमें ग्लोबल वार्मिंग, पिघलते ग्लेशियर और विलुप्त होती प्रजातियों की जानकारी रियल टाइम में दी। नासा के क्लाइमेट चेंज पोर्टल से लेकर इसरो के सैटेलाइट मैप तक, आज आम आदमी भी देख सकता है कि सुंदरबन हर साल कितना सिकुड़ रहा है या दिल्ली की एक्यूआई कब 400 पार कर जाती है। गूगल अर्थ इंजन पर कोई भी किसान अपने खेत के पास पिछले 30 साल में हुए जंगल के बदलाव को देख सकता है। एआई मॉडल अब जंगलों में आग लगने की भविष्यवाणी 3 दिन पहले कर देते हैं और ड्रोन से बीज बोने का काम 10 गुना तेजी से हो रहा है।





निरंजन कुमार

लेखक

पर्यावरण दिवस आते ही सोशल मीडिया पर हरे-भरे पौधों की तस्वीरें बाढ़ की तरह उमड़ पड़ती हैं। हर हाथ में एक पौधा, हर कैप्शन में धरती बचाने का संकल्प और हर स्टोरी में हैशटैग। यह दृश्य अब हर 5 जून की पहचान बन चुका है। लेकिन सवाल यह है कि जो पौधा मोबाइल के कैमरे के सामने लगाया गया, क्या वह अगले 5 जुलाई तक जिंदा भी रहता है? डिजिटल युग ने हमें जोड़ने का काम किया है, पर क्या इस जुड़ाव ने हमें सचमुच नेचर से जोड़ा है या सिर्फ नेचर की तस्वीरों से? यह सवाल आज सबसे जरूरी है क्योंकि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां हर चीज डेटा, एल्गोरिदम और स्क्रीन पर चलती है, और उसी स्क्रीन पर हम पर्यावरण को भी बचाते हुए दिखते हैं। तकनीक और प्रकृति का रिश्ता विरोधाभासी रहा है। एक तरफ नेटवर्क ने हमें ग्लोबल वार्मिंग, पिघलते ग्लेशियर और विलुप्त होती प्रजातियों की जानकारी रियल टाइम में दी। नासा के क्लाइमेट चेंज पोर्टल से लेकर इसरो के सैटेलाइट मैप तक, आज आम आदमी भी देख सकता है कि सुंदरबन हर साल कितना सिकुड़ रहा है या दिल्ली की एक्यूआई कब 400 पार कर जाती है। गूगल अर्थ इंजन पर कोई भी किसान अपने खेत के पास पिछले 30 साल में हुए जंगल के बदलाव को देख सकता है। एआई मॉडल अब जंगलों में आग लगने की भविष्यवाणी 3 दिन पहले कर देते हैं और ड्रोन से बीज बोने का काम 10 गुना तेजी से हो रहा है। तेलंगाना सरकार ने 2022 में एआई और ड्रोन की मदद से 50 लाख सीड बॉल्स गिराए, जिनमें से लगभग 40% अंकुरित हुए। यह तकनीक का वह चेहरा है जो सचमुच नेचर तक पहुंचता है। लेकिन दूसरी तरफ यही नेटवर्क दिखावे का सबसे बड़ा मंच भी बन गया है। पर्यावरण दिवस पर एक दिन का पौधारोपण अभियान चलाना, फोटो खींचना, पोस्ट करना और भूल जाना अब एक पैटर्न बन चुका है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर साल लगाए गए कुल पौधों में से केवल 60 से 65% ही तीन साल बाद तक जीवित बचते हैं। शहरी क्षेत्रों में यह दर और गिरकर 40% तक आ जाती है। कारण साफ है: पौधा लगाना इवेंट है, बचाना प्रक्रिया। प्रक्रिया में पानी देना, खाद, जानवरों से सुरक्षा और निराई-गुड़ाई शामिल है, जो कैमरे के दायरे से बाहर है। एआई युग में यह दिखावा और भी शातिर हो गया है। अब एआई जेनरेटेड जंगल की तस्वीरें, डीपफेक वीडियो में हरियाली और फिल्टर से हरे किए गए बैकग्राउंड पोस्ट करके लोग पर्यावरण प्रेमी होने का सर्टिफिकेट ले लेते हैं। जबकि हकीकत यह है कि एक घंटे की वीडियो स्ट्रीमिंग लगभग 55 ग्राम कार्बन उत्सर्जन करती है और एक एआई मॉडल को ट्रेन करने में कई घरों की सालभर की बिजली खर्च हो जाती है। विभिन्न शोध अध्ययनों के अनुसार जीपीटी -3 जैसे बड़े लैंग्वेज मॉडल को ट्रेन करने में 552 टन कार्बन डाइऑक्साइड निकला, जो 123 पेट्रोल कारों के सालभर चलने के बराबर है। यानी जिस फोन से हम पेड़ लगाने की सेल्फी डालते हैं, उसी फोन का डेटा सेंटर कहीं न कहीं एक पेड़ काटने के बराबर कार्बन पैदा कर रहा है। इसको समझने के लिए हमें नियम और कानून की जमीन पर भी उतरना होगा। भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनों की कमी नहीं है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत किसी भी जंगल की जमीन को गैर-वानिकी कार्य के लिए बदलने से पहले केंद्र की अनुमति जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 केंद्र को किसी भी क्षेत्र में प्रदूषण रोकने के लिए नियम बनाने की शक्ति देता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 ने पर्यावरण से जुड़े मामलों के तेजी से निपटारे के लिए अलग न्यायालय बनाया। 2023 में लाया गया वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023 ने जंगल की परिभाषा को और स्पष्ट किया, हालांकि कुछ पर्यावरणविदों ने इसके दुरुपयोग की आशंका भी जताई। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम 2016 और उसके 2022 के संशोधन ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाई। ई-कचरा प्रबंधन नियम 2022 ने इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों पर उनके उत्पाद के निपटान की जिम्मेदारी डाली, जिसे एढफ यानी एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी कहते हैं। इन कानूनों के बावजूद जमीन पर पालन एक चुनौती है। ठॠळ में 2023 में ही पर्यावरण उल्लंघन के 3000 से ज्यादा मामले दर्ज हुए। इसका मतलब कानून हैं, पर निगरानी और नीयत में कमी है। अब जब एआई युग में हम हैं तो कानूनों को भी डिजिटल होना पड़ेगा। कैमरा आधारित सर्विलांस से जंगलों की कटाई पकड़ी जा सकती है। क्रफ्ड का भूवन पोर्टल पहले ही सैटेलाइट से अवैध खनन ट्रैक कर रहा है। ब्लॉकचेन तकनीक से हर लगाए गए पेड़ को एक यूनिक डिजिटल आईडी दी जा सकती है, जिससे उसकी जियो-टैग लोकेशन, लगाने की तारीख और बाद की ग्रोथ फोटो समय-समय पर अपलोड हो। अगर 6 महीने तक कोई अपडेट नहीं आया तो सिस्टम खुद अलर्ट जारी कर दे। महाराष्ट्र के कुछ जिलों में वन विभाग ने ह्लवृक्ष लागवड ट्रैकर ऐपह्व शुरू किया है जहां पौधा लगाने वाला व्यक्ति हर महीने फोटो अपलोड करता है। ऐसा मॉडल पूरे देश में लागू हो तो सोशल मीडिया की दिखावे वाली हरियाली की जगह असली हरियाली का डेटा मिलेगा। एआई यहां एक ऑडिटर की भूमिका निभा सकता है। सैटेलाइट इमेज से हर तिमाही में ग्रीन कवर की गणना करके यह बताया जा सकता है कि पिछले पर्यावरण दिवस पर लगाए गए 10 लाख पौधों में से कितने वास्तव में पेड़ बने। सच्चाई यह भी है कि डिजिटल कार्बन फुटप्रिंट अब नेचर के लिए नया खतरा है। एक रिपोर्ट के अनुसार इंटरनेट और उससे जुड़े उपकरण वैश्विक बिजली का लगभग 7% इस्तेमाल करते हैं। हर गूगल सर्च से 0.2 ग्राम कार्बन निकलता है। हम दिन में 50 बार इंस्टाग्राम खोलकर पर्यावरण बचाने की रील देखते हैं, पर यह नहीं सोचते कि डेटा सेंटर को ठंडा रखने के लिए लाखों लीटर पानी रोज खर्च होता है।

# भारत म्यांमार संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति ह्लाइंग के बीच हुई विस्तृत वार्ता में व्यापार, निवेश, रक्षा, सीमा सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में भारत और म्यांमार का सहयोग न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, भारत और म्यांमार के बीच संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार से लेकर व्यापारिक संपर्कों तक दोनों देशों का इतिहास एक-दूसरे से जुड़ा रहा है। म्यांमार में भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी निवास करती है, जिसने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी दोनों देशों ने अपने संबंधों को निरंतर मजबूत करने का प्रयास किया। भारत की एक्ट ईस्ट नीति में म्यांमार की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है।





जितेन्द्र कुमार सिन्हा

लेखक

भारत और म्यांमार के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के बीच के राजनयिक रिश्ते नहीं हैं, बल्कि यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और सामरिक महत्व से जुड़े हुए हैं। हाल ही में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग इंग की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों को एक नई दिशा प्रदान की है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति इंग के बीच हुई विस्तृत वार्ता में व्यापार, निवेश, रक्षा, सीमा सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में भारत और म्यांमार का सहयोग न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, भारत और म्यांमार के बीच संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार से लेकर व्यापारिक संपर्कों तक दोनों देशों का इतिहास एक-दूसरे से जुड़ा रहा है। म्यांमार में भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी निवास करती है, जिसने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी दोनों देशों ने अपने संबंधों को निरंतर मजबूत करने का प्रयास किया। भारत की एक्ट ईस्ट नीति में म्यांमार की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है। राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह आश्वासन दिया कि म्यांमार की धरती का उपयोग भारत के सुरक्षा हितों के विरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा। यह आश्वासन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा म्यांमार से लगती है। अतीत में कुछ उग्रवादी संगठनों ने सीमा पार क्षेत्रों का उपयोग अपने ठिकानों के रूप में किया था। ऐसे में म्यांमार की ओर से दिया गया यह भरोसा दोनों देशों के बीच विश्वास को और मजबूत करता है। सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने बेहतर समन्वय, संयुक्त गश्त और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान पर भी बल दिया। इससे सीमा पार अपराध, अवैध हथियारों की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने में सहायता मिलेगी। भारत और म्यांमार के बीच व्यापारिक संबंधों में अभी भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहित करने पर सहमति व्यक्त की है। म्यांमार प्राकृतिक गैस, खनिज संसाधनों और कृषि उत्पादों से समृद्ध देश है, जबकि भारत एक विशाल उपभोक्ता बाजार और तकनीकी विशेषज्ञता वाला देश है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं। व्यापार बढ़ने से सीमा क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि। रोजगार के नए अवसरों का सृजन। पूर्वोत्तर भारत के विकास को गति। क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती। निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा में लाभ होंगे। भारत पहले से ही म्यांमार में अनेक विकास परियोजनाओं में निवेश कर रहा है। आने वाले समय में यह निवेश और बढ़ने की संभावना है। भारत की एक्ट ईस्ट नीति का सबसे महत्वपूर्ण आधार म्यांमार है। म्यांमार के माध्यम से भारत दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों तक अपनी आर्थिक और रणनीतिक पहुंच को मजबूत कर सकता है। कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना तथा भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसी परियोजनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से पूर्वोत्तर भारत के राज्यों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होगी। इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक के दौरान दोनों देशों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया। भारत लंबे समय से चिकित्सा शिक्षा, दवा निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। म्यांमार में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए भारतीय विशेषज्ञता और तकनीकी सहायता महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसके अलावा चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं मौजूद हैं। भारतीय दवा उद्योग म्यांमार को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत और म्यांमार ने शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, छात्रवृत्तियों तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान म्यांमार के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। वहीं संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच लोगों के स्तर पर संबंधों को और मजबूत करेगा। आज का युग डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है। भारत दुनिया के प्रमुख डिजिटल नवाचार केंद्रों में शामिल हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और अन्य उभरती तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह सहयोग डिजिटल शासन। साइबर सुरक्षा। स्मार्ट कृषि। स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण। शिक्षा में तकनीकी नवाचार। ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हो सकता है।



डॉ ईश्वर बोहरा

# कम दर्द, तेज रिकवरी: हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी में DAA तकनीक बनी मरीजों के लिए वरदान

नई दिल्ली। लगातार बढ़ता हिप दर्द, चलने-फिरने में परेशानी और उठने-बैठने के दौरान होने वाली असहजता आज बड़ी संख्या में लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रही है। ऐसे मरीजों के लिए अब हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी का एक आधुनिक और अत्याधुनिक विकल्प सामने आया है, जिसे डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच (DAA) टोटल हिप रिप्लेसमेंट कहा जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक मरीजों को कम दर्द और तेज रिकवरी का लाभ प्रदान कर रही है। BLK-MAX सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सीनियर डायरेक्टर एवं सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. ईश्वर बोहरा के अनुसार, ऊअअ तकनीक पारंपरिक हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की तुलना में अधिक सुरक्षित, कम दर्दनाक और तेजी से रिकवरी देने वाली प्रक्रिया है। डॉ. बोहरा बताते हैं कि इस तकनीक में हिप जॉइंट तक शरीर के सामने वाले हिस्से से एक छोटे चीरे के माध्यम से पहुंचा जाता है। पारंपरिक सर्जरी के विपरीत इसमें मांसपेशियों को काटा नहीं जाता, बल्कि उन्हें सावधानीपूर्वक अलग किया जाता है। इससे ऊतकों को कम नुकसान पहुंचता है और मरीज को ऑपरेशन के बाद कम दर्द का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तकनीक उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो लंबे समय से हिप दर्द, चलने-फिरने में कठिनाई या एक्स-रे में दिखाई देने वाली गंभीर जॉइंट क्षति से जूझ रहे हैं। ऑस्टियोआर्थराइटिस, एवास्कुलर नेक्रोसिस (AVN), पुराने हिप फ्रैक्चर, रूमेटाइड आर्थराइटिस और लंबे समय से गतिशीलता संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को इससे विशेष लाभ मिल सकता है। जब दवाइयां, फिजियोथेरेपी और इंजेक्शन राहत देने में असफल हो जाते हैं, तब ऊअअ हिप रिप्लेसमेंट मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. बोहरा के अनुसार, ऊअअ तकनीक के कई फायदे हैं। इसमें छोटा चीरा लगाया जाता है, मांसपेशियों को नुकसान नहीं पहुंचता, रक्तस्राव कम होता है और मरीज जल्दी चलना-फिरना शुरू कर सकता है। अधिकांश मरीज ऑपरेशन वाले दिन ही चलने लगते हैं, अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहते हैं और तीन से चार सप्ताह के भीतर अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आते हैं। सर्जरी को लेकर मरीजों के मन में रहने वाले दर्द के डर को भी डॉ. बोहरा ने निराधार बताया। उनका कहना है कि आधुनिक दर्द प्रबंधन तकनीकों की मदद से अब ऑपरेशन के बाद होने वाली असुविधा बेहद कम हो गई है और रिकवरी पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक इम्प्लांट 25 वर्षों से अधिक समय तक प्रभावी रह सकते हैं। स्वस्थ वजन बनाए रखना और नियमित व्यायाम करना इम्प्लांट की आयु और प्रभावशीलता को और बढ़ा सकता है। सर्जरी के बाद मरीज सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकते हैं। वे अपने काम पर लौट सकते हैं, घरेलू गतिविधियां कर सकते हैं तथा योग, स्टेशनरी साइक्लिंग और तैराकी जैसी हल्की शारीरिक गतिविधियों में भी भाग ले सकते हैं। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मरीजों को दर्दमुक्त और सक्रिय जीवन प्रदान करना है। डॉ. बोहरा ने यह भी बताया कि सफल सर्जरी और बेहतर रिकवरी के लिए ऑपरेशन से पहले की तैयारी भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। मरीजों को अपने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हृदय स्वास्थ्य को नियंत्रित रखना चाहिए, डॉक्टर को अपनी सभी दवाओं की जानकारी देनी चाहिए, फिजियोथेरेपी करनी चाहिए और घर पर आरामदायक रिकवरी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हिप दर्द किसी व्यक्ति की जीवनशैली और दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है, तो समय रहते उपचार कराना बेहद जरूरी है। DAA तकनीक ने हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी को पहले से अधिक सुरक्षित, सरल और प्रभावी बना दिया है, जिससे मरीज कम समय में अपनी सामान्य जिंदगी में लौट पा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के जनप्रतिनिधियों के मुकदमों की सूची हम तैयार कर रहे हैं - प्रवक्ता संजीव सिंह

वाराणसी। कांग्रेस के प्रवक्ता संजीव सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आक्रोश सभा में बैठे हुए तमाम नेता एवं जनप्रतिनिधि भी स्वयं के मुकदमों की बड़ी संख्या रखते हैं। भाजपा के जनप्रतिनिधियों के मुकदमों की सूची हम तैयार कर रहे हैं। मुकदमों की सूची में सिर्फ वाराणसी के ही जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के भाजपा के जनप्रतिनिधियों का नाम शामिल किया जा रहा है। प्रवक्ता संजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के एआई वीडियो को लेकर जिस प्रकार आक्रोश सभा का आयोजन किया गया, और तथ्यों की जांच नहीं की जा रही है, यह सरासर गलत है। अजय राय बिगड़ते कानून व्यवस्था पर आगे भी बोलते रहेंगे। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ झंडा बुलंद करते हुए मिलेंगे। वाराणसी में भूमिहार सियासत पर संजीव सिंह ने कहा कि अजय राय केवल भूमिहार नेता नहीं है, वह वाराणसी के हर वर्ग और प्रत्येक समाज के नेता है। हर वर्ग का और हर समाज का व्यक्ति अजय राय को अपना मानता है। कांग्रेस पार्टी का वाराणसी में लंबा इतिहास रहा है, इसमें आपराधिक छवि के लोग खुद ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए हैं। आज वही लोग अजय राय को घेरने की कोशिश कर रहे हैं।

### लखनऊ में सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने गोली मारकर की आत्महत्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकासनगर थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-सी, सबोली निवासी संदीप सिंह (52) निजी सुरक्षा संस्था ह्रश्री राम सिक्योरिटी एजेंसीह्न में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी एवं दो पुत्रियां हैं। भाई प्रदीप ने बताया कि भैया संदीप शराब के लती थे और देर रात उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। घटना के उपरांत परिजन उन्हें तत्काल ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जिस कमरे में घटना हुई, वहां जांच के दौरान लाइसेंसी रिवॉल्वर एवं रक्त के निशान पाए गए हैं। घटनास्थल के वैज्ञानिक परीक्षण ने फील्ड यूनिट की मदद से साक्ष्य जुटाए । पुलिस ने नियमानुसार पंचायतनामा एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### लेआउट को सात दिनों में मंजूरी दे रहा वाराणसी विकास प्राधिकरण

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के सख्त निर्देश के बाद सात दिनों में लेआउट को मंजूरी मिल रही है। जमीन का लेआउट स्वीकृत कराने वाले राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव और विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण के द्वारा आराजी संख्या -565 के मौजा मढ़नी, परगना जाल्हूपुर में 5335.44 वर्ग मीटर के लेआउट को स्वीकृत करने के लिए फाइल जमा की गई थी। जिसमें उनकी जमीन के लेआउट को सात दिन में स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से 5335.44 वर्ग मीटर के लेआउट को मंजूरी मिलने के बाद अब प्लाट बेचने की तैयारी की जा रही है। जमीन का मूल्य 45 लाख रुपये बीसवां रखा गया है। जाल्हूपुर क्षेत्र में जमीन पाने का यह सुनहरा अवसर है जिसमें किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। वही, वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि जमीन से जुड़े लेआउट को स्वीकृत करने की तमाम कागजी कार्रवाई करने के बाद उसे शीघ्रता से स्वीकृत करें।

### मानसिक तनाव के चलते युवक ने की आत्महत्या

नोएडा। नोएडा के थाना ईकोटेक -प्रथम क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना ईकोटेक -प्रथम के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि दीपक कुमार शर्मा पुत्र शालिग्राम शर्मा मूल निवासी जनपद फतेहपुर मौजूदा समय में लुक्सर गांव में रहते थे। उन्होंने बताया कि बीती रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि धर्मपाल पुत्र किरण पाल उम्र 46 वर्ष की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री योगी ने दिए सभी होटलों-भवनों की फायर सेफ्टी आडिट का निर्देश, गड़बड़ी मिलने पर नपेंगे अधिकारी और गरजेगा बुलडोजर

● प्रक मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में आगे कहा कि अग्निशमन सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों को निर्देश दिए है

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निशमन सुरक्षा सुनिश्चिचत करने के लिए सभी बहुमंजिला भवनों, सरकारी व निजी दफ्तरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल और होटलों की व्यापक स्तर पर सघन जांच करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित विभागों को जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि संबंधित भवनों में आग से बचाव के सभी उपाय हैं या नहीं। अन्यथा घटना होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। माना जा रहा है कि अब नियमों के खिलाफ होटलों-दुकानों और शोरूम व अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई हो सकती है। दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने की दुखद घटना में 21 लोगों की मौत व कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भवनों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी प्रकार के हादसे में जान की रक्षा की जा सके; मुख्यमंत्री योगी ने जीवन को अमूल्य बताते हुए भवनों में अग्नि व अन्य कारणों से होने वाली घटनाओं से व्यक्ति को बचाया जा सके; इसके लिए लोक निर्माण विभाग,विद्युत सुरक्षा निदेशालय, स्थानीय व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग और संबंधित संस्थाओं के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थिति भवनों की गहन जांच करें और देखें सुरक्षा के मानकों का पालन हो रहा है या नहीं । अग्निशमन के सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्धता की क्या स्थिति है । अगर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो जरूरी कार्यवाही करते हुए मानकों का पालन कराकर हादसों की रोकथाम को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में आगे कहा कि अग्निशमन सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों को निर्देश दिए है कि जांच कर फायर सेफ्टी आडिट की जाए। सभी होटलों की स्पेशल जांच कर ऑडिट की जाए। सभी परिसरों में आग बुझाने वाले उपकरणों, आपातकालीन निकास और पानी की उपलब्धता की बारीकी से जांच कर लें। चेकिंग के दौरान जिन भी इमारतों या होटलों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाई जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द सेफ्टी ऑडिट पूरा करें और कमियों को दूर कराएं। ह्लजनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन और पुलिस बल की कार्रवाई तेज हो गई है।

# विश्व में स्त्री का नेतृत्व होता तो शायद धरती का स्वरूप कुछ और होता : डॉ नीरजा माधव

प्रात : किरण संवाददाता




सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में राष्ट्र सेविका समिति समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेखिका डॉ. नीरजा माधव ने कहा कि स्त्री राष्ट्र के निर्माण न3 अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज यदि विश्व में स्त्री का नेतृत्व होता तो शायद जिस तरह से चारों ओर युद्ध की विभीषिका दिख रही है वह न होती और धरती का स्वरूप कुछ और ही होता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महिला इकाई राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित प्रवेश शिक्षा वर्ग-2026 (काशी एवं गोरक्ष प्रांत) के समापन समारोह का आयोजन बुधवार की देर शाम तक सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुलतानपुर में आयोजित किया गया। डॉ माधव ने आगे कहा कि स्त्री के अंदर की शक्ति कभी विध्वंशक, नकारात्मक नहीं होती है। इसीलिए अपने वेदों, पुराणों में शक्ति के रूप में, ऊर्जा के रूप में उनकी तुलना की गयी है। राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका एवं मुख्य वक्ता शांता आक्का ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज, राष्ट्र एवं स्वयं के संरक्षण तथा उत्थान के लिए सदैव सजग और तत्पर रहना ही राष्ट्र सेविका समिति का अंतिम ध्येय है। पूरे विश्व में शान्ति ही लक्ष्य है। समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं स्वयं सेविकाओं ने सामूहिक रूप से घोष, योग, आसन, दण्ड प्रहार आदि का शानदार प्रदर्शन किया। 17 जिलों से आईं 77 बहनों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें 55 परिवारों की माताओं से प्रतिभाग कर रोटी संकलित कर वर्ग की बहनों को दिया गया। आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 19 मई से 3 जून तक चला। समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में सेविकाएं एवं गणमान्य नागरिक सहित प्रान्त कार्य वाहिका माया, शशि, सुमन सिंह आदि उपस्थित रहीं। सुलतानपुर की विभाग कार्यवाहिका कुसुम सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# मां के दरबार तक कांटों भरा सफर ! सड़क चौड़ीकरण अधूरा, श्रद्धालु ठोकर खाते पहुंच रहे शीतला धाम

प्रात : किरण संवाददाता

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में चुनार क्षेत्र के प्रसिद्ध अदलपुरा बड़ी शीतला माता धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को इन दिनों आस्था के साथ-साथ मुश्किलों की भी परीक्षा देनी पड़ रही है। धाम तक पहुंचने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य महीनों से अधूरा पड़ा है। सड़क खोदकर उस पर गिट्टी और भस्सी डाल दी गई है, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। नतीजा यह है कि श्रद्धालुओं को धूल, गिट्टी और ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरकर मां के दरबार तक पहुंचना पड़ रहा है। बताया जाता है कि जनवरी माह में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पुरानी सड़क उखाड़ दी गई थी। इसके बाद गिट्टी-भस्सी बिछाकर काम रोक दिया गया। छह माह बीतने के बाद भी सड़क की पेंटिंग और फिनिशिंग का कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ रही है। अदलपुरा बड़ी शीतला माता धाम में प्रतिदिन पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। कई भक्त मन्नत पूरी होने पर दंडवत यात्रा करते हुए, तो कई भजन-कीर्तन करते हुए मां के दरबार तक पहुंचते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं को गिट्टी और भस्सी से भरे मार्ग पर काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। धूल उड़ने से राहगीरों और दुकानदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बाइक सवार श्रद्धालु असमतल सड़क पर फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। बरसात शुरू होने के साथ ही स्थिति और खराब होने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय अवर अभियंता रामकेश राजू का बयान भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, ईरान और इजरायल समेत कई देशों में चल रहे युद्ध के कारण डामर की कीमतों में वृद्धि हुई है। डामर महंगा होने की वजह से सड़क की पेंटिंग का कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। जैसे ही डामर की कीमतें कम होंगी, सड़क निर्माण का शेष कार्य पूरा कराया जाएगा। हालांकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय हालात अपनी जगह हैं, लेकिन धार्मिक स्थल तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्ग को महीनों तक अधूरा छोड़ देना उचित नहीं है।

# लाखों की लागत से बना आरओ प्लांट बना शोपीस, वर्षों से बंद पड़ा

प्रात : किरण संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में विकास खंड सलेमपुर की ग्राम पंचायत ईटहुआ चंदौली में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित आरओ प्लांट वर्षों से बंद पड़ा है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह प्लांट अब केवल शोपीस बनकर रह गया है। रखरखाव के अभाव में प्लांट परिसर में झाड़ियां उग आई हैं और पूरा क्षेत्र बदहाल स्थिति में दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए इस आरओ प्लांट की स्थापना की गई थी। शुरूआती दिनों में लोगों को इसका लाभ भी मिला, लेकिन बाद में तकनीकी खराबी और उचित रखरखाव के अभाव में इसका संचालन प्रभावित होने लगा। धीरे-धीरे प्लांट पूरी तरह बंद हो गया और अब जर्जर अवस्था में खड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की सरकारी धनराशि खर्च कर बनाई गई इस महत्वपूर्ण परियोजना की अनदेखी से सरकारी संसाधनों का नुकसान हो रहा है। उनका आरोप है कि यदि समय-समय पर इसकी मरम्मत और देखरेख की जाती, तो आज भी गांव के लोग शुद्ध पेयजल का लाभ प्राप्त कर सकते थे। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से प्लांट को जल्द से जल्द चालू कराने की मांग की है। ग्रामीण अनिल ,सुनील , मकसूदन का यह भी कहना है कि गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल की आवश्यकता और बढ़ जाती है। ऐसे में आरओ प्लांट बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की प्रधान अलका खरवार के प्रतिनिधि भरथ ने बताया कि आरओ प्लांट का निर्माण पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में कराया गया था। उन्होंने कहा कि प्लांट के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी कुछ वर्षों तक संबंधित कंपनी के पास थी। अनुबंध अवधि समाप्त होने के बाद नियमित रखरखाव नहीं हो सका, जिसके चलते प्लांट बंद हो गया।

# सुलतानपुर में पुल से नदी में कूदकर महिला ने दी जान

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में बुधवार रात कोतवाली नगर अंतर्गत एक महिला ने छलांग लगा दी। महिला बांस-बल्ली से टकराकर नदी में गिरी और उसकी ही मौत हो गई। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने गुरुवार को बताया कि लगभग 50 वर्षीय महिला ने बुधवार की शाम को पुल से नीचे छलांग लगाई थी। वह सीधे पानी में न गिरकर पुल के नीचे लगी बांस-बल्लियों से जा टकराने के बाद नदी में गिरी और महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने महिला के शव को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के इलाकों में उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# मीरजापुर : धुंधी कटरा बाजार में बनी दुकानों में लगी आग

● चार घंटे तक आग बुझाते रहे अग्निशमन कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता




मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में गुरुवार की सुबह नगर के धुंधी कटरा बाजार में अचानक धुएं और आग की लपटों से घिर गया। देखते ही देखते एक दुकान से उठी आग ने आसपास के प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। भीषण आग देख बाजार में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और दुकानदार अपने सामान को बचाने के लिए जान जोखिम में डालकर भाग-दौड़ करते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसमान में उठता काला धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। आग इतनी भीषण थी कि घंटों की मशक्कत के बाद भी उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। दुकानदार शैलेंद्र ने बताया कि अचानक दुकान से धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों की तीव्रता के आगे प्रयास नाकाफी साबित हुए। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बाजार के आसपास बैरिकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही सीमित कर दी और काफी देर तक दमकल कर्मी आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए जुटे रहे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग की जानकारी मिलते ही नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रभावित व्यापारियों से बातचीत कर नुकसान का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने व्यापारियों से अपनी दुकानों का बीमा कराने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी आपदाओं के समय बीमा आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। वहीं नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में कूलर से लगा 47 वर्षीय व्यक्ति को करंट, अस्पताल में मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियापुर गांव में रहने वाले एक 47 वर्षीय व्यक्ति को उनके घर रखे हुए कुलर से करंट लग गया। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने गुरुवार को बताया कि मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के रहने वाले चंद्र किरण पुत्र करण सिंह उम्र 47 वर्ष थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियापुर गांव में अपने भाई के साथ रह रहे थे। मकान में बीती रात को उन्हें घर में रखे हुए कूलर से करंट लग गया। परिजनों ने गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# विषाक्त पदार्थ सेवन से विवाहिता की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया

● पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

प्रात : किरण संवाददाता

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में जिगना थाना क्षेत्र के मनिकठी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से एक विवाहिता की उपचार के दौरान बुधवार देर रात मौत हो गई। । 26 वर्षीय संतरा देवी पत्नी सुशील कुमार बिंद ने बुधवार दोपहर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई ले गए। वहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल में भी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर बीएचयू भेज दिया। जहां उपचार के दौरान देर रात विवाहिता ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया। मृतका अपने पीछे चार वर्षीय बेटी श्रद्धा, दो वर्षीय पुत्र सतीश और एक वर्षीय पुत्र संदीप को छोड़ गई है। मां की मौत से तीनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया, वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है। विवाहिता ने किन परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन किया, इसे लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएँ हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच चल रहे घरेलू विवाद के चलते उसने यह कदम उठाया।

# पुलिस मुठभेड़ में उत्तराखंड के दो बदमाश घायल

प्रात : किरण संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर स्थित थाना सदर बाजार क्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस और लूट के दो आरोपित के बीच हुई मुठभेड़ में दोनों आरोपित गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पन्त ने गुरुवार को बताया कि बीती देर रात सदर बाजार पुलिस को सूचना मिली कि लूट के मामले में वांछित दो आरोपित मोटरसाइकिल से किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से कैंट क्षेत्र में मछली मार्केट से पुवायां की तरफ जा रहा है। आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस और एसओजी की संयुक्त की टीम ने चांदमारी बट की तरफ जाने वाले रास्ते पर चैकिंग शुरू कर दी। इसी बीच मोटरसाइकिल से आ रहे दो आरोपितों को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। जिसपर मोटरसाइकिल सवार आरोपितो ने अपनी मोटरसाइकिल मोड़ दी और भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने आरोपित का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस से बचने के लिए आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

# एसी की इनडोर यूनिट में ओवरहीटिंग से लगी आग

नोएडा। उत्तर प्रदेश के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी के टावर सात के 1404 नम्बर फ्लैट में लगे स्प्लिट एसी की इनडोर यूनिट में आज तड़के पटाखे जैसी आवाज के साथ आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कमरे में सो रहे फ्लैट मालिक राजन ने सोसायटी की रखरखाव टीम और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आज तड़के करीब सवा तीन बजे आग की सूचना मिली। यह भी बताया गया कि दो लोग फ्लैट में फंसे हैं। तत्काल चार गाड़ियों संग टीम को रवाना किया गया, लेकिन फ्लैट के अंदर फंसे दो लोग पहले ही निकल गए थे। सोसायटी के फायर सिस्टम से आग बुझा दी गई थी। अग्निशमन की गाड़ियो की जरूरत नहीं पड़ी। ना ही कोई जनहानि हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच मे एयर कंडीशन में ओवरहीटिंग से आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन ऋतु में एयर कंडीशन से आग लगने की बेतहाशा घटनाएं हुई है।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चे ने सांप को दांतों से काट डाला

● परिजनों के मुताबिक, मासूम ने उसे खेलते-खेलते मुंह में डाल कर काटने लगा।

प्रात : किरण संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के सोपरी बुजुर्ग गांव में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। घर के बाहर खेल रहे 18 माह के मासूम ने सांप के बच्चे को मुंह में डाल कर दांत से काट काट अलग-अलग हिस्सा कर दिया ।परिवार के लोगों ने इलाज के लिएमेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया ।चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सेगोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार,गौरी बाजार थाना क्षेत्र के सोपरी बुजुर्ग गांव निवासी जशवंत निषाद का पुत्र पीयूष (18 माह) जो बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे एक छोटा सांप दिखाई दिया। परिजनों के मुताबिक, मासूम ने उसे खेलते-खेलते मुंह में डाल कर काटने लगा। कुछ देर बाद परिवार के लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी तो उसके पास सांप का कटा हुआ हिस्सा पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजन घबरा गए और तत्काल बच्चे को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया । वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने बताया कि विषैले जीव-जंतुओं के संपर्क में आने पर तत्काल उपचार और लगातार चिकित्सकीय निगरानी आवश्यक होती है। उन्होंने अभिभावकों से छोटे बच्चों पर विशेष नजर रखने की अपील की, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति सांप अथवा अन्य विषैले जीव के संपर्क में आता है, तो घरेलू उपचार या झाड़-फूंक पर भरोसा न करें। ऐसे मामलों में तुरंत निकटतम अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सहायता लेना ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं। वहीं परिजन बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। यह घटना छोटे बच्चों की सुरक्षा और उन पर सतत निगरानी की आवश्यकता को भी उजागर करती है।

# देवरिया में चार तस्कर गिरफ्तार,1.20 करोड़ का गांजा जब्त

देवरिया। उत्तर प्रदेश की एसटीएफ और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सलेमपुर सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने गिरोह के चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया। सलेमपुर कोतवाल पुलिस ने पुष्टि करते हुए बताया कि एसटीएफ और एनसीबी ने सयुंक्त कार्रवाई में चार तस्करों को पकड़ा है। इनकी पहचान मध्य प्रदेश के सतना निवासी आशीष पांडे और संदीप कोल, देवरिया निवासी रितेश जायसवाल और आदर्श जायसवाल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गिरोह असम से गांजे की खेप मंगाकर उत्तर प्रदेश समेत आसपास के क्षेत्रों में उसकी आपूर्ति करता था। आरोपितों की महिंद्रा पिकअप वाहन से लगभग दो क्विंटल गांजा बरामद किया गया। इसके बाद मुख्य तस्कर रितेश जायसवाल के घर पर छापेमारी की गई, जहां से करीब दो क्विंटल गांजा और बरामद हुआ। कुल मिलाकर लगभग चार क्विंटल गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.20 करोड़ रुपये है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि रितेश जायसवाल और असम के तस्कर टिंकू मंसूर के माध्यम से गांजे की खेप मंगवाता था। मध्य प्रदेश के आशीष पांडे और संदीप कोल असम के मीसामारी क्षेत्र से पिकअप वाहन में गांजा लेकर देवरिया पहुंचाते थे। यहां से इसकी सप्लाई विभिन्न जिलों और राज्यों में की जाती थी। तस्करों ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए वाहन पर सीआरपीएफ का स्टीकर लगा रखा था। रास्ते में पूछताछ होने पर वे वाहन में सीआरपीएफ जवानों का घरेलू सामान होने की बात कहकर जांच से बचने का प्रयास करते थे। इसी तरीके से वे लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे। एसटीएफ और एनसीबी को गिरोह की गतिविधियों की गोपनीय सूचना मिली थी। इसके बाद संयुक्त टीम ने सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के सहला के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी के दौरान गांजे की बड़ी खेप बरामद होने पर चारों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

# टीजीटी परीक्षा : पहली पाली में 4227 अभ्यर्थी हुए शामिल, कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्रों का जिलाधिकारी लेते रहे जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा गुरुवार से देवरिया जिले के 11 केंद्रों में आयोजित की गई। पहली पाली में 4,227 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में आठ केंद्रों पर 2,859 अभ्यर्थियों के शामिल होने का कार्यक्रम है। परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह सात बजे से ही परीक्षा केंद्रों के गेट खोल दिए गए थे। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। देवरिया के अलावा गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया और मऊ सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की तीन चरणों में जांच की गई। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। परीक्षा नियमों के तहत कान की बाली, टॉप्स, अंगूठी, चेन, बिछिया सहित अन्य धातु के आभूषण उतरवाए गए। इसके बाद प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान किया गया तथा बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों ने बताया कि जांच प्रक्रिया में कुछ समय लगा, लेकिन परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक थी। टीजीटी परीक्षा के कारण शहर में सुबह से ही चहल-पहल बढ़ गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और प्रमुख मार्गों पर अभ्यर्थियों की आवाजाही दिखाई दी। कई अभ्यर्थी अपने परिजनों के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। केंद्रों के बाहर चाय, नाश्ता और स्टेशनरी की दुकानों पर भी भीड़ रही। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के आसपास वाहनों की अधिक संख्या के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया और उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा कराया। पुलिस की तत्परता से जल्द ही यातायात सामान्य हो गया। प्रश्नपत्रों को कलेक्ट्रेट स्थित ट्रेजरी से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। सभी केंद्रों पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा की निगरानी की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई होगी। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा के प्रथम सत्र के दौरान जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# उत्तर प्रदेश में 206 पुलिस अफसरों का स्थानांतरण

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गुरुवार को बड़े पैमाने में पुलिस विभाग में तबादला हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 206 पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। लखनऊ में तैनात तकरीबन 12 डिप्टी एसपी का भी तबादला हुआ है। तबादले के क्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार द्वितीय को शाहजहांपुर भेजा गया है। महाराजगंज में तैनात अनुरूद्ध कुमार को महाराजगंज महोबा, अशोक कुमार मिश्रा द्वितीय को भदोही से सेना नायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, अभिषेक सिंह को कौशांबी से बलरामपुर, अजय कुमार श्रोतिया को झांसी से अमरोहा, पंकज पंत को शाहजहांपुर से रामपुर, उदय प्रता सिंह द्वितीय के गोरखपुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया है। लखनऊ में तैनात सतीश कुमार राय को मेरठ में पीएसी की छठवीं वाहिनी भेजा गया है। लखनऊ में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त अभय कुमार मल्ल को बलरामपुर, महोबा में तैनात गौरव उपाध्याय और अंबेडकरनगर में तैनात शुभम कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री सुरक्षा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे गए राजेश कुमार सिंह को अब लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती मिली है। कासगंज में तैनात शाहिदा नसरीन को लखनऊ कमिश्नरेट, तो वहीं लखनऊ में तैनात शिप्रा पांडेय को डीजीपी मुख्यालय में आईजी कानून-व्यवस्था के कार्यालय में तैनात किया गया है। अनुष्का को लखनऊ से प्रयागराज स्थित पीएसी की चतुर्थ वाहिनी, सुरेंद्र शर्मा को लखनऊ से बरेली में पीएसी की 8वीं वाहिनी, वीरेंद्र विक्रम को लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया और अतुल कुमार पांडेय को रामपुर से लखनऊ कमिश्नरेट में नवीन तैनाती दी है। इसी तरह अन्य पुलिस अफसरों का स्थानांतरण हुआ है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 जून, 2026



## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री योगी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे तुलसीपुर

उत्तर प्रदेश, बलरामपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय भ्रमण पर तुलसीपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को तुलसीपुर व गैसड़ी विधानसभा गैसड़ी क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल, आईजी, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने देवीपाटन मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं वीआईपी प्रोटोकॉल से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी महाराज के साथ बैठक की है। गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के चमरवोझिया गांव में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम लेकर तैयारी चल रही है।मंदिर बैठक उपरांत कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया है। अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, मंच, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपराह्न लगभग 4 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम बाद वह सीधे देवी पाटन मंदिर पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक का भी कार्यक्रम है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार का दिन कार्यकताओं के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 55वां जन्मदिवस भी है। उन्होंने कहा कि यह जनपद के कार्यकताओं के लिए सौभाग्य का विषय है कि मुख्यमंत्री अपने जन्मदिवस पर बलरामपुर जनपद में कार्यकताओं और जनता के बीच उपस्थित रहेंगे। जन्मोत्सव को लेकर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और विभिन्न स्वागत कार्यक्रमों की तैयारियां भी की जा रही हैं।

### राजा कंसा पासी के किले की मुक्ति के लिए यात्रा निकालेगी लाखन आर्मी

लखनऊ। लखनऊ के मलिहाबाद स्थित राजपासी राजा कंसा के किले और भगवान शिव मंदिर की मुक्ति के लिए लाखन आर्मी प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान चलायेगी। लाखन आर्मी के अध्यक्ष सूरज पासी ने गुरुवार को लखनऊ प्रेसक्लब में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि जन जागरण यात्रा 09 जून को हरदोई से प्रारम्भ होगी। प्रदेश के 31 जिलों से होते हुए 09 जुलाई को लखनऊ में यात्रा का समापन होगा। सूरज पासी ने कहा कि राजपासी राजा कंसा के ऐतिहासिक किले और भगवान शिव मंदिर की मुक्ति एवं संरक्षण का प्रश्न पूरे पासी समाज की अस्मिता और सम्मान से जुड़ा हुआ है। लाखन आर्मी जागरूकता अभियान के साथ-साथ ऐतिहासिक दस्तावेजों, राजस्व अभिलेखों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कानूनी स्तर पर भी अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि राजपासी राजा कंसा की विरासत, उनके ऐतिहासिक किले और उनके आराध्य भगवान शिव मंदिर के सम्मान की रक्षा के लिए संगठन लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करेगा सूरज पासी ने कहा कि लाखन आर्मी समाज के साथ-साथ सभी सनातनी हिन्दुओं को इस मुहिम से जोड़कर राजपासी राजा कंसा के ऐतिहासिक किले की गरिमा की पुनःस्थापना तथा उनके आराध्य भगवान शिव के मंदिर को मुक्त कराने के लिए जन समर्थन जुटाएगी। लाखन आर्मी अध्यक्ष ने बताया कि यात्रा के लिए विशेष रथ तैयार किया गया है। रथ पर भगवान शिव, राजा कंसा पासी और पासी समाज के गौरवशाली इतिहास से जुड़े चित्र प्रदर्शित किए जायेंगे। रथ पर रखे विशेष मटकों में लोग अपने गांव की चुटकी भर मिट्टी अर्पित करेंगे। यात्रा की शुरूआत हरदोई से होगी। इसके बाद उन्नाव, कानपुर, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, प्रयागराज, मिजार्पुर, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर के बाद वाराणसी पहुँचेगी।

# बिजनौर में 17 दिवसीय विशेष अभियान की तैयारियां तेज, प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

- 5 जून से 21 जून तक जनपद में लगेंगे जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनियां और जनकल्याणकारी कार्यक्रम; लापरवाही पर होगी कार्रवाई




प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। जनपद में केंद्र और प्रदेश सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 जून से शुरू होने वाले 17 दिवसीय विशेष अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति (कोर कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने की। बैठक में मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास को समर्पित हैं। सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, आधारभूत संरचना के विस्तार और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 जून से 21 जून तक जिलेभर में जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनियां, लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पहले से तैयार कर ली जाए तथा उनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो सके। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता को सशक्त और जागरूक बनाने का महाअभियान है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार प्रगति रिपोर्ट और अभियान की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंत्री को भरोसा दिलाया कि उनके सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करेगा, ताकि विकास का लाभ जनपद के अंतिम छोर तक पहुंच सके। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नहटौर विधायक ओम कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता जैन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंथला-चिरौड़ी मार्ग पर जाम के दौरान पुलिस-ग्रामीणों के बीच तीखी झड़प



प्रात : किरण संवाददाता

लोनी, कोतवाली क्षेत्र के गनौली गांव निवासी दुग्ध डेरी संचालक के अपहरण मामले में लगातार दिन बीते जा रहे हैं मगर कोई ठोस सफलता हाथ न लगने से गुरुवार को ग्रामीणों और पीड़ित परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षुब्ध ग्रामीणों ने सुबह से ही बंथला-चिरौड़ी मार्ग पर जाम लगाकर धरना शुरू कर दिया और पूरे क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण बन गया। धरना प्रदर्शन के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए प्रदर्शनकारियों ने गाजियाबाद पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए "गाजियाबाद पुलिस मुदार्बाद और "ओंकार को बरामद करो" के नारे लगाए। धरना स्थल पर उस समय स्थिति और गरमा गई जब डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बन गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही और ढिलाई बरतने के गंभीर आरोप लगाए।

# शीतल शरबत वितरण कर आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी ने दिया सेवा का संदेश



प्रात : किरण नादिर त्यागी

स्योहारा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच ग्राम चंचलपुर में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। इस अवसर पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी, जिला पंचायत सदस्य एवं आजाद समाज पार्टी के जिला संगठन मंत्री जावेद अली ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी हमेशा जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही हैं और आगे भी समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी। कार्यक्रम में पत्रकार सुबहान अली फरीदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में भाईचारे, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। शरबत वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और आयोजनकताओं के जनसेवा कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान जुल्फुकार अंसारी, नवाज़िश मलिक, नदीम अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, आलम मलिक, फैसल मलिक एवं अरबाज मलिक सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन लोगों को शीतल पेय वितरित करने तथा समाज में सेवा और सद्भाव का संदेश देने के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# दुग्ध कारोबारी ओमकार प्रकरण में कभी भी टूट सकता है गुस्साए ग्रामीणों के सब्र का बांध

प्रात : किरण संवाददाता



लोनी। गौली निवासी दुग्ध कारोबारी ओमकार के साथ हुई सनसनी के घटना के मामले में पुलिस पीड़ित पक्ष को लगातार आश्वासन देती आ रही है। हालांकि 6 दिन बीत चुके है, मगर पुलिस के हाथ अभी भी खाली है. जो पुलिस कार्य प्रणाली पर संभल जा निशान है। यही कारण है कि ग्रामीणों के गुस्से का घड़ा लगातार भरता जा रहा है जो कभी भी फूटने की कगार पर है। पीड़ित पक्ष का कहना है की घटना के खुलासे को लेकर दर्जन भर पुलिस टीम गठित करना, आरोपियों पर घोषित इनाम को बढ़ाकर 25 से 50 हजार करने वाली पुलिस आखिर क्या सिद्ध करना चाहती है, आखिर क्या कारण है. जो ओमकार को गोली चलाकर उसका अपहरण करने वाले अभियुक्तों को पकड़ना तो दूर, वह अभी तक ओमकार को बरामद करने के मामले में भी लाचार नजर आ रही है। गुसाई ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते ओमकार को बरामद करने के साथ ही इस वारदात को अंजाम देने वाले 50 हजार के इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया तो उनके सब्र का बांध टूट जाएगा। उसके पश्चात वह सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करने के साथ-साथ शीर्ष अधिकारियों के कार्यालयों का घेराव भी किया जाएगा। वही दुग्ध कारोबारी अपहरण की उक्त हाई वोल्टेज वारदात के मामले में लोनी से राजनीति का चर्चित चेहरा रहे मुखिया गुर्जर एवं लोनी ब्लॉक पूर्व प्रमुख अनिल कसाना भी पीड़ित ग्रामीणों के बीच पहुंचे। घटना को 6 दिन बीत जाने के बावजूद भी अपहृत ओमकार के ना मिलने और आरोपियों की गिरफ्त ही ना हो अपने से दोनों नेताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ मुखिया गुर्जर की तीखी बहस हुई। अपने चित परिचित अंदाज में पीड़ितों के पक्ष को लेकर वह पुलिस अधिकारी पर जमकर बरसे। नोक-झोक के बीच मामला इतना बिगड़ गया कि बिगड़ती स्थिति पर किसी तरह नियंत्रन पाया गया। गुसाई ग्रामीणों ने पुलिस कार्यप्रणाली के विरोध में महापंचायत करने की बात भी कहीं. जिनके बीच का तनाव बरकरार है।

### जालौन में प्राइवेट अस्पताल में मासूम की मौत

उरई। उरई कोतवाली क्षेत्र स्थित अनिका हॉस्पिटल में गुरुवार को एक चार वर्षीय मासूम की इलाज के चलते संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मासूम के शव को बंद कमरे में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार की तहरीर पर प्रशासन ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के भेड़ गांव निवासी अमजद खान का का पुत्र रियाज (04) को गुरुवार सुबह करीब चार बजे पेट में तेज दर्द हुआ था। अमजद अपने बेटे को तुरंत अनिका हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। इलाज शुरू करने से पहले अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से पांच हजार रुपये जमा कराए। बच्चे को मात्र ग्लूकोज चढ़ाया गया और कोई बुनियादी जांच नहीं की गई। बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन डॉक्टर ने न तो जरूरी टेस्ट कराए और न ही कोई इलाज दिया। इस कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जब बच्चे ने दम तोड़ दिया, तब भी अस्पताल वाले उन्हें टालते रहे। शुरूआत में उन्हें बताया गया कि बच्चे को कोई गंभीर समस्या नहीं है, लेकिन बाद में कहा गया कि यहां वेंटिलेटर की सुविधा नहीं है और उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाना होगा। तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो अस्पताल संचालक डॉ. देवेन्द्र कुमार कौशल और उनका स्टॉफ अचानक अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। ताला बंद करने से पहले उन्होंने बच्चे के शव को अंदर ही छोड़ दिया।

# मुख्यमंत्री योगी की पहल पर 48 वर्ष बाद संभल के दंगा पीड़ित परिवार को मिली जमीन

संभल। जनपद संभल में 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों में दंगाइयों के हाथों जान गंवाने वाले रामशरण रस्तोगी के परिजनों से गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर संभल पहुंचे और परिजनों को जमीन का पट्टा सौंपा। परिजनों ने सरकार की ओर से पट्टा मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। दरअसल, सन् 1978 में संभल में सांप्रदायिक दंगों में रामशरण रस्तोगी की हत्या कर उसके शव को क्षत-विक्षत कर कुएं में फेंक दिया था। पिछले वर्ष उनका पौत्र कपिल रस्तोगी अपनी माता के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय मांगा था। इसके बाद मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार के पुनर्वास के लिए भूमि उपलब्ध करने का आश्वासन दिया था। इससे पहले विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी ने संभल में 184 हिंदुओं की निर्मम हत्या को लेकर पूरा घटनाक्रम बताया था। इसके बाद अब प्रशासन ने मृतक रामशरण रस्तोगी की पुत्रवधू रुक्मन रस्तोगी को गुरुवार को ग्राम शेरखां सराय बाहर चुंगी में 100 वर्ग मीटर भूमि का आवासीय पट्टा आवंटित कर दिया है। जिसका प्रमाण पत्र प्रदेश सरकार में सहकारिता राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने मंडलायुक्त आनंजेन्य कुमार, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की उपस्थिति में रस्तोगी के परिजनों को सौंपा।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधानः डीएम जसजीत कौर

रिपोर्ट।अवनीश त्यागी



बिजनौर, 04 जून। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बन्धु बैठक के रूप में एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया गया है, जिसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा प्रशासन का नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है। बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों ने सड़क निर्माण, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण सहित अन्य समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करेगा और किसी भी समस्या को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं सैनिक बन्धु उपस्थित रहे।

# नूरपुर में परी कम्युनिकेशन मोबाइल शॉप का भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



नूरपुर (बिजनौर)। नूरपुर-नहटौर चौराहा स्थित परी कम्युनिकेशन मोबाइल शॉप का भव्य उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नीति मंच श्रम प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद त्यागी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। समारोह में भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम अध्यक्ष काजिम खान, पूर्व विधायक अशफाक खां के बड़े भाई अकरम खां, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रियांशु चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नूरपुर शाहनवाज मलिक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शॉप संचालक शादाब मलिक ने सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में इरशाद मलिक, दिलशाद मलिक, सोनू मलिक, सलमान मलिक, जीशान, फुरकान तथा इलाफ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने परी कम्युनिकेशन की नई शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शॉप के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्र के लोगों को मोबाइल, मोबाइल एक्सेसरीज और मोबाइल रिपेयरिंग जैसी सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराएगा। समारोह में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और शादाब मलिक को नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



मंडावर, बिजनौर। थाना मंडावर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा बाइक को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना मंडावर क्षेत्र के गांव दयालवाला निवासी परशुराम उर्फ परसे (60 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप बालावाली-मंडावर मार्ग पर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि परशुराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए बाइक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक देवेंद्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम शाहदाबाद, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अमृत सरोवर में मां के सामने तीन बच्चों की पानी में डूबकर मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के बिंवार थाना क्षेत्र स्थित छानी खुर्द गांव में गुरुवार को तालाब में नहाने के दौरान एक ही परिवार के तीन मासूमों की डूबकर मौत हो गई। हादसे की सूचना पाते ही एसडीएम और सीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से तीनों बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिंवार थाना क्षेत्र के छानी खुर्द में प्राचीन तालाब को कुछ साल पहले अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया था। गांव की पार्वती गुरुवार को अपने पुत्र शिवेन्द्र (१०), रुद्राक्ष (८) और पुत्री मांडवी (५) के साथ नहाने के लिए गांव के बाहर तालाब गई थी। पार्वती ने बच्चों और खुद के कपड़े सरोवर किनारे बैठकर धोये फिर वह सरोवर में नहाने लगी। इसी बीच तीन मासूम बच्चे भी सरोवर किनारे नहाने लगे। तभी तीनों बच्चे गहरे पानी में डूब गए। बच्चों को पानी में डूबते देख मां चीख पड़ी। हादसे की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस भी आनन-फानन मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सरोवर से तीनों बच्चों को बाहर निकालकर नजदीक के सरकारी अस्पताल पहंचाया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही तीनों को मृत घोषित कर दिया। सीओ राजकुमार पांडेय ने बताया कि एक ही परिवार के तीन बच्चे अपनी मां के साथ नहाने तालाब गए थे, जहां तीनों बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है।

# साजिशकताओं को शरण देने वाले 5 और गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



लोनी। गनौली निवासी डेयरी संचालक ओंकार अपहरण और गोलीकांड प्रकरण में पुलिस ने उन पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है, जो फरार चल रहे मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने में लगे थे। पुलिस के मुताबिक अब इस सनसनीखेज मामले में कुल 17 अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पुलिस के अनुसार पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों विजेंद्र, आजाद और अजब सिंह ने घटना की साजिश रचने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया तो फरार आरोपियों को छिपाने और उन्हें संरक्षण देने वाले अन्य लोगों के नाम भी सामने आए। इसी क्रम में गुरुवार को लोनी पुलिस ने बुलंदशहर और भोजपुर क्षेत्र से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें संदीप भाटी, संदीप कुमार मावी, राहुल भाटी, सुमित और अमित शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये सभी फरार अभियुक्तों को शरण देने और पुलिस कार्रवाई से बचाने में मदद कर रहे थे। जिन्होंने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षियों से बदला लेने के लिए पूरी साजिश रची गई थी। पुलिस का दावा है कि घटना योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई और इसमें कई लोग अलग-अलग भूमिकाओं में शामिल थे। माना कि पुलिस लगातार गिरफ्तारी कर रही है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्य आरोपी आखिर कब तक गिरफ्त से बाहर रहेंगे और अपहृत ओंकार के इस घटना की गुत्थी कब सुलझेगी।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और बेहतर नागरिक सुविधाएं होंगी प्राथमिकता

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। नगर पालिका परिषद को नया अधिशासी अधिकारी मिल गया है। मऊ जनपद से स्थानांतरित होकर आए दिनेश यादव ने गुरुवार को अमरोहा नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी (ईओ) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पूर्व अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार का स्थान लिया है। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में नवागत अधिशासी अधिकारी दिनेश यादव ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके साथ ही नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नगर पालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। दिनेश यादव ने कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नगर के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और नवागत अधिशासी अधिकारी का स्वागत किया। नगरवासियों को भी नए अधिशासी अधिकारी से शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीदें हैं।

# अतिक्रमण ध्वस्त.. अतिक्रमणकारी पस्त.. यात्री मस्त

प्रात : किरण संवाददाता



लोनी। बुधवार को लोनी के राशिद अली गेट (राशिद गेट) और उसके आसपास दोनों ओर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाया गया। प्रशासन द्वारा बुल्डोजर और प्रवर्तन दल के माध्यम से सड़क किनारे बनी अवैध दुकानों, थड़ों और टीनशेड को हटाकर यातायात और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए यह सख्त कदम उठाया। उल्लेखनीय है कि हरकत में आई सरकारी मशीनरी भारी पुलिस बल सहित राशिद अली गेट पर पहुंची थी। उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान लोनी नगर पालिका कर्मचारियों का अतिक्रमण के खिलाफ जमकर हथोड़ा चला, अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से स्थाई व अस्थाई तमाम अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। लगभग 4:30 बजे नगरपालिका व पुलिस टीम के साथ पहुंचे उपजिलाधिकारी एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारियों ने वहां पहुंचते ही अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू करा दिया। दरअसल पहले से कई बार चेतावनी दिए जाने व अवैध रूप से बने कब्जे को हटा लेने की चेतावनी के बाद भी अतिक्रमणकारी बाज नही आ रहे थे। यही कारण था कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान और उनकी दुकानो के सामने सड़क तक फैला सामान, लकड़ी के खोखे व हाथ ठेली व टीन सेड आदि तमाम अतिक्रमण जेसीबी की मदद से हटवा दिया गया।

# 10 केंद्रों पर 28 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे पुलिस भर्ती परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर 8, 9 एवं 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में कुल 28,224 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि प्रत्येक पाली में 4,704 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी। डीएम डॉ. नितिन गौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर परीक्षा की शुचिता भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को आवागमन, पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और जोया पुलिस चौकी पर परीक्षा सहायता केंद्र स्थापित करने तथा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम गरिमा सिंह, एएसपी अखिलेश भदौरिया, भर्ती बोर्ड के पर्यवेक्षक विक्रांत द्विवेदी, डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जोधपुर में जहर पीने वाली इन्फ्लूएंसर की हालत में सुधार

जोधपुर में ट्रोलिंग से परेशान होकर जहर पीने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अनीता बिश्नोई मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उन्हें बुधवार देर रात ICU में शिफ्ट किया गया था। फिलहाल हालत में सुधार है। अनीता के भांजे महेंद्र बिश्नोई का कहना है कि मौसी अनीता बिश्नोई के ससुराल में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। ट्रोल की शुरूआत परिवार के ही 6 लोगों ने मिलकर की थी। जिस वीडियो पर उन्होंने ट्रोल करना शुरू किया, वह करीब 6 महीने पुराना है। यही नहीं, ऑनलाइन गेम के खिलाफ वीडियो बनाने पर उनकी आईडी भी बंद करवा दी गई थी। हालांकि बाद में आईडी दोबारा शुरू हो गई। मौसी को ट्रोल करने वालों ने 10 दिन पहले उनके पति को भी मारने की धमकी दी थी। दरअसल, बनाड़ थाना क्षेत्र के शिकारगढ़ स्थित गोदारों की ढाणी (बालाजी फार्म हाउस) निवासी अनीता ने बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे जहर पी लिया था।

### शराबी डॉक्टर का अस्पताल में हाई-वोल्टेज ड्रामा

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में डॉक्टर पर शराब के नशे में ड्यूटी करने और अटेंडरों से बदसलूकी करने का आरोप है। यह भी आरोप है कि नशे में धुत डॉक्टर ने मरीज का इलाज करने से मना कर दिया। वहीं, मीडिया के लोगों से हाथापाई करने की कोशिश करता दिखा। इसके अलावा शराबी डॉक्टर बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) के साथ बैठकर हंसते नजर आया। अस्पताल में डॉक्टर के हाई-वोल्टेज ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जांच में सामने आया है कि अक्सर शराब पीकर ड्यूटी करता था। नोटिस के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ था। वहीं, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर डीके बिसेन ने बताया कि मामले की जानकारी अफसरों को दे दी गई है। मरीज के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस भी जांच कर रही है। मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है। जानिए क्या है पूरा मामला? जानकारी के मुताबिक शराबी डॉक्टर का नाम डॉक्टर शैलेंद्र भोयर है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में पदस्थ है। बुधवार को वसीम मेमन अपने बीमार पिता का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने डॉक्टर शैलेंद्र से इलाज करने का रिक्वेस्ट किया तो डॉक्टर भड़क गया। आरोप है कि वसीम के साथ मिसबिहेव करते हुए मारपीट करने की कोशिश की। इसके बाद अटेंडर ने मामले की जानकारी मीडिया और केशकाल बीएमओ डॉ. डीके बिसेन को फोन पर दी।

### बिलासपुर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर सख्ती:बड़े भवनों में सिस्टम लगाना अनिवार्य

बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में लगातार गिरते भूजल स्तर और हर साल बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए सरकार ने कड़ा रूख अपनाया है। शहरी इलाके के सभी सरकारी, गैरशासकीय और प्राइवेट भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन को सर्वे करने और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के बाद निगम प्रशासन ने भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने पर भवन मालिकों की जमा राशि जब्त करने की चेतावनी दी है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बताया कि, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर सर्वे कराया जा रहा है। इसमें 150 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों की संख्या, उनमें पहले से लगे सिस्टम और बाकी बचे भवनों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही शहरों में भूजल स्तर और जमा सुरक्षा निधि का भी आकलन किया जा रहा है। इसमें ऐसे भवन मालिक जिन्होंने नक्शा पास कराते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का दावा किया था, लेकिन सिस्टम नहीं बनाया है। उनकी जमा सुरक्षा राशि राजसात कर निकाय खुद एजेंसी के जरिए निर्माण कराएंगे।

### रायपुर के कारोबारी से 84 लाख की ठगी

राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट और आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) में भारी मुनाफा दिलाने का लालच देकर ठगों ने कारोबारी और उसके परिचितों से 84 लाख 63 हजार रुपए की ठगी की है। मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मामला देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 देवेंद्र नगर निवासी अविनाश लोखंडे शेयर बाजार से जुड़ी एक ब्रोकिंग फर्म का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि जून 2025 में कुछ लोगों ने व्हाट्सऐप के जरिए से उनसे संपर्क किया था। आरोपियों ने खुद को निवेश सलाहकार बताते हुए शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ में कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का दावा किया। उनके झांसे में आकर अविनाश और उनके परिचितों ने अलग-अलग किश्तों में 84 लाख 63 हजार रुपए निवेश कर दिए। बाद में जब मुनाफा और मूल रकम वापस नहीं मिली, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पहले दिलाया भरोसा, फिर लगाया चूना पीड़ित के अनुसार, शुरूआत में आरोपियों ने अविनाश से एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर खाता खुलवाया।

# जयपुर में 6 मंजिला बिल्डिंग गिराई

## जोरदार धमाका:पूरे इलाके में धूल छाई, आसपास के मकान खाली कराए, लाइट बंद

प्रात : किरण संवाददाता

जयपुर के रामगंज क्षेत्र में चीता वालों का मोहल्ला में एक तरफ झुकी 6 मंजिला बिल्डिंग को नगर निगम ने गुरुवार को गिरा दिया। सुबह 10:18 बजे जैसे ही बिल्डिंग गिराई, जोरदार धमाका हुआ। बिल्डिंग को गिराने से पहले प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए थे। बिल्डिंग के आसपास के रास्तों को बंद कर दिया था। बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। आसपास के 10 से 15 मकानों को खाली कराकर वहां रहने वाले लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया था। लाइट बंद कर दी गई थी। इस दौरान रामगंज थाना पुलिस फोर्स तैनात रही। बिल्डिंग गिराने के दौरान उसके सामने वाली इमारत में भी थोड़ा नुकसान हुआ। इसके साथ ही बिल्डिंग के नजदीक एक पेड़ भी टूट गया। एक तरफ झुक गई थी यह 6 मंजिला बिल्डिंग चौकड़ी रामचंद्रजी क्षेत्र के जगन्नाथ शाह के रास्ते में स्थित थी। निर्माण



कार्य के दौरान बिल्डिंग के कुछ पिलर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके कारण बिल्डिंग एक ओर झुक गई थी। बिना परमिशन के बनाई थी बिल्डिंग नगर निगम किशनपोल जोन उपायुक्त विजेंद्र सिंह ने बताया- 6 मंजिला बिल्डिंग को बिना अनुमति के गैर कानूनी तरीके से यहां बनाया गया था। 9 मई को बिल्डिंग के एक हिस्से में दरार आ गई थी। उसी दिन इस बिल्डिंग को खाली करा दिया गया था। इसके बाद नगर निगम की टीम ने विशेषज्ञों से राय ली। विशेषज्ञों ने इसे असुरक्षित माना। इसके बाद आज इस बिल्डिंग को गिराया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा- बिल्डिंग गिराने की प्रक्रिया पूरी सावधानी और तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में की गई। आसपास की इमारतों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। बिल्डिंग में 30 से ज्यादा लोग रहते थे निगम के अधिकारी ने बताया कि यह बिल्डिंग करीब 10 से 15 साल पुरानी थी। इसमें पहले 4 मंजिल बनी हुई थीं। पांचवीं और छठी मंजिल का निर्माण किया जा रहा था। इस बिल्डिंग में दो दुकान भी थीं। दुकान के शटर में भी बैंड आ गया था। मकान मालिक रईस ने बिल्डिंग के अलग-अलग हिस्सों को कई लोगों को किराए पर दे रखा था। बिल्डिंग में 30 से ज्यादा लोग रहते थे।

# किसानों की आय बढ़ाने छत्तीसगढ़ में बासमती धान मिशन की तैयारी

●कृषि मंत्री राम विचार नेताम की अध्यक्षता में इंडियन राईस एक्सपोर्ट फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक, पायलट प्रोजेक्ट पर बनी सहमति

प्रात : किरण संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बासमती धान की खेती के विस्तार पर राज्य सरकार ने पहल शुरू कर दी है। कृषि विकास मंत्री राम विचार नेताम की अध्यक्षता में आज गुरुवार को अटल नगर, नवा रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में इस विषय पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल



सिंह परदेशी, कृषि संचालक राहुल देव, अनुसंधान संचालक डॉ संजय त्रिपाठी, बीज निगम, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक तथा इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ बासमती धान की खेती को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। श्री नेताम ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे, सरकार उन्हें प्राथमिकता के साथ लागू करेगी। सामान्य धान की खेती के फसल विविधिकरण तथा राज्य में बासमती का रकबा बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बासमती धान की खेती को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि राज्य में धान की विभिन्न किस्मों का व्यापक उत्पादन होता है, लेकिन बासमती एवं अन्य सुगंधित चावलों की अंतरराष्ट्रीय और यूरोपीय बाजारों में विशेष मांग है तथा इनके बेहतर दाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां की जलवायु और तापमान बासमती उत्पादन के लिए अनुकूल हैं।

# छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 3 महिलाओं की मौत



प्रात : किरण संवाददाता

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदलने लगा है और मौसम विभाग के अनुसार आज (4 जून) से पूरे प्रदेश में गरज-चमक, तेज हवा (50-60 किमी) और बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। हालांकि अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं और पिछले 24 घंटों में भी तापमान में विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया, जहां राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में 3 महिलाओं की मौत हुई और दंतेवाड़ा में 12 ग्रामीण इसकी चपेट में आए, बीजापुर और मनेंद्रगढ़ में भी महिलाएं काम के दौरान बिजली गिरने की चपेट में आईं। रायपुर का मौसम रायपुर में आज बादल छाए रह सकते हैं। शहर में गरज-चमक, धूलभरी आंधी, बारिश की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग की सलाह मौसम विभाग ने लोगों को आंधी और बिजली गिरने के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़े न रहने की सलाह दी है।

# सूरजपुर में बस से 2 करोड़ का गांजा पकड़ाया

●झाड़ू बेचने की आड़ में तस्करी, गठरियों में छिपाकर टढ ले जा रहे थे, आरोपी फरार

प्रात : किरण संवाददाता

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में गुरुवार को पुलिस ने बस से करीब 20 क्विंटल गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 2 करोड़ रुपए आंकी गई है। गांजा कपड़ों की गठरियों में छिपाकर रखा गया था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि सरगुजा पासिंग बस के जरिए झाड़ू की आड़ में गांजा कटनी भेजा जा रहा था। बस में झाड़ू बेचने वाले महिला और पुरुष सवार थे, जो पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। बस ड्राइवर और हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। मामला जयनगर थाना क्षेत्र का है। बता दें कि 5 दिन पहले महासमुंद जिले की सिंघोड़ा थाना पुलिस ने 3 करोड़ का 6 क्विंटल गांजा पकड़ा था। आरोपी ओडिशा से माजदा वाहन से गांजा महाराष्ट्र ले जा रहा था। गांजे को मशीनरी सामानों के कार्टून्स के नीचे बोरियों में छिपाकर रखा गया था। इस कार्रवाई में गांजा, वाहन, मोबाइल और कैश समेत कुल 3 करोड़ 12 लाख 15 हजार की संपत्ति जब्त की गई थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई दरअसल, जयनगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नीलम कंपनी बस (CG-15-EH-4301) अंबिकापुर से मध्य प्रदेश की जा रही है, जिसमें भारी मात्रा में गांजा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सिलफिली के पास नाकेबंदी कर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस टीम नीलम कंपनी की बस नजर आई। पुलिस ने बस रुकवाया। बस रुकते ही भाग निकले आरोपी जैसे ही बस रुकी, उसमें सवार महिला-पुरुष उतरकर भाग निकले। जब पुलिस ने ड्राइवर और हेल्पर को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो झाड़ू के आड़ में कपड़ों की गठरियों में गांजा मिला। इसके बाद फौरन जब्ती की कार्रवाई की गई। बस भी जब्त कर थाने में पार्क कराया गया है। पुलिस ड्राइवर-हेल्पर पूछताछ में जुटी हुई है। बस में सवार थे 15-20 लोग शिकायतकर्ता विजय सोनी ने बताया कि वह गाड़ी लेकर सूरजपुर की ओर जा रहा था। कालीघाटी के पास कुछ संदिग्ध लोग दिखे, जिस पर उसने डायल- 112 को सूचना दी और पुलिस टीम ने कार्रवाई की। बस में करीब 15-20 लोग सवार थे, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। विजय से इस मामले में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नैनो उर्वरकों से बढ़ी उपज, मिट्टी की गुणवत्ता और पर्यावरण के लिए भी लाभदायक

प्रात : किरण संवाददाता

रायपुर। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर प्रदेश के किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ने के साथ ही पर्यावरण का संरक्षण में भी हो रहा है। कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम तेलगरा के किसान बाबूलाल साहू ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल किया है। बाबूलाल साहू के पास लगभग 7 एकड़ कृषि भूमि है, जहां वे वर्षों से धान की खेती करते आ रहे हैं। वे पहले पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया और डीएपी का उपयोग करते थे। पिछले एक वर्ष से उन्होंने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग शुरू किया, जिसके सकारात्मक परिणाम उन्हें देखने को मिले। उन्होंने बताया कि पहले उनकी फसल का औसत उत्पादन लगभग 18 क्विंटल प्रति एकड़ था, जबकि नैनो उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बाद उत्पादन बढ़कर लगभग 20 क्विंटल प्रति एकड़ हो गया है। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि उर्वरकों की आवश्यकता भी कम हुई है। साहू ने बताया कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिल रही है। कम मात्रा में अधिक प्रभाव देने वाले ये उर्वरक किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय दोनों बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने अन्य किसानों को भी नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग की सलाह दी है।

# सीलबंद शराब बोतल में निकले कांच के टुकड़े

प्रात : किरण संवाददाता

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में देशी शराब दुकान से खरीदी गई रोमियो ब्रांड की शराब की बोतल में कांच के टुकड़े मिले हैं, जिसका कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वहीं, इस मामले में आबकारी विभाग ने जांच का आश्वसन दिया है। जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ को शराब में डूबाने के लिए बनी हुई है। सरकार को जनता के जिंदगी के साथ तो खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के आबकारी विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हुए हैं। तांदुला डैम के पास शराब दुकान का मामला दरअसल, मामला तांदुला डैम के पास स्थित देशी शराब दुकान का है। बुधवार को एक व्यक्ति ने वहां से रोमियो ब्रांड का पौवा खरीदा। पीने के लिए जब उसने बोतल खोली, तो उसमें कांच के टुकड़े दिखाई दिए, उसने शॉप में इसकी शिकायत भी की। वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल बाद में यह मामला कांग्रेस तक पहुंचा गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी इसका वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया। रोमियो ब्रांड के इस सीलबंद पौवा में कांच के कई छोटे-छोटे टुकड़े दिखाई दे रहे हैं। कोई शराब पी लेता तो खतरा हो सकता था- कांग्रेस चंद्रेश हिरवानी ने वीडियो जारी कर दावा किया कि अगर कोई व्यक्ति इस शराब का सेवन कर लेता, तो उसकी जान को गंभीर खतरा हो सकता था। उनका कहना है कि कांच के टुकड़े शरीर में पहुंचने पर आहार नली समेत कई अंगों को नुकसान पहुंचा सकते थे।

# कांगो, इथियोपिया, युगांडा से छत्तीसगढ़ पहुंचे 3 लोगों में इबोला वायरस की पुष्टि नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्ग (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में इबोला वायरस का एक भी मामला पुष्ट नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अफ्रीकी देशों में फैले बुंडिबुग्यो स्ट्रेन को लेकर जारी वैश्विक अलर्ट के बाद राज्य का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह हाई अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। हाल ही में राज्य के दुर्ग जिले में कांगो और युगांडा से लौटे तीनों यात्रियों में इबोला का कोई सक्रिय या गंभीर लक्षण नहीं पाया गया है। दुर्ग जिला के कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज पुष्टि की है कि दुर्ग जिले में कांगो और युगांडा से तीन नागरिक लौटे हैं, वे केवल ह्यसंभावित संदिग्धह्न हैं। वे स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय निगरानी में हैं। एहतियातन उन्हें 21 दिनों के अनिवार्य होम-आइसोलेशन में रखा गया है। राहत की बात यह है कि उन तीनों में इबोला का कोई सक्रिय या गंभीर लक्षण नहीं पाया गया है और उनकी स्थिति पूरी तरह स्थिर बनी हुई है। आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) से सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग को संबंधित लोगों की पहचान कर उन्हें होम आइसोलेशन में रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए है। केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इथियोपिया और युगांडा से आए दो व्यक्ति अलग-अलग एयरपोर्ट के जरिए सीधे दुर्ग पहुंचे हैं, जबकि कांगो से लौटे एक व्यक्ति ने पहले मुंबई में ठहराव किया और इसके बाद दुर्ग पहुंचा। प्रदेश में इबोला वायरस से जुड़ी चेतावनी के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पर यात्रियों की मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य जांच व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आधिकारिक निर्देश जारी किया है।कलेक्टर अभिजीत सिंह ने लोगों से घबराने की बजाय सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तीनों व्यक्तियों की स्वास्थ्य स्थिति फिलहाल सामान्य बताई गई है और एहतियात के तौर पर निगरानी एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# शिकायत लेकर आए युवक पर भड़के UDH मंत्री :बोले- हंगामा क्यों कर रहे हो?

प्रात : किरण संवाददाता

बीकानेर में जनसुनवाई में शिकायत लेकर आए युवक पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भड़क गए। उन्होंने युवक को तथ्यों के साथ अपनी बात रखने को कहा। वऊ्ल मंत्री बोले- मैं कल से यहां हूं और लगातार जनसुनवाई कर रहा हूं। अब आकर हो हल्ला (हंगामा) क्यों कर रहे हो? खर्रा ने कहा- पेट में दर्द था तो उसी वक्त दिखाना चाहिए था। यह नहीं हो सकता कि जनसुनवाई खत्म होने का इंतजार करो और बाद में हंगामा शुरू कर दो। जनसुनवाई के बाद एक दूसरे युवक ने मंत्री को ज्ञापन दिया और फिर वापस लेने लगा तो उन्होंने कहा- मेरे से छीना झपटी नहीं, फाड़कर फेंक दूंगा। UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा बीकानेर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई करने पहुंचे थे। उनके साथ बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास भी मौजूद थे। इस दौरान जवाहर नगर क्षेत्र निवासी गोपाल किराडू एक प्लॉट आवंटन से जुड़ी फाइल लेकर पहुंचे थे।

# जयपुर में बुजुर्ग को गिराया घसीटा

प्रात : किरण संवाददाता

जयपुर के सोडाला इलाके में बेखौफ बदमाश ने दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया। मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला को बदमाश ने पीछे से आकर जोरदार धक्का दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गईं। इसके बाद बदमाश ने उनके साथ मारपीट की और कानों के टॉप्स व गले की सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। लूटे गए गहनों की कीमत करीब 4.23 लाख रुपए बताई जा रही है। यह पूरी वारदात पास ही लगे एक सीसीटीवी (CCTV) कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद महिला सदमे में है। डर के मारे घर से बाहर नहीं निकल रही। घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:40 बजे जमुना नगर (सोडाला) में हुई। अपार्टमेंट के बाहर पहुंचते ही किया हमला डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- जमुना नगर की रहने वाली संतोष अग्रवाल (74) मंगलवार दोपहर को पास ही के मंदिर में दर्शन करने गईं थीं। दोपहर करीब 12:40 बजे जब वह वापस लौटकर अपने अपार्टमेंट के ठीक बाहर पहुंचीं, तभी पीछे से आ रहे एक युवक ने उन पर हमला बोल दिया। चीखती रही बुजुर्ग महिला, तमाशबीन बने लोग सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बदमाश ने बुजुर्ग महिला को बेरहमी से सड़क पर पटक दिया।

# पांच नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए हुए चुनाव में तीन पर भाजपा का कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक जून को संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम और उपचुनावों के नतीजे आज गुरुवार को घोषित किए जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की निगरानी में जारी मतगणना के बीच कई सीटों के परिणाम सामने आ चुके हैं। प्रदेशभर में नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच समेत कुल 1310 रिक्त पदों के लिए मतदान कराया गया था। नगरीय निकाय चुनाव के तहत पांच नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन सीटों पर कब्जा जमाया है, जबकि कांग्रेस ने दो नगर पंचायतों में जीत दर्ज की है। इस चुनाव में नवगठित नगर पंचायतों घुमका, बम्हनीडीह, शिवानंदनपुर और पलारी के परिणामों पर विशेष नजर रही। इन क्षेत्रों में पहली बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कवर्धा जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में केवल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया था। यहां भाजपा की महिला उम्मीदवार सरिता संतोष मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 754 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। राजनांदगांव जिले की नवगठित घुमका नगर पंचायत में कांग्रेस उम्मीदवार फूलमती वर्मा ने अध्यक्ष पद का चुनाव 85 मतों से जीत लिया। वहीं, 11 वार्डों में भाजपा, 3 वार्डों में कांग्रेस और 1 वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। जांजगीर-चांपा जिले की बम्हनीडीह नगर पंचायत में भाजपा उम्मीदवार रमेश डडसेना ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। वार्ड परिणामों में भी भाजपा का दबदबा देखने को मिला। वहीं, 11 वार्डों में भाजपा, 3 वार्डों में कांग्रेस और 1 वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।सूरजपुर जिले की शिवानंदनपुर नगर पंचायत में इखढ के उम्मीदवार रितेश जायसवाल अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने में सफल रहे। वार्ड चुनावों में यहां भी मुकाबला कांटे का रहा। कुल 15 वार्डों में से 8 वार्डों में कांग्रेस और 7 वार्डों में भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए।

# कोटा में कोचिंग छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

प्रात : किरण संवाददाता

कोटा में एक बार फिर कोचिंग छात्र के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। जवाहर नगर थाना क्षेत्र के पुराने राजीव गांधी नगर स्थित एक पीजी में रह रहे 17 वर्षीय कोचिंग छात्र ने बुधवार देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को नीचे उतारकर जांच शुरू की। जवाहर नगर के अरक जवाहरलाल ने बताया कि मृतक की पहचान आर्यन ओझा (17) पुत्र कृपा शंकर ओझा निवासी संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आर्यन फरवरी 2026 में कोटा आया था और यहां रहकर इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि छात्र ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमबीएस अस्पताल की मोर्च्यूरी में रखवा दिया है। शुरूआती जांच में सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस छात्र के कमरे और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मौके से किसी सुसाइड नोट की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। जवाहर नगर थाना पुलिस ने छात्र के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। परिजन गुरुवार दोपहर बाद कोटा पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है।

# 3 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, 52 प्रजातियों में उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

सवाई माधोपुर में राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान की शुरूआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर होगी। अभियान के तहत जिले को 23 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए वन विभाग ने जिले की 9 नर्सरियों में 14 लाख 7 हजार पौधे तैयार किए हैं। इन पौधों का वितरण 5 जून से शुरू किया जाएगा। वन विभाग का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों और विभागों को पौधारोपण से जोड़कर जिले में हरियाली बढ़ाना है। जिले को मिला 23 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य सामाजिक वानिकी विभाग की सहायक वन संरक्षक मनीषा शर्मा ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले के विभिन्न विभागों को 23 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वन विभाग ने जिले की 9 नर्सरियों में बड़े स्तर पर पौधे तैयार किए हैं। 5 जून से इन नर्सरियों से पौधों का वितरण शुरू होगा। 9 नर्सरियों में तैयार किए गए 14 लाख 7 हजार पौधे वन विभाग ने आलनपुर, भगवतगढ़, चौथ का बरवाड़ा, बौंली, गंगापुर सिटी, कुशलपुरा, टटवाड़ा, मलारना डूंगर और सिंथोली नर्सरियों में पौधे तैयार किए हैं। विभाग के अनुसार इस साल जिले में कुल 14 लाख 7 हजार पौधे तैयार किए गए हैं, जिन्हें



विभिन्न विभागों, संस्थाओं और लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। आलनपुर नर्सरी में 52 प्रजातियों के पौधे उपलब्ध जिला मुख्यालय स्थित आलनपुर नर्सरी में सबसे ज्यादा पौधे और प्रजातियां तैयार की गई हैं। यहां 52 प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। इनमें नीम, मीठा नीम, पीपल, अशोक, शीशम, सागवान, गुड़हल और तुलसी समेत कई उपयोगी और छायादार पौधे शामिल हैं। अलग-अलग नर्सरियों में इतनी संख्या में पौधे तैयार वन विभाग के अनुसार आलनपुर नर्सरी में 3 लाख 64 हजार, गंगापुर सिटी में 2 लाख 70 हजार, बौंली में 1 लाख 40 हजार, सिंथोली में 1 लाख 40 हजार, चौथ का बरवाड़ा में 1 लाख 30 हजार, मलारना डूंगर में 1 लाख 20 हजार, भगवतगढ़ में 1 लाख और कुशलपुरा नर्सरी में 50 हजार पौधे तैयार किए गए हैं। विभागों और लोगों की भागीदारी से होगा पौधारोपण वन विभाग का कहना है कि अभियान के तहत विभिन्न विभागों, संस्थाओं और आम लोगों की भागीदारी से बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा।

# बृजमोहन बोले- रेंजर को नोटिस भेजो, सस्पेंड करो

प्रात : किरण संवाददाता

रायपुर के गोबरा नवापारा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में शिकायत मिलने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रेंजर को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेंजर यहां क्यों नहीं है, शोकॉज नोटिस जारी करो और उसे सस्पेंड करो। मामला कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण में वन विभाग की आपत्ति और रेंजर की गैरमौजूदगी से जुड़ा था। शिविर के दौरान जब यह मामला सामने आया तो सांसद ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब



शिविर में जनता की समस्याएं सुनने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहना है, जिम्मेदार अधिकारी का अनुपस्थित रहना लापरवाही है। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन को संबंधित रेंजर के खिलाफ सस्पेंशन के निर्देश दिए। शिविर में अलग-अलग विभागों से जुड़े आवेदन भी सामने आए। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर में मिले आवेदनों का निराकरण 7 दिनों के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि तय समय में काम पूरा नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूल जमीन के मामले में अधिकारियों को बुलाया शिविर में हरिहर हाई स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण और नवापारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की आरक्षित भूमि से जुड़ा मामला भी उठा। इसके बाद पटवारी, आरआई और तहसीलदार को मंच पर बुलाया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता, प्रशिक्षण, संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा 05 जून को रायपुर के एक निजी होटल में विविध पर्यावरणीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं और विद्यार्थियों में प्रकृति एवं जलवायु के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे पोस्टर प्रतियोगिता एवं इको क्लब के शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र के साथ होगा। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को पर्यावरणीय चुनौतियों तथा उनके समाधान विषयक रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा। दोपहर 3:30 बजे से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास विषय पर संगोष्ठी तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे।छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव राजु अगसिमनि ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को पर्यावरण संरक्षण के साझा प्रयासों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जनभागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।पुरस्कार वितरण समारोह में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एआई के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

नोएडा। नोएडा में थाना जारचा में एक व्यक्ति ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके गांव के ही रहने वाले व्यक्ति ने एआई के माध्यम से उसकी आपत्तिजनक फोटो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी मां, बहन, पत्नी और बेटी के खिलाफ गंदे गंदे शब्दों का प्रयोग करते हुए मैसेज लिख रहा है। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने गुरुवार को बताया कि छोलस गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने आज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके गांव का रहने वाला आतिफ अली पुत्र फिरोज अली ने एआई के माध्यम से उसकी अश्लील फोटो तैयार की तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया। पीड़ित के अनुसार आरोपित युवक पीड़ित की मां, बहन, बेटी और पत्नी के नाम से भी गंदे गंदे संदेश बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है। आरोपित युवक की अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टैक्सी में चालक का शव मिला

नोएडा। सेक्टर-37 में बुधवार रात टैक्सी में चालक का शव में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-37 हरिजन बस्ती के रहने वाले उपेंद्र कुमार टैक्सी चलाते थे। वह मूलरूप से झारखंड गिरिडीह के पचमना गांव के रहने वाले थे। शराब पीने के आदी थे। वह बुधवार रात को टैक्सी चलाकर आए थे। उन्होंने सेक्टर-37 स्थित पोस्ट ऑफिस के पास टैक्सी खड़ी कर उसमें शराब पी और उसी में सो गए। सुबह परिजन उन्हें ढूंढ़ते हुए टैक्सी के पास पहुंचे। टैक्सी अंदर से लॉक थी। पास में ग्लास और शराब की बोतल पड़ी थी। उपेंद्र बेहोशी की हालत में थे। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शीशा तोड़कर टैक्सी को खोला। उपेंद्र को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शिकायत मिलने से इनकार किया है।

### नोएडा में कूलर से लगा 47 वर्षीय व्यक्ति को करंट, अस्पताल में मौत

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियापुर गांव में रहने वाले एक 47 वर्षीय व्यक्ति को उनके घर रखे हुए कूलर से करंट लग गया। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने गुरुवार को बताया कि मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के रहने वाले चंद्र किरण पुत्र करण सिंह उम्र 47 वर्ष थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियापुर गांव में अपने भाई के साथ रह रहे थे। मकान में बीती रात को उन्हें घर में रखे हुए कूलर से करंट लग गया। परिजनों ने गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कूलर में करंट से युवक की मौत

नोएडा। होशियापुर गांव में रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति को घर में रखे कूलर से करंट लग गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के रहने वाले चंद्र किरण होशियापुर गांव में अपने भाई के साथ रह रहे थे। बुधवार रात को होशियापुर गांव वाले मकान में उन्हें घर में रखे कूलर से करंट लग गया। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### महिलाओं के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले बदमाशों से मुठभेड़

गाजियाबाद। स्वाट और सिहानी गेट थाना पुलिस टीम ने दो चेन स्नैचर्स और लूट का सोना खरीदने वाले सर्राफ को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दोनों चेन स्नैचर्स घायल हो गए हैं। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि बाइक सवार दो बदमाशों ने गत दिनों गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सहित चार महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन झपटकर भाग गए थे। सिहानी गेट पुलिस ने बुधवार की रात बदमाशों की सूचना मिलने पर हमदर्द चौराहे पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर मेरठ की ओर भागने लगे। पीछा करने पर बाइक सवारों ने टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पूछताछ में घायलों ने अपने नाम आमिर निवासी ग्राम बोन्द्रा थाना किठौर जनपद मेरठ और संजय सैनी उर्फ शिवा निवासी ग्राम झिटकरी थाना सरधना जनपद मेरठ बताया। दोनों बदमाशों ने गोविंदपुरम, लोहियानगर, संजय नगर और जीटी रोड स्थित एक होटल के सामने महिलाओं की सोने की चैन और मंगलसूत्र झपट लिए थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

गाजियाबाद। हापुड़ के धौलाना निवासी जाकिर ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका 32 वर्षीय छोटा भाई चांद बीती 27 मई को अपनी बाइक पर काम से वेव सिटी क्षेत्र में आया था। सुबह गौर सिटी के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। वह घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# नोएडा प्राधिकरण गेट पर धरने पर बैठे किसान

## टेंट लगाकर बैठे, प्रशासन के खिलाफ कर रहे नारेबाजी; मांगों पर अड़े

प्रात : किरण संवाददाता




नोएडा में किसान आज (गुरुवार) अपनी लंबित मांगों को लेकर प्राधिकरण के गेट पर धरने पर बैठे थे। भारतीय किसान परिषद के बैनर तले सेक्टर-6 स्थित हरौला बारात घर में किसान जुटे थे। यहां से वे पैदल मार्च करते हुए नोएडा प्राधिकरण पहुंचें थे। प्राधिकरण के गेट के बाहर किसानों ने टेंट लगाया। दरी बिछाकर धरने पर बैठे और नारेबाजी कर रहे थे। प्राधिकरण के आश्वसन के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया है। किसानों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही नोएडा डरऊइंदु प्रकाश सिंह और क्रांति शेखर जी मौके पर पहुंच गए हैं। वें लोग किसानों से बात करके धरना प्रदर्शन खत्न करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं। उनका कहना है कि जब तक मेरी मांग नहीं पूरी होती तब तक हम कहीं नहीं जाएंगे।

किसानों की प्रमुख मांगें10 प्रतिशत विकसित भूखंड आवंटित किए जाएं, ताकि अधिग्रहित भूमि के बदले किसानों को उचित लाभ मिल सके।

5 प्रतिशत अतिरिक्त विकसित भूखंड और उसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए।

हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को तत्काल लागू किया जाए।

गांवों की आबादी को यथावत रखा जाए।

# गाजियाबाद रीजन में बिना टिकट सफर करते 297 यात्री पकड़े

प्रात : किरण संवाददाता



साहिबाबाद। गाजियाबाद रीजन की रोडवेज बसों में मई में बिना टिकट यात्रा करने पर 297 यात्री पकड़े गए हैं। इनसे करीब 39 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। साथ ही परिचालक पर भी 500 रुपये प्रति यात्री जुमार्ना लगाया गया है। गाजियाबाद रीजन की कौशांबी, गाजियाबाद, साहिबाबाद, लोनी, हापुड़, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, हापुड़ डिपो हैं। इनमें करीब नौ सौ बसों का संचालन होता है। परिवहन निगम की टीम रोजाना बसों की जांच करती है। हर माह औसतन तीन सौ से चार सौ यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए जाते हैं। किराए के 10 गुना तक लगाया जाता है जुमार्ना उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन चौधरी ने बताया कि बिना टिकट पकड़ने जाने पर यात्री से किराए के अलावा पांच सौ रुपये या कुल किराए का 10 गुना जुमार्ना लगाया जाता है। इनमें से जो भी कम हो होता है वह यात्री से मौके पर ही वसूला जाता है। कई बार ऐसी परिस्थिति भी बन जाती है कि यात्री पर पैसे कम होते हैं। इस परिस्थिति में उसके पास जो भी पैसे होते हैं उसके आधार पर ही जुमार्ना लगा दिया जाता है। रात में सबसे ज्यादा बिना टिकट यात्री पकड़े जाते हैं दिन में रात के सापेक्ष बिना टिकट यात्रा करने वाले कम पाए गए हैं। कुल यात्रियों में से 70 फीसदी रात के समय बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। अधिकारियों का कहना है कि बिना टिकट यात्रा करने वालों को लगता है कि रात में बसों की जांच कम होती है। इसीलिए वह बिना टिकट लिए ही बसों में बैठे रहते हैं। यही कारण है कि रात में अधिक लोग पकड़े गए हैं। रोजाना रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के टिकट की जांच की जाती है। जो भी बिना टिकट मिलता है उस पर जुमार्ना लगाया जाता है।

# वारंटी में खराब हुआ था टीवी, कंपनी को पैसे लौटाने के आदेश

- आरोप- पत्नी ने वैवाहिक संबंध बनाने से मना किया, परिवार में चल रहा था तनाव

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। वारंटी में खराब हुए टीवी को ठीक न कर पाने पर कंपनी को 6 फीसदी ब्याज समेत पूरा पैसा 30 दिनों में लौटाना होगा। एक मामले की सुनवाई के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग ने यह फैसला सुनाया है। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की। दरअसल, नोएडा सेक्टर-122 निवासी विशाल दीक्षित ने 21 नवंबर 2018 को 49990 रुपये में रिलायंस रीटेल लिमिटेड से एक स्मार्ट एलईडी टीवी खरीदा था। कुछ दिन बाद ही उसमें तकनीकी समस्या आने लगी। टीवी में यूट्यूब नहीं चला। वहीं, सेट ज्यादा गर्म होने लगा। हैंग होने की समस्या भी शुरू हो गई। इसके बाद उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जांच के लिए घर आए कंपनी के प्रतिनिधि ने टीवी को रिबूट कर उसे दो घंटे बाद दोबारा ऑन करने को कहा, लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। इसके बाद उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान कंपनी के इंजीनियर ने कहा कि उपभोक्ता को एलईडी में फर्मवेयर अपडेट करने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने उस समय फर्मवेयर अपडेट नहीं किया और बाद में आने के लिए बोला, लेकिन उन्हें दोबारा नहीं बुलाया। सुनवाई के बाद आयोग ने माना कि एलईडी बार-बार खराब हो रहा था। टीवी के बार-बार खराब होने या अपडेट होने का या अन्य कोई रसीद आदि ने उपलब्ध नहीं कराई है। न ही कोई साक्ष्य दिया है। बार-बार टीवी के खराब होने पर ठीक न होने और समस्या का समाधान न करना सेवा में कमी है। आयोग ने कंपनी को आदेश दिया है कि वह 6 फीसदी ब्याज समेत 30 दिन में 49990 रुपये का भुगतान करेगी। साथ ही दो हजार रुपये वाद व्यय और दो हजार रुपये मानसिक संताप के देने होंगे।

# अपराधी का कोई धर्म नहीं, जो अपराध करेगा उसे सजा मिलेगी : प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



गाजियाबाद। अपराधी का धर्म नहीं होता, हिन्दू अपराध करेगा तो उसे सजा मिलेगी, मुस्लिम अपराध करेगा तो उसको सजा दी जाएगी।

किसी को बख्शा नहीं जाएगा, यह बातें जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने बृहस्पतिवार को विकास भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि खोड़ा में सूर्या की हत्या करने वाले असद का एनकाउंटर होने और उसके बाद मदरसों के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर जो लोग सवाल उठा रहे हैं, उनकी मानसिकता ठीक नहीं है। इसलिए वे अपराधियों के पक्ष में बोल रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिन मदरसों में आतंकवाद की शिक्षा दी जाती है, गलत कार्य होते हैं।

उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

मंत्री ने बताया कि जिले में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्य पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए हैं।

खासतौर पर पुलिस को जाम से निजात दिलाने, साइबर अपराध पर नियंत्रण करने के लिए कहा गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली की निर्बाध रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं, बिजली कटौती कम से कम करने को कहा गया है।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनको पशुपालन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# युवराज मामले में चर्चा में आया मनिंदर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा के सेक्टर 150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की पानी में डूबने से हुई मौत के मामले में चर्चा में आए डिलीवरी बॉय मनिंदर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनिंदर पर रेस्टोरेंट और रेहड़ी वालों से रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस ने उसके भाई नरेंद्र को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त के पर्यवेक्षण में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गुरुवार को सेक्टर 150, नोएडा से मनिंदर और नरेंद्र (पुत्रगण महरचंद, निवासी गढ़ी समस्तीपुर) को पकड़ा। 20 से 25 हजार रुपये की रंगदारी का आरोप पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। ये लोग रेस्टोरेंट संचालकों और ढकेल वालों को डरा-धमकाकर हर महीने 20 से 25 हजार रुपये की रंगदारी मांगते थे। एक पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। इनके खिलाफ पहले भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। गौरतलब है कि मनिंदर तब चर्चा में आया था जब नोएडा के सेक्टर 150 में युवराज मेहता की कार पानी में गिर गई थी। उस समय मनिंदर ने दावा किया था कि युवराज को कोई मदद नहीं मिली और वह खुद पानी में उतरा था।

# मानसिक तनाव के चलते युवक ने की आत्महत्या, तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा के थाना ईकोटेक -प्रथम क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना ईकोटेक -प्रथम के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि दीपक कुमार शर्मा पुत्र शालिग्राम शर्मा मूल निवासी जनपद फतेहपुर मौजूदा समय में लुक्सर गांव में रहते थे। उन्होंने बताया कि बीती रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि धर्मपाल पुत्र किरण पाल उम्र 46 वर्ष की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। है वह मूल रूप से जनपद फरीदाबाद के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली संजू कुमारी पत्नी विजय सक्सेना उम्र 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवती ने धर्म छिपाकर दोस्ती कर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुरादनगर। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती से धर्म छिपाकर एक युवक ने दोस्ती और फिर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने थाने पर हंगामा किया। नगर एक कॉलोनी निवासी युवती ने बताया कि कुछ समय पहले स्कूल आते समय एक युवक ने दोस्ती का प्रस्ताव दिया। इसके बाद दोनों मिलना-जुलना शुरू हो गया। युवती ने बताया कि आरोपी उसे मोदीनगर के एक होटल में ले गया और वहां नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने युवती के अश्लील वीडियो और फोटो भी ले लिया।

# नोएडा में ऑनलाइन बेटिंग कराने वाले 4 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट और मोबाइल एप के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले एक संगठित गैंग का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, पांच एटीएम कार्ड, दो पैन कार्ड, तीन वाई-फाई राउटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-79 से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन चलाकर लोगों को पैसे दोगुने करने का लालच देते थे और ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट vlbook247.co व उससे जुड़े एप के माध्यम से उन्हें ठगी का शिकार बनाते थे। 2.4 करोड़ के संदिग्ध ट्रांजेक्शन बरामद लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच में लक्ष्मी ट्रेडर्स नामक बैंक खाते के जरिए करीब 2.4 करोड़ रुपये के संदिग्ध ऑनलाइन लेन-देन के साक्ष्य मिले हैं। साथ ही विभिन्न व्यक्तियों के साथ साइबर ठगी किए जाने के भी संकेत मिले हैं। पुलिस अब डिजिटल साक्ष्यों और बैंकिंग रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। आईएक्ट के तहत मुकदमा गिरफ्तार आरोपियों में साई कुमार, पंडाला सतीश, पांडुरंगा और उदयकुमार शामिल हैं। सभी मूल रूप से दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के निवासी हैं और वर्तमान में नोएडा के सेक्टर-79 में रह रहे थे।

# एसी की इनडोर यूनिट में ओवरहीटिंग से लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता



नोएडा। उत्तर प्रदेश के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी के टावर सात के 1404 नम्बर फ्लैट में लगे स्प्लिट एसी की इनडोर यूनिट में आज तड़के पटाखे जैसी आवाज के साथ आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कमरे में सो रहे फ्लैट मालिक राजन ने सोसायटी की रखरखाव टीम और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आज तड़के करीब सवा तीन बजे आग की सूचना मिली। यह भी बताया गया कि दो लोग फ्लैट में फंसे हैं। तत्काल चार गाड़ियों संग टीम को रवाना किया गया, लेकिन फ्लैट के अंदर फंसे दो लोग पहले ही निकल गए थे। सोसायटी के फायर सिस्टम से आग बुझा दी गई थी। अग्निशमन की गाड़ियो की जरूरत नहीं पड़ी। ना ही कोई जनहानि हुई। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच मे एयर कंडीशन में ओवरहीटिंग से आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन ऋतु में एयर कंडीशन से आग लगने की बेतहाशा घटनाएं हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक 87 घटनाएं ऐसी हुई है जो एयर कंडीशन की यूनिट में आग लगने के चलते हुई है। उन्होंने बताया कि स्पार्क मिंडा कंपनी में भी एयर कंडीशन के यूनिट में आग लगने से आग भड़की थी। इसमें करोड़ों रुपए की हानि हुई है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि वह अपने एयर कंडीशन का ध्यान रखें। उसका समय से सर्विस करवाए तथा रिमोट कंट्रोल से एयर कंडीशन बंद करने के बाद मेन प्लग भी जरूर बंद करें।

# नोएडा में खुले में शराब पी रहे 47 लोग गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में खुले और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 47 लोगों को पकड़कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पकड़े गए सभी 47 लोगों को थाने लाया गया, जहां उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर शराब या किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने की हिदायत दी गई। यह अभियान पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर, डीसीपी/एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण और एसीपी-2 ग्रेटर नोएडा के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों के सेवन पर प्रभावी रोक लगाना था। बुधवार रात दादरी पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# महिलाओं से लूटपाट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



गाजियाबाद। महिलाओं से चेन और मंगलसूत्र लूटने वाले दो बदमाशों को सिहानी गेट पुलिस और सिटी जोन स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, लूट के आभूषणों को गलाने के आरोप में एक सर्राफ को भी गिरफ्तार किया गया। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद के अनुसार बुधवार देर रात सिहानी गेट थाना पुलिस और सिटी जोन स्वाट टीम हमदर्द चौराहे के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोहिया नगर में महिला से मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाश क्षेत्र में आने वाले हैं। पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद तीन संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो एक व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि बाइक सवार दो बदमाश भागने लगे। पीछा करने पर दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल बदमाशों की पहचान थाना किठौर जिला मेरठ के गांव बोंद्रा निवासी आमिर और थाना सरधना जिला मेरठ के गांव झिटकरी निवासी संजय सैनी के रूप में हुई। गिरफ्तार तीसरे आरोपी की पहचान मेरठ के कस्बा किठौर में होली चौक निवासी मोनू वर्मा के रूप में हुई, जो पेशे से सर्राफ है। जांच में सामने आया कि मोनू वर्मा लुटेरों से चेन, मंगलसूत्र और अन्य आभूषण खरीदकर उन्हें गलाने का काम करता था, ताकि उनकी पहचान मिटाई जा सके। एसीपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तमंचे, कारतूस, लूट के आभूषणों को गलाकर तैयार किया गया सोना, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक बाइक बरामद हुई है। एसीपी के मुताबिक गिरोह का मुख्य सदस्य संजय सैनी उर्फ शिवा शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम समेत करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वह पूर्व में भी कई संगीन मामलों में जेल जा चुका है।

# नोएडा में विभिन्न सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा के विभिन्न जगहों पर बीती रात हुए विभिन्न सड़क हादसों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि भगवती पत्नी संतराम मूल निवासी जनपद पलवल हरियाणा उम्र 45 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर कल यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते नोएडा जा रही थी, तभी थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे खड़ी एक बस से उनकी बाइक टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार भगवती और उनके परिवार के दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर बुधवार की देर रात उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात को थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में सचिन सिंह पुत्र जयवीर सिंह मूल निवासी जनपद सुरीन मध्य प्रदेश उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में संगीता रानी पत्नी रामकुमार उम्र 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उपचार के दौरान बीती रात को उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भडाना ने बताया कि बीती रात को थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में आलोक कुमार पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 39 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया ,जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर जैगवार कार में लगी भीषण आग

प्रात : किरण संवाददाता

यमुना एक्सप्रेसवे पर ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से करीब 5-6 किलोमीटर आगे एक जैगवार कार में भीषण आग लग गई। गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुई इस घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह हादसा ईकोटेक वन थाना क्षेत्र में हुआ। कार में गुरुग्राम के चार लोग सवार थे, जो मथुरा-वृंदावन जा रहे थे। यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से आगे बढ़ते ही गाड़ी के अगले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हो गया। कार सवारों ने तुरंत गाड़ी को साइड में रोका। इतनी ही देर में कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही देर में आग का गोला बन गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ईकोटेक वन थाना पुलिस और दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। मौके पर आग बुझाने के तत्काल कोई इंतजाम नहीं दिखे।

# नोएडा के फ्लैट खरीदारों को बड़ी राहत की तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता

अमिताभकांत रिपोर्ट की सिफारिशों के बावजूद नोएडा प्राधिकरण बिल्डरों से बकाया नहीं वसूल कर पाया। कई बिल्डरों ने सिफारिशों का लाभ उठाने के बाद भी बकाया धनराशि का भुगतान नहीं किया। छूट का लाभ लेकर फ्लैट खरीदारों के पक्ष में रजिस्ट्री भी नहीं कराई। फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री के लिए छूट देने अब ओटीएस का एक प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसे शासन को भेजा गया। इस प्रस्ताव के तहत बिल्डरों से बकाया वसूलने के लिए वन टाइम सेटेलमेंट (ओटीएस) स्कीम लाने की योजना है, जिसके माध्यम से बिल्डर एक बार में बकाया राशि का भुगतान करेंगे। भुगतान के बाद हजारों फ्लैट खरीदारों को उनके मालिकाना हक का रास्ता साफ हो जाएगा। ओएसडी क्रांति शेखर ने बताया कि इस प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है। अगले सप्ताह कैबिनेट की बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। राहत पैकेज में दी थी सुविधा 21 दिसंबर 2023 को अमिताभकांत रिपोर्ट की सिफारिशों का शासनादेश प्राधिकरण में लागू किया गया था। इसका उद्देश्य था कि बिल्डर और फ्लैट खरीदारों के बीच चल रहे विवाद को समाप्त कर रजिस्ट्री कराई जाए, जिससे खरीदारों को उनके आशियाने का मालिकाना हक मिल सके। इसके लिए 57 बिल्डरों को राहत पैकेज दिया गया। जिसके तहत वह कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा करते हैं, तो उन्हें 2013 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के तहत सेक्टर-95 स्थित ओखला पक्षी विहार के दस किलोमीटर परिधि में निर्माण कार्य बंद रखने के दौरान का जीरो पीरियड लाभ भी दिया जाएगा।

# तेज बारिश, 60 किलोमीटर प्रति घंटा से चली हवा:दोपहर में छाया अंधेरा

प्रात : किरण संवाददाता

4 और 5 जून के लिए जारी किए गए येलो अलर्ट के बीच गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर का मौसम अचानक बदल गया। दोपहर के समय आसमान पर घने काले बादल छा गए और कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। तेज आंधी, धूल भरी हवाओं और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। सड़कों पर निकले लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज आंधी से करीब 100 से ज्यादा पेड़ , बिजली के पोल गिरे। नोएडा के स्पेक्ट्रम मॉल के पास, फिल्म सिटी में कार पर पेड़ गिर गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। इसके साथ ही सेक्टर-28, सेक्टर-6 , सेक्टर-51 में पेड़ गिरे। वहीं नोएडा की मुख्य सड़कों पर पेड़ गिरे। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 4 जून को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई थी। विभाग ने चेतावनी दी थी कि पूर्वाह्न और दोपहर के दौरान तेज सतही हवाएं चल सकती हैं तथा गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रास्ता से चली हवा मौसम विभाग के अनुसार कई क्षेत्रों में हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची, जिससे पेड़ों की शाखाएं हिलती रहीं और कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ।

**फुटबॉल के महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप का आगाज 11 जून से**

# 39 दिन, 104 मैच, 48 टीमों के बीच होगी जंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फुटबॉल के महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 11 जून की रात से होने जा रहा है। तकनीकी तौर पर भारत के मुताबिक तारीख 12 जून हो जाएगी लेकिन मेजबान देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा के मुताबिक इसका आगाज 11 जून को ही होगा और मैच की टाइमिंग भारत में रात 12 बजे के बाद होगी। इस टूर्नामेंट का कुल 39 दिन आयोजन होगा जिसमें कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे।

इस टूर्नामेंट में 48 टीमों के बीच जंग देखने को मिलेगी। पहले राउंड के लिए हर टीम को 4-4 के ग्रुप में बांटा गया है। कुल 12 ग्रुप इस इवेंट के लिए बने हैं। 2022 फीफा विश्व कप में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस बार 16 टीमें बढ़ गई हैं। कतर में हुए पिछले संस्करण से इस टूर्नामेंट में 40 मुकाबले ज्यादा खेले जाएंगे। यह फीफा के इतिहास का सबसे लंबा विश्व कप होने वाला है।

### भारत में इन चैनलों पर देख पाएंगे मैच

फुटबॉल विश्व कप के मैच जी के नए लॉन्च हुए यूनाइट8 स्पोर्ट्स चैनेल यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1 HD, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 2 और यूनाइट 8 स्पोर्ट्स 2 ।।ष्ठ पर दिखाए जाएंगे और जी5 पर स्ट्रीम किए जाएंगे। हाल ही में जी ने इस टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स खरीदे थे।

### फीफा विश्व कप 2026 के सभी ग्रुप

- **ग्रुप A :** मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, चेकिया (चेक गणराज्य)
- **ग्रुप B :** कनाडा, स्विट्जरलैंड, कतर, बोस्निया और हर्जेगोविना
- **ग्रुप C :** ब्राजील, मोरोक्को, स्कॉटलैंड, हैती
- **ग्रुप D :** अमेरिका, पराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, टर्की
- **ग्रुप E :** जर्मनी, इक्वाडोर, आइवरी कोस्ट, कुराकाओ
- **ग्रुप F :** नीदरलैंड्स, जापान, स्वीडेन, ट्यूनिशिया
- **ग्रुप G :** बेल्जियम, मिस्त्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- **ग्रुप H :** स्पेन, उरुग्वे, सऊदी अरब, केप वर्दे
- **ग्रुप I :** फ्रांस, सेनेगल, नॉर्वे, इराक
- **ग्रुप J :** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया, अल्जेरिया, जॉर्डन
- **ग्रुप K :** पुर्तगाल, कोलंबिया, डीआर कोन्गो, उजबेकिस्तान
- **ग्रुप L :** इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा



### पहला राउंड

| मैच | तारीख | समय (IST) | मुकाबला / विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 जून | 12 :30 AM | मैक्सिको बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 2 | 12 जून | 07 :30 AM | दक्षिण कोरिया बनाम चेकिया |
| 3 | 13 जून | 12 :30 AM | कनाडा बनाम बोस्निया और हर्जेगोविना |
| 4 | 13 जून | 06 :30 AM | यूएसए बनाम पराग्वे |
| 5 | 14 जून | 12 :30 AM | कतर बनाम स्विट्जरलैंड |
| 6 | 14 जून | 03 :30 AM | ब्राजील बनाम मोरक्को |
| 7 | 14 जून | 06 :30 AM | हैती बनाम स्कॉटलैंड |
| 8 | 14 जून | 09 :30 AM | ऑस्ट्रेलिया बनाम तुर्की |
| 9 | 14 जून | 10 :30 AM | जर्मनी बनाम कुराकाओ |
| 10 | 15 जून | 01 :30 AM | नीदरलैंड बनाम जापान |
| 11 | 15 जून | 04 :30 AM | आइवरी कोस्ट बनाम इक्वाडोर |
| 12 | 15 जून | 07 :30 AM | स्वीडन बनाम ट्यूनीशिया |
| 13 | 15 जून | 09 :30 PM | स्पेन बनाम केप वर्डे |
| 14 | 16 जून | 12 :30 AM | बेल्जियम बनाम मिस्त्र |
| 15 | 16 जून | 03 :30 AM | सऊदी अरब बनाम उरुग्वे |
| 16 | 16 जून | 06 :30 AM | ईरान बनाम न्यूजीलैंड |
| 17 | 17 जून | 12 :30 AM | फ्रांस बनाम सेनेगल |
| 18 | 17 जून | 03 :30 AM | इराक बनाम नॉर्वे |
| 19 | 17 जून | 06 :30 AM | अर्जेंटीना बनाम अल्जीरिया |
| 20 | 17 जून | 09 :30 AM | ऑस्ट्रिया बनाम जॉर्डन |
| 21 | 17 जून | 10 :30 PM | पुर्तगाल बनाम डीआर कांगो |
| 22 | 18 जून | 01 :30 AM | इंग्लैंड बनाम क्रोएशिया |
| 23 | 18 जून | 04 :30 AM | घाना बनाम पनामा |
| 24 | 18 जून | 07 :30 AM | उज्बेकिस्तान बनाम कोलंबिया |
| 25 | 18 जून | 09 :30 PM | चेकिया बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 26 | 19 जून | 12 :30 AM | स्विट्जरलैंड बनाम बोस्निया और हर्जेगोविना |
| 27 | 19 जून | 03 :30 AM | कनाडा बनाम कतर |
| 28 | 19 जून | 06 :30 AM | मैक्सिको बनाम दक्षिण कोरिया |
| 29 | 20 जून | 12 :30 AM | यूएसए बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 30 | 20 जून | 03 :30 AM | स्कॉटलैंड बनाम मोरक्को |
| 31 | 20 जून | 06 :00 AM | ब्राजील बनाम हैती |
| 32 | 20 जून | 08 :30 AM | तुर्की बनाम पराग्वे |
| 33 | 20 जून | 10 :30 PM | नीदरलैंड बनाम स्वीडन |
| 34 | 21 जून | 01 :30 AM | जर्मनी बनाम आइवरी कोस्ट |
| 35 | 21 जून | 05 :30 AM | इक्वाडोर बनाम कुराकाओ |
| 36 | 21 जून | 09 :30 AM | ट्यूनीशिया बनाम जापान |
| 37 | 21 जून | 09 :30 PM | स्पेन बनाम सऊदी अरब |
| 38 | 22 जून | 12 :30 AM | बेल्जियम बनाम ईरान |
| 39 | 22 जून | 03 :30 AM | उरुग्वे बनाम केप वर्डे |
| 40 | 22 जून | 06 :30 AM | न्यूजीलैंड बनाम मिस्त्र |
| 41 | 22 जून | 10 :30 PM | अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रिया |
| 42 | 23 जून | 02 :30 AM | फ्रांस बनाम इराक |
| 43 | 23 जून | 05 :30 AM | नॉर्वे बनाम सेनेगल |
| 44 | 23 जून | 07 :30 AM | जॉर्डन बनाम अल्जीरिया |
| 45 | 23 जून | 10 :30 PM | पुर्तगाल बनाम उज्बेकिस्तान |
| 46 | 24 जून | 01 :30 AM | इंग्लैंड बनाम घाना |
| 47 | 24 जून | 04 :30 AM | पनामा बनाम क्रोएशिया |
| 48 | 24 जून | 07 :30 AM | कोलंबिया बनाम डीआर कांगो |
| 49 | 25 जून | 12 :30 AM | स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा |
| 50 | 25 जून | 12 :30 AM | बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर |
| 51 | 25 जून | 03 :30 AM | मोरक्को बनाम हैती |
| 52 | 25 जून | 03 :30 AM | स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील |
| 53 | 25 जून | 06 :30 AM | दक्षिण अफ्रीका बनाम दक्षिण कोरिया |
| 54 | 25 जून | 06 :30 AM | चेकिया बनाम मैक्सिको |
| 55 | 26 जून | 01 :30 AM | कुराकाओ बनाम आइवरी कोस्ट |
| 56 | 26 जून | 01 :30 AM | इक्वाडोर बनाम जर्मनी |
| 57 | 26 जून | 04 :30 AM | ट्यूनीशिया बनाम नीदरलैंड |
| 58 | 26 जून | 04 :30 AM | जापान बनाम स्वीडन |
| 59 | 26 जून | 07 :30 AM | तुर्की बनाम यूएसए |
| 60 | 26 जून | 07 :30 AM | पराग्वे बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 61 | 27 जून | 12 :30 AM | नॉर्वे बनाम फ्रांस फॉक्सबोरो |
| 62 | 27 जून | 12 :30 AM | सेनेगल बनाम इराक |
| 63 | 27 जून | 05 :30 AM | केप वर्डे बनाम सऊदी अरब |
| 64 | 27 जून | 05 :30 AM | उरुग्वे बनाम स्पेन |
| 65 | 27 जून | 08 :30 AM | न्यूजीलैंड बनाम बेल्जियम |
| 66 | 27 जून | 08 :30 AM | मिस्त्र बनाम ईरान |
| 67 | 28 जून | 02 :30 AM | पनामा बनाम इंग्लैंड |
| 68 | 28 जून | 02 :30 AM | क्रोएशिया बनाम घाना |
| 69 | 28 जून | 05 :00 AM | कोलंबिया बनाम पुर्तगाल |
| 70 | 28 जून | 05 :00 AM | डीआर कांगो बनाम उज्बेकिस्तान |
| 71 | 28 जून | 07 :30 AM | अल्जीरिया बनाम ऑस्ट्रिया |
| 72 | 28 जून | 07 :30 AM | जॉर्डन बनाम अर्जेंटीना |

### राउंड ऑफ 32

| मैच | तारीख | समय (IST) | मुकाबला / विवरण |
|---|---|---|---|
| 73 | 29 जून | 12 :30 AM | ग्रुप A उपविजेता बनाम ग्रुप B उपविजेता |
| 74 | 29 जून | 10 :30 PM | ग्रुप C विजेता बनाम ग्रुप F उपविजेता |
| 75 | 30 जून | 02 :00 AM | ग्रुप E विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 76 | 30 जून | 06 :30 AM | ग्रुप F विजेता बनाम ग्रुप C उपविजेता |
| 77 | 30 जून | 10 :30 PM | ग्रुप E उपविजेता बनाम ग्रुप I उपविजेता |
| 78 | 01 जुलाई | 02 :30 AM | ग्रुप I विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 79 | 01 जुलाई | 06 :30 AM | ग्रुप A विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 80 | 01 जुलाई | 09 :30 PM | ग्रुप L विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 81 | 02 जुलाई | 01 :30 AM | ग्रुप G विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 82 | 02 जुलाई | 01 :30 AM | ग्रुप D विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 83 | 02 जुलाई | 05 :30 AM | ग्रुप H विजेता बनाम ग्रुप J उपविजेता |
| 84 | 03 जुलाई | 12 :30 AM | ग्रुप K उपविजेता बनाम ग्रुप L उपविजेता |
| 85 | 03 जुलाई | 04 :30 AM | ग्रुप B विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |
| 86 | 03 जुलाई | 08 :30 AM | ग्रुप D उपविजेता बनाम ग्रुप G उपविजेता |
| 87 | 03 जुलाई | 11 :30 PM | ग्रुप J विजेता बनाम ग्रुप H उपविजेता |
| 88 | 04 जुलाई | 03 :30 AM | ग्रुप K विजेता बनाम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम |

### राउंड ऑफ 16 (प्री-क्वार्टर फाइनल)

| मैच | तारीख | समय (IST) | मुकाबला / विवरण |
|---|---|---|---|
| 89 | 04 जुलाई | 07 :00 AM | मैच 73 का विजेता बनाम मैच 75 का विजेता |
| 90 | 04 जुलाई | 10 :30 PM | मैच 74 का विजेता बनाम मैच 77 का विजेता |
| 91 | 05 जुलाई | 02 :30 AM | मैच 76 का विजेता बनाम मैच 78 का विजेता |
| 92 | 06 जुलाई | 01 :30 AM | मैच 79 का विजेता बनाम मैच 80 का विजेता |
| 93 | 06 जुलाई | 05 :30 AM | मैच 83 का विजेता बनाम मैच 84 का विजेता |
| 94 | 07 जुलाई | 01 :30 AM | मैच 81 का विजेता बनाम मैच 82 का विजेता |
| 95 | 07 जुलाई | 09 :30 PM | मैच 86 का विजेता बनाम मैच 88 का विजेता |
| 96 | 08 जुलाई | 01 :30 AM | मैच 85 का विजेता बनाम मैच 87 का विजेता |

### क्वार्टरफाइनल

| मैच | तारीख | समय (IST) | मुकाबला / विवरण |
|---|---|---|---|
| 97 | 10 जुलाई | 01 :30 AM | मैच 89 का विजेता बनाम मैच 90 का विजेता |
| 98 | 11 जुलाई | 12 :30 AM | मैच 93 का विजेता बनाम मैच 94 का विजेता |
| 99 | 12 जुलाई | 02 :30 AM | मैच 91 का विजेता बनाम मैच 92 का विजेता |
| 100 | 12 जुलाई | 06 :30 AM | मैच 95 का विजेता बनाम मैच 96 का विजेता |

### सेमीफाइनल

| मैच | तारीख | समय (IST) | मुकाबला / विवरण |
|---|---|---|---|
| 101 | 15 जुलाई | 12 :30 AM | मैच 97 का विजेता बनाम मैच 98 का विजेता |
| 102 | 16 जुलाई | 12 :30 AM | मैच 99 का विजेता बनाम मैच 100 का विजेता |

### तीसरा स्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 103 | 19 जुलाई | 02 :30 AM | मैच 101 का हारने वाला बनाम मैच 102 का हारने वाला |

### फाइनल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 104 | 20 जुलाई | 12 :30 AM | मैच 101 का विजेता बनाम मैच 102 का विजेता |

## वर्ल्ड कप हो जाएगा और रोमांचक

### फीफा ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** फुटबॉल का खेल 90 मिनट का होता है और इसमें 45-45 मिनट को दो पीरियड होते हैं जिनके बीच 15 मिनट का ब्रेक होता है, लेकिन 2026 के फीफा वर्ल्ड कप में ये नियम बदल जाएगा। यही नहीं पहली बार हर मैच में हर हाफ के बीच में पानी पीने के लिए ब्रेक दिया जाएगा। ये ब्रेक पहले हाफ के 22वें मिनट में और दूसरे हाफ के 67वें मिनट में होंगे और मौसम कैसा भी हो ये ब्रेक जरूरी होंगे।

इस बार फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में किया जाएगा और यहां पर गर्मी होगी। गर्मी में होने वाले इस टूर्नामेंट को देखते हुए फीफा के लिए गर्मी से बचाव और खिलाड़ियों की सेहत का ध्यान रखना सबसे बड़ी चिंता बन गई है। ऐसे में फीफा ने एक जैसा नियम अपनाने का फैसला किया है जिसे हर मैच में लागू किया जाएगा। इन ब्रेक की वजह से इस गर्मी में फुटबॉल काफी हद तक हॉकी, बास्केटबॉलर और अमेरिकन फुटबॉल जैसा लगेगा।

### फीफा ने ब्रेक के नियमों में किए बदलाव

फीफा द्वारा किए गए इस बदलाव के बाद से फुटबॉल असल में चार-क्वार्टर वाला खेल बन गया है। 45 मिनट तक बिना रुके खेलने के बजाय अब टीमों को हर हाफ के बीच में थोड़ा ब्रेक मिलेगा। हॉकी खिलाड़ी इस कॉन्सेप्ट से पहले से ही परिचित हैं। कोच क्वार्टर ब्रेक का इस्तेमाल प्रेसिंग पैटर्न बदलने, डिफेंसिव स्ट्रक्चर को फिर से व्यवस्थित करने और खेल की गति में आने वाले उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए करते हैं। अब फुटबॉल मैनेजरों के पास भी कुछ ऐसा ही है। तीन मिनट सुनने में भले ही ज्यादा नहीं लगे, लेकिन ऊंचे स्तर पर, यह नए निर्देश देने, दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों को शांत करने या पिच पर पैदा हो रही रणनीतिक समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए काफी समय होगा। हाइड्रेशन ब्रेक से कोचिंग का तरीका भी बदल सकता है। जहाँ खिलाड़ी टचलाइन के बाहर कदम नहीं रख सकते, वहीं यूएसए के कोच मौरिसियो पोचेटिनो ने हाल ही के एक मैच के दौरान मैदान पर ही अपनी टीम को एक लैपटॉप के चारों ओर इकट्ठा करके टैक्टिकल फुटेज का रिव्यू किया। यानी हाफ टाइम तक इंतजार करने के बजाय कोच अब रियल टाइम में विजुअल फीडबैक दे सकते हैं। इसलिए बेंच के पीछे बैठे एनालिस्ट अब पहले से कहीं ज्यादा असरदार हो जाएंगे और मैनेजरों के सिर्फ टचलाइन से चिल्लाकर निर्देश देने के दिन शायद अब बीतने वाले हैं।

# जॉन सीना के जानी दुश्मन से ब्रे वायट तक

## WWE के 5 रेसलर जिनकी कम उम्र में हुई मौत, एक ने पत्नी और बच्चे का भी किया था कत्ल



**नई दिल्ली।** एक ऐसा फाइटिंग शो है जिसे भारत में भी खूब पसंद किया जाता है। इसके अलग-अलग कई इवेंट और आयोजन भारत में सुर्खियां बटोरते हैं।

हाल ही में क्लैन इन इटली ने काफी सुर्खियां बटोरीं। अगर इसके इतिहास के ऐसे पांच स्टार रेसलर्स की बात करें जिनका बेहद कम उम्र में ही अचानक निधन हो गया। इसमें हालिया नाम ब्रे वायट का भी है जिनकी मौत से कंपनी को काफी सदमा भी लगा था।

- **उमागा (1973-2009)-** एडवर्ड फाटू जिन्हें उमागा (Umaga) के नाम से भी WWE में जाना जाता था, वह 2006-07 में जॉन सीना के साथ राइवलरी के चलते काफी मशहूर हुए थे। समोआ के इस रेसलर ने कंपनी में खूब नाम कमाया। 4 दिसंबर 2004 को अचानक उनकी मौत की जानकारी सामने आई। महज 36 साल की उम्र में उमागा का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। उन्हें पेन किलर्स और हड्डियों को आराम देने वाली दवाओं के साथ मृत पाया गया था। उनके निधन का कारण भी ऐसी दवाइयों के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण ही होने की खबरें आई थीं। उनका कम उम्र में निधन अन्य साथी रेसलर्स के लिए भी एक संदेश था।
- **एडी गुरेरो (1967-2005)-** एडी गुरेरो कंपनी के एक पॉपुलर रेसलर्स में से एक थे। उन्हें उनकी पर्सनैलिटी और बेहतरीन रेसलिंग स्किल के लिए जाना जाता था। वह क्राउंड का मनोरंजन करने के लिए मशहूर थे और उनके बीच काफी पॉपुलर भी थे। रीमिस्टीरियो से उनकी अच्छी दोस्ती थी। उनका निधन 13 नवंबर 2005 को हुआ था। वह अपने होटल रूम में मृत पाए गए थे। उनका निधन भी हार्ट फेल होने के कारण बताया गया था। महज 38 साल की उम्र में WWE ने अपना एक बेहतरीन सितारा खो दिया था।
- **ओवेन हार्ट (1965-1999)-** 23 मई 1999 को 20वीं सदी के अंतिम दौर के स्टार रेसलर ओवेन हार्ट के निधन को सुनकर कंपनी में शोक की लहर दौड़ गई थी। वह उस वक्त के उभरते हुए सितारे थे। उनकी मौत एक खतरनाक स्टंट करते हुए हो गई थी। उनका निधन किसी बीमारी के चलते नहीं हुआ था। वह एक स्टंट कर रहे थे और तकनीकी खराबी के कारण वह उंचाई से नीचे गिर गए थे और उनके इतनी चोट लगी कि वह दोबारा उठ नहीं सके। उनका महज 34 साल की उम्र में दुखद निधन हो गया था।
- **क्रिस बेनोइट (1967-2007)-** WWE में 21वीं सदी के शुरुआती दशक में कई बड़े-बड़े रेसलर पॉपुलर थे। जॉन सीना, बटिस्टा, ब्रॉक लैसनर, कर्ट एंगल, रीमिस्टीरियो, द रॉक के साथ एक नाम था क्रिस बेनोइट का। वह कंपनी के एक बेहतरीन फाइटर थे। जून 2007 में उन्होंने सभी को तब चौंका दिया जब पहले उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चे को मारा।

### 5- ब्रे वायट (1987-2023)

WWE ने हाल ही में एक शानदार रेसलर को खोया था। उनके निधन के बाद पूरी कंपनी शोक में डूब गई थी। अगस्त 2023 में ब्रे वायट के निधन की खबर ने सभी को हिला दिया था। वह एक बेहतरीन फाइटर के साथ-साथ कंपनी के लिए रिंग में शानदार स्टोरी सुनाने के लिए भी मशहूर थे। उनकी यूनिक पर्सनैलिटी भी काफी पॉपुलर थी। वह अचानक एक दिन सोते-सोते मृत पाए गए थे। उनके निधन का कारण भी हार्ट अटैक था। उनके रूप में WWE ने महज 36 साल की उम्र का एक बेहतरीन रेसलर खो दिया था।

**आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे के लिए इन खिलाड़ियों को भारतीय टी20 टीम में मिल सकती है जगह**

# वैभव को मौका, श्रेयस कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम आयरलैंड, इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली है। टीम इंडिया आयरलैंड के खिलाफ जून में दो टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी जबकि इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में 5 मैचों की सीरीज खेलेगी। अब शनिवार को अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति मुंबई में बैठक करेगी और आयरलैंड व इंग्लैंड दौरे साथ ही सितंबर में जापान में होने वाले 2026 एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया जा सकता है जबकि तिलक वर्मा टीम के उप-कप्तान हो सकते हैं। चुकी सूर्यकुमार यादव की अब टी20 टीम से भी छुट्टी हो चुकी है ऐसे में टीम में मध्यक्रम में एक जगह खाली हो जाएगी जिससे श्रेयस अय्यर का रास्ता साफ हो जाएगा।



### वैभव को मिल सकती है भारतीय टी20 टीम में जगह

उम्मीद ये की जा रही है कि साल 2026 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा जाएगा। हर्षित राणा अब तक फिट नहीं हुए हैं ऐसे में वो टीम में नहीं होंगे वहीं प्रिंस यादव को टीम में जगह दी सकती है। इस बात की भी संभावना है कि प्रसिद्ध कृष्णा की टीम में वापसी हो जाए। हार्दिक पांड्या की जगह भी खतरे में पड़ सकती है क्योंकि वह फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे नीतीश कुमार रेड्डी के लिए जगह बन सकती है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन के जरिए भारतीय टी20 टीम का दरवाजा खटखटा दिया है और इस दौरे के लिए माना जा रहा है कि उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है।

**विराट कोहली भारतीय टीम से हुए बाहर**

## अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे 3 मैचों की वनडे सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बैटर विराट कोहली हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से वनडे टीम से बाहर हो गए हैं। यानी अब वो अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र मैच की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है जिसकी शुरुआत 6 जून से होगी और इसके बाद दोनों देशों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा। इस वनडे सीरीज की



शुरुआत 13 जून से होगी और सीरीज का आखिरी मुकाबला 20 जून को खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 17 जून को होगा।

**अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे विराट कोहली-** टीवी टूडे नेटवर्क के मुताबिक विराट के वनडे टीम से बाहर होने के बाद उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान अब तक नहीं किया गया है। विराट कोहली अभी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने आईपीएल 2026 में अपनी टीम आरसीबी के लिए खेले 16 मैचों में कुल 675 रन बनाए थे जिसमें फाइनल में खेली गई नाबाद 75 रन की पारी भी मौजूद है।

### भारत की वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़ और हर्ष दूबे।

## संक्षिप्त समाचार

### एससी ने मुंबई के 3 रेलवे पुलिसकर्मियों की जमानत की रद्द

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर नाबालिग के साथ यात्रा कर रहे व्यक्ति से जबरन वसूली और आपराधिक धमकी देने के आरोपी तीन रेलवे पुलिसकर्मियों की अग्रिम जमानत रद कर दी है। इन पुलिसकर्मियों को पिछले साल सितंबर में बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह राहत दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब कानून लागू करने वाले ही जबरन वसूली करने लगें, तो नागरिक असहाय होकर देखता रह जाता है और उसके पास चुपचाप झुकने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को अस्पष्ट बताते हुए उसे खारिज कर दिया। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि अपने पद का दुरुपयोग करने वाले किसी पुलिस अधिकारी के मामले से निपटते समय, 'एक आम आरोपी व्यक्ति पर लागू होने वाली सामान्य धारणाएं लागू नहीं होंगी। यह घटना पिछले साल अगस्त महीने की है। एक यात्री अपने एक नाबालिग बच्चे के साथ राजस्थान जा रहा था। यात्री ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर उसके पास से 14 ग्राम सोने का बिस्कुट और 31,900 रुपये नकद मिलने के बाद उसे हिरासत में ले लिया था और फिर उससे जबरन वसूली की गई। इस मामले में पुलिसकर्मियों की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुई हैं। हाल ही में डिपार्टमेंटल इंक्वायरी के बाद राज्य सरकार द्वारा तीनों आरोपी पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

### भाजपा विधायक की सख्त मांग: 'हेलमेट न पहनने वालों की बाइक एक महीने के लिए की जाए जब्त'

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और युवाओं की मौतों को लेकर भाजपा विधायक भूपेन बोरा ने सरकार और पुलिस प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। बिहपुरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक बोरा ने बुधवार को कहा कि हेलमेट न पहनकर बाइक चलाने वालों के खिलाफ केवल जुर्माना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी बाइक भी एक महीने के लिए जब्त की जानी चाहिए। उनका मानना है कि कड़ी कार्रवाई से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और हादसों में कमी आएगी। गुवाहाटी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भूपेन बोरा ने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के टिकिरा इलाके में हाल ही में कई दर्दनाक सड़क हादसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन युवकों की बाइक दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। इन घटनाओं से पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। विधायक ने कहा कि दुर्घटनाओं से प्रभावित अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने युवाओं के लिए बाइक की गति सीमा तय करने जैसे कड़े उपायों पर भी विचार करने की आवश्यकता बताई।

### जहरीली शराब कांड रोकने के लिए अठावले का अनोखा फॉर्मूला

**ठाणे, एजेंसी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने हाथ से बनाई जाने वाली कच्ची शराब को कानूनी मान्यता देने की वकालत करते हुए कहा है कि इससे न केवल सरकार का राजस्व बढ़ेगा, बल्कि जहरीली शराब से होने वाली मौतों पर भी रोक लगाई जा सकेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसी शराब के उत्पादन और बिक्री को सरकारी नियंत्रण में लाया जाए ताकि उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी तालुका स्थित बापगांव में एक निजी कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में अठावले ने हाल ही में पुणे में हुई जहरीली शराब त्रासदी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दिहाड़ी मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग अक्सर कच्ची शराब का सेवन करते हैं, जिससे कई बार जहरीली शराब के कारण जानलेवा घटनाएं सामने आती हैं। अठावले ने कहा कि यदि सरकार इस तरह की शराब को वैध बनाकर उसके उत्पादन को विनियमित करे तो अवैध

# मंगेतर को प्रपोज करना कैप्टन भरत को पड़ेगा महंगा? सफाई मांग सकती है सेना

**नासिक , एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक में सेना की पासिंग आउट परेड के बाद एक नवनियुक्त आर्मी पायलट का अपनी प्रेमिका को प्रपोज करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दिल छू लेने वाले वीडियो को इंटरनेट पर खूब प्यार मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ सेना के कड़े नियमों और प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर एक नई बहस भी छिड़ गई है।

यह पूरा वाकया मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक के पास स्थित कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि भारतीय सेना की वर्दी पहने पायलट कैप्टन भरत भारद्वाज रनवे पर चलते हुए आते हैं। बैकग्राउंड में सेना का एक हेलीकॉप्टर खड़ा नजर आ रहा है। कैप्टन भारद्वाज अचानक घुटनों के बल बैठ जाते हैं और अपनी पार्टनर को अंगूठी पहनाकर शादी के लिए प्रपोज करते हैं। उनकी पार्टनर इस सरप्राइज से बेहद खुश हो जाती हैं और गले लगाकर प्रपोजल को स्वीकार कर लेती हैं।

वीडियो और तस्वीरें वायरल होने के बाद जहां एक तरफ लोग कपल को बधाई दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सेना के सख्त अनुशासन और नियमों को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, 'क्या इसकी अनुमति है? क्या आप डिफेंस ट्रेनिंग स्कूल के भीतर ऐसे प्रपोजल को फिल्मा सकते हैं और उन्हें सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं? मुझे लगा था कि सेना की एक बहुत ही सख्त आचार संहिता होती है।'

सोशल मीडिया पर आए रिएक्शन और विवाद के बीच सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि सेना ने इस पूरे मामले का संज्ञान लिया है। सेना के नियमों के मुताबिक, इस तरह का प्रपोजल और उसका सोशल मीडिया पर आना कई



प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जा रहा है। खबर है कि सेना इस मामले में पायलट कैप्टन भरत भारद्वाज से स्पष्टीकरण मांग सकती है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि इस भावुक और व्यक्तिगत कदम के लिए कप्तान को किसी बड़ी मुश्किल या कड़ी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अपनी साथी को प्रपोज करने के बाद समाचार एजेंसी एएनआई एएनआई से बात करते हुए कैप्टन भारद्वाज ने अपनी खुशी जाहिर की थी। उन्होंने कहा, 'हम सभी आज पायलट और इंस्ट्रक्टर बने हैं। यह हम सभी के लिए बहुत बड़ा दिन था। हमारी कड़ी मेहनत आज रंग लाई है। हम दोनों पिछले पांच साल से एक-दूसरे को जानते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनसे शादी का प्रस्ताव रखने के लिए इससे बेहतर कोई और दिन हो सकता था। यह मेरे परिवार के लिए भी बड़ा दिन है। मैं इस दिन को अपनी मंगेतर के लिए भी यादगार बनाना चाहता था। बस यही इसके पीछे की सोच थी।'

आपको बता दें कि नासिक का कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल भारतीय सेना का एक बेहद प्रतिष्ठित और प्रमुख फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थान है। यह सीधे तौर पर आर्मी ट्रेनिंग कमांड के तहत काम करता है, जहां बेहद कड़ी सुरक्षा और अनुशासन के मानक लागू होते हैं। यही वजह है कि संवेदनशील क्षेत्र में वीडियो बनाने और उसे सार्वजनिक करने पर सवाल उठ रहे हैं।

## 47 गांवों से होकर गुजरेगा अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे, रोड कनेक्टिविटी के साथ सफर का समय होगा कम

**अलीगढ़, एजेंसी।** यूपी में अलीगढ़वासियों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही अलीगढ़ से मुरादाबाद जाने में समय कम लगेगा और सफर भी रोड कनेक्टिविटी के चलते बेहतर होगा। संरेखण (एलाइनमेंट) को मंत्रालय द्वारा पहले ही हरी झंडी दी जा चुकी है। एनएचएआई ने पत्र में स्पष्ट किया है कि कॉरिडोर का रूट अलीगढ़ के कई गांवों से होकर गुजरेगा। जमीन की पैमाइश और



दरअसल प्रस्तावित अलीगढ़-मुरादाबाद हाई-स्पीड एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर जिले के 47 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके लिए एनएचएआई ने भूमि अधिग्रहण की आधिकारिक प्रक्रिया तेज कर दी है। एजेंसी ने डीपीआर बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने डीएम, अलीगढ़ को पत्र भेजकर कॉरिडोर के दायरे में आने वाले अलीगढ़ जिले के कुल 47 गांवों के राजस्व मानचित्र और अन्य आवश्यक भूमि रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यह राजस्व गांव तहसील कोल और तहसील गभाना में हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों पर एनएचएआई ने इस ग्रीनफील्ड हाईवे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और डिजाइन तैयार करने का जिम्मा मैसर्स चैतन्या प्रोजेक्ट्स कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड को मैसर्स भवानी कंसलटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संयुक्त रूप से सौंपा है। इस कॉरिडोर के अधिग्रहण की कागजी कार्रवाई को समय से पूरा करने के लिए कंसलटेंसी कंपनियों के चार अधिकृत प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिनमें रजित ठाकुर, प्रीतेश्वर पटेल, अव्लेंद्र प्रताप और हितेश कौशिक शामिल हैं। ये प्रतिनिधि सीधे अलीगढ़ के राजस्व अधिकारियों जैसे तहसीलदार और लेखपालों से संपर्क कर प्रभावित गांवों के विलेज मैप और जमीन से जुड़ी अन्य जानकारियां हासिल करेंगे, ताकि इन्हें हाईवे के फाइनल डिजाइन और डीपीआर में शामिल किया जा सके। कस्तरी वैश्या, पाला माजरा कस्तरी वैश्या, चन्दौखा, छेरत सुधियाल, साठा, खेरुपूरा, सपेरा भानपुर, जतपुर (जाटपुरा), किथारा, मोर्थल, बरौथ, बरौथा, मोहनपुर, हरदुआगंज, नयाबास नरेन्द्र गढ़ी, आज़माबाद महुआ, सिकंदरपुर महुआ, इमलानी, मई, खान आलमपुर, चंगेरी, महमूदपुर जमालपुर, भोजपुर, अलाहदादपुर, पनैथी, अदौन, जलुपुर सिहोर, भगवानपुर, फरीदपुर और जवां सिकंदरपुर।

## राजस्थान: जैसलमेर में अब पाक मोबाइल सिम चलाई तो खैर नहीं, सरकार ने उपयोग पर लगाई रोक

**जयपुर, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के जैसलमेर जिले में पाक मोबाइल सिम के उपयोग पर रोक लगाई गई है। जैसलमेर जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे करीब चार किलोमीटर क्षेत्र तक पाकिस्तानी मोबाइल नेटवर्क पहुंचता है। राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने पाकिस्तानी लोकल मोबाइल सिम के उपयोग करने अथवा उससे संपर्क करने पर रोक लगाने को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेश नहीं मानने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन को आशंका है कि सीमा पार से आने वाले



मोबाइल नेटवर्क का उपयोग जासूसी, तस्करी सहित अन्य देश विरोधी गतिविधियों में किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट पाकिस्तान ने कई मोबाइल टॉवर लगा रखे हैं। इन टॉवरों का नेटवर्क राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच रहा है। पाकिस्तानी मोबाइल नेटवर्क जैसलमेर के चार किलोमीटर क्षेत्र तक पहुंचने का मामला सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर जिला कलक्टर ने रोक के आदेश जारी किए हैं। आशंका है कि पाकिस्तानी मोबाइल नेटवर्क का लाभ उठाकर संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व संवेदनशील सूचनाएं सीमापार भेज सकता है। पिछले महीनों में सीमावर्ती क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारियां पैसों के लालच में पाकिस्तान तक पहुंचाने के आरोप में ई मित्र संचालक झबराराम, सरकारी कर्मचारी शकूर खान एवं महेंद्र प्रसाद और ग्रामीण हनीफ खान को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है।

## केरलम: गिल्ट में किए गए कबूलनामे से सुलझी 40 साल पुरानी मर्डर मिस्ट्री, बेटे की मौत के बाद पिघला अपराधी का दिल

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरलम में गिल्ट से भरे कबूलनामे ने पुलिस को भी हैरान कर दिया है। इस खुलासे ने चार दशक पुरानी मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी को सुलझाने में मदद की है, जिससे जांचकर्ता उस युवक की पहचान कर सके हैं जिसके शव को 1986 में एक नाले में मिलने के बाद अज्ञात मानकर दफना दिया गया था। कोझिकोड के पहाड़ी इलाके तिरुवमबडी की पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान कन्नूर जिले के इरित्ती निवासी 22 वर्षीय मोहनन के रूप में हुई है। यह पहचान 56 वर्षीय मुहम्मदअली उर्फ एंटनी के पुलिस स्टेशन में आकर हत्या का गुनाह कबूलने के साल बाद हुई है।



4 जून, 2025 को मलप्पुरम जिले के निवासी मुहम्मदअली ने वेंगारा पुलिस स्टेशन में जाकर अधिकारियों को बताया था कि उसने नवंबर 1986 में व्यक्ति की हत्या कर दी थी, जब वह खुद किशोर था।

पुलिस के अनुसार, मुहम्मदअली ने बताया कि हाल ही में उसके बड़े बेटे की मौत और दूसरे बच्चे के साथ हुई दुर्घटना के बाद उसका अपराधबोध असहनीय हो गया था। उसने पुलिस को बताया कि वह दशकों तक नींद न आना और पश्चाताप की आग में जलता रहा। मुहम्मदअली ने कथित तौर पर बताया कि वह एक संपत्ति पर खेत मजदूर के रूप में काम कर रहा था, तभी वहां एक विवाद हो गया। उसने दावा किया कि एक व्यक्ति ने उस पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद उसने आत्मरक्षा में उसे लात मार दी। वह व्यक्ति एक नाले में गिर गया और मुहम्मदअली वहां से भाग गया। इस कबूलनामे के बाद पुलिस ने उस पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। पुलिस ने कहा कि मामले में जल्द ही चार्जशीट दायर की जाएगी।

## यूएस कर रहा कानून का उल्लंघन: ट्रंप की 'नार्को-टेररिस्ट' नीति पर सवाल, 207 लोगों की मौतों के बाद बढ़ी आलोचना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित तौर पर ड्रग्स की तस्करी कर रही एक नाव पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन लैटिन अमेरिका में कथित ड्रग तस्करों के खिलाफ कई महीनों से अभियान चला रहा है। अमेरिकी दक्षिणी कमान के अनुसार, यह हमला उन समुद्री मार्गों पर किया गया जिन्हें ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि सेना ने यह साबित करने के लिए कोई सार्वजनिक सबूत पेश नहीं किया कि नाव वास्तव में मादक पदार्थ ले जा रही थी।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में नाव को तेज रफ्तार से जाते हुए और फिर विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर की शुरुआत से अमेरिका जिन लोगों को नार्को-टेररिस्ट बता रहा है, उनके खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में अब तक कम से कम 207 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि अमेरिका लैटिन अमेरिकी ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है और ये हमले अमेरिका में ड्रग्स की तस्करी तथा ओवरडोज से होने वाली मौतों को रोकने के लिए जरूरी हैं।

# ईरान के परमाणु हथियार प्रदर्शन की चेतावनी वाली खबरों को रुबियो ने बताया बेबुनियाद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उन खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अमेरिका को एक संदेश भेजकर चेतावनी दी थी कि अगर मौजूदा संघर्ष और बढ़ा, तो ईरान अपनी परमाणु क्षमता का प्रदर्शन कर सकता है। रुबियो ने साफ कहा कि ट्रंप प्रशासन तक ऐसा कोई संदेश नहीं पहुंचा था। यह मामला बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की सुनवाई के दौरान सामने आया। प्रतिनिधि स्कॉट पेरी ने रुबियो से पूछा कि क्या पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से यह संदेश दिया था कि यदि तनाव और बढ़ता है, तो ईरान परमाणु हथियार होने का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। ऐसी खबरें सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। इस पर रुबियो ने दावे को नकार दिया।

उन्होंने कहा, मैंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देखी है और मुझे ऐसे किसी संदेश की जानकारी भी नहीं है। जब पेरी ने दोबारा सवाल किया और मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, तब भी रुबियो ने इस बात से खुद को अलग रखा।



उन्होंने कहा, अगर ऐसा कोई संदेश भेजा गया होता, तो मुझे हैरानी होती। अगर ऐसा हुआ होता, तो मुझे इसकी जानकारी जरूर होती। यह बातचीत उस समय हुई जब कांग्रेस में ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे थे। कई महीनों के सैन्य तनाव के बाद अमेरिका एक नए समझौते की कोशिश कर रहा है, जिसका उद्देश्य ईरान की परमाणु गतिविधियों पर सीमाएं तय करना है। पेरी ने यह भी पूछा कि अगर कूटनीतिक बातचीत विफल हो जाती है और ईरान परमाणु क्षमता का प्रदर्शन करने या परीक्षण करने की धमकी देता है, तो प्रशासन की प्रतिक्रिया क्या होगी। रुबियो ने कहा कि ऐसा कदम ईरान की मंशा को लेकर पहले से मौजूद चिंताओं को सही साबित करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इससे वही साबित होगा जो हम पहले से उनके बारे में मानते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति को दूसरे विकल्पों पर विचार करना पड़ सकता है। रुबियो ने कहा, मुझे लगता है कि तब राष्ट्रपति को इस परिस्थिति में उपलब्ध दूसरे विकल्पों पर आगे बढ़ना होगा या कम से कम उन पर गंभीरता से विचार करना होगा।

## कांगो में इबोला संकट बरकरार, बेहतर जांच के बावजूद नियंत्रण से दूर हालात; डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अफ्रीकी देश कांगो में फैले इबोला वायरस के प्रकोप को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गंभीर चिंता जताई है। संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि जांच और प्रयोगशाला सुविधाओं में सुधार हुआ है, लेकिन संक्रमण को रोकने की लड़ाई में स्वास्थ्य एजेंसियां अभी भी पीछे चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इबोला का प्रकोप हमसे काफी आगे निकल चुका था और हम अभी भी उससे पीछे हैं। हालांकि अब हालात को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। कांगो के पूर्वी हिस्से में हालात और अधिक जटिल हो गए हैं। मंगलवार रात नॉर्थ किवू प्रांत के बेनी क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकी संगठन एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह हमला कांगो और युगांडा की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया गया। इससे पहले भी उग्रवादियों ने सीमा के पास कई गांवों पर हमला कर दर्जनों लोगों की जान ली थी। लगातार जारी हिंसा और असुरक्षा के कारण स्वास्थ्यकर्मियों को प्रभावित इलाकों तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मई के मध्य में घोषित इस प्रकोप के बाद अब तक कांगो में इबोला के 344 मामलों की पहचान की गई है, जिनमें 60 लोगों की मौत हो चुकी है। पड़ोसी देश युगांडा में भी संक्रमण पहुंच चुका है, जहां 15 मामलों की पुष्टि हुई है और एक व्यक्ति की जान गई है। हालांकि संदिग्ध मामलों की संख्या में कुछ कमी दर्ज की गई है, फिर भी विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक स्थिति आंकड़ों से कहीं अधिक गंभीर हो सकती है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस हाल ही में कांगो के सबसे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके लौटे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला क्षमता बढ़ाई गई है और संक्रमण की पहचान पहले की तुलना में तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि जो मैंने वहां देखा, उससे उम्मीद जरूर जगी है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बड़ी हैं। टेड्रोस ने उन देशों से भी यात्रा प्रतिबंध हटाने की अपील की है जिन्होंने इबोला के डर से कांगो से आने-जाने पर पाबंदियां लगाई हैं। उनका कहना है कि इससे मेडिकल सप्लाई और राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर सहमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद इस्राइल और लेबनान युद्धविराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि यह सहमति इस शर्त पर आधारित है कि हिजबुल्लाह पूरी तरह से गोलीबारी बंद करेगा और दक्षिणी लेबनान से अपने सभी लड़ाकों को हटाएगा। बुधवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस महत्वपूर्ण कूटनीतिक सफलता का जिक्र किया गया है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब इस्राइली सरकार की ओर से लेबनान में संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां जारी की थीं। यह मुद्दा अमेरिका और ईरान के बीच समानांतर रूप से चल रही वार्ताओं को भी प्रभावित कर सकता था। वहीं, इस समझौते के सामने आने के बाद पश्चिम एशिया की नाजुक सुरक्षा स्थिति सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है।

इससे पहले मौजूदा युद्धविराम के बावजूद इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लगातार हमले और जवाबी हमले होते रहे हैं।अमेरिकी विदेश विभाग में बुधवार को हुई गहन वार्ता लगभग नौ घंटे तक चली। इससे पहले मंगलवार को भी पूरे दिन प्रारंभिक बातचीत हुई थी। दोनों पक्षों ने सहमति जताई है कि वे 22 जून वाले सप्ताह में राजनीतिक और सुरक्षा स्तर की वार्ताओं को फिर से शुरू करेंगे, ताकि व्यापक समझौते की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। इस बीच अमेरिका दोनों



पक्षों के बीच संवाद बनाए रखने में मदद करता रहेगा।

सीमा क्षेत्र में स्थिरता लाने की दिशा में तत्काल कदम के रूप में दोनों देशों ने पायलट क्षेत्रों के गठन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। इन पायलट जोन में केवल लेबनानी सशस्त्र बलों का नियंत्रण होगा और किसी भी गैर-राज्य समूह की मौजूदगी नहीं होगी। हालांकि इन पायलट क्षेत्रों के गठन की समयसीमा तय नहीं की गई है। दीर्घकालिक क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना वार्ता का प्रमुख विषय रहा। संयुक्त बयान में कहा गया, 'इस्राइल ने दोहराया कि उसकी सुरक्षा और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान तभी सुनिश्चित हो सकता है, जब हिजबुल्ला को निरस्त्र किया जाए और पूरे लेबनान में उसके ढांचे को समाप्त किया जाए।'

वहीं लेबनान ने शांति प्रक्रिया के तहत अपनी संप्रभुता से जुड़ी अपेक्षाओं को भी स्पष्ट किया। बयान में कहा गया, 'लेबनान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के पारस्परिक सम्मान, शत्रुता की समाप्ति के पूर्ण कार्यान्वयन, क्षेत्रीय अखंडता और पूर्ण राष्ट्रीय संप्रभुता के सिद्धांतों की आवश्यकता पर जोर दिया।' इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लेबनान ने अमेरिकी सहयोग से अपनी सशस्त्र सेनाओं की क्षमता बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया, ताकि पूरे देश में प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिका ने भी लेबनानी सशस्त्र बलों को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसका उद्देश्य उनकी क्षमता बढ़ाना और पूरे लेबनानी क्षेत्र में प्रभावी संप्रभु नियंत्रण सुनिश्चित करना है। संयुक्त घोषणा में क्षेत्र में बाहरी समर्थन प्राप्त सशस्त्र समूहों के खिलाफ साझा रुख भी सामने आया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः संपादक देवन प्रसाद मो. 9212228045, 8130691216, (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, 9971557129 रंजीत राय फोन नं-011-45795464,